डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
रविवार
04.12.2022
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-50 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

एक निराशावादी इंसान हर मौके पर सिर्फ कठिनाइयों को ही देखता है, जबकि एक आशावादी इंसान हर कठिनाई में मौके देखता है।

## पलामू में तीन महीने में 63 सड़क हादसे, 49 की मौत, 33 घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सड़क दुर्घटना आम बात हो गयी है। यहां होने वाली मौत के आंकड़े चौकाने वाले हैं। पिछले अगस्त से अक्टूबर तीन महीने के दौरान जिले में 63 सड़क हादसे हुए हैं और इसमें 49 की जान चली गई है। 33 घायल हुए हैं, जिनमें से कई जीवन और मौत के बीच जूझ रहे हैं। उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में पिछले दिनों समाहरणालय के सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह स्थिति उभर कर सामने आई है। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि अगस्त से लेकर अक्टूबर तक जिले में कुल 63 सड़क दुर्घटना हुई है, जिसमें 49 लोगों की मृत्यु हुई है। वहीं 33 लोग घायल हैं। उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लायी जाये, इस पर चर्चा की। डीसी ने हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की। बताया गया कि 6 हिट एंड रन मामलों के निष्पादन हेतु बीमा कंपनी को फारवर्ड कर




दिया गया है। इसी तरह उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध ब्रेथ एनालाइजर से लगातार अभियान चलाने पर बल दिया। डीसी ने परिवहन पदाधिकारी, सदर एसडीओ को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जर्जर व बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने फर्जी फिटनेस के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की बात कही। आईरैड की समीक्षा के दौरान पोर्टल में सभी वाहन दुर्घटना का एंट्री करने पर बल दिया। मौके पर डीसी ने सभी संबंधितों को शहर व ग्रामीण इलाके में ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। वहीं उत्पाद अधीक्षक को सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात कही। मौके पर नगर आयुक्त समीरा एस, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, सदर एसडीओ राजेश शाहा, उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, लेस्लीगंज सह सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, आईरैड की प्रतिनिधि, राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा में ईंट कारोबारी की पत्नी की गोली मारकर हत्या

### घटनास्थल से पुलिस ने दो कारतूस का खोखा किया बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** चंदकोपा गांव में शनिवार की सुबह लगभग साढे दस बजे अपराधियों ने घात लगाकर महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान 40 वर्षीय उज्जवला देवी, पति प्रमोद प्रसाद उर्फ बबलू के रूप में की गयी है। घटनास्थल से पुलिस ने दो गोली का खोखा बरामद किया है। सेन्हा थाना में हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इधर, सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के दौरान मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद व सदर थानेदार पंकज शर्मा पहुंचे और हत्याकांड के सभी संदेहास्पद पहलुओं पर पड़ताल शुरू किया। मामले की जांच के लिए पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष के लोगों को बुलायी है। वारदात के दौरान महिला घर में अकेली थी। उसके दो पुत्र सौरभ और शौर्य कोचिंग करने के लिए लोहरदगा शहरी क्षेत्र गये थे। वहीं, पति प्रमोद साहू तगादा करने घर से निकला था। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारे साफ बच कर निकल गये। घटना की सूचना पर सेन्हा थाना के पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार चंदकोपा गांव पहुंचकर जांच-पड़ताल किया। मौके से दो गोली का खोखा जब्त किया गया है। दीवार पर मृतका के खून के छींटे पड़े थे। वहीं, सिर व हाथ में गोली लगने के निशान हैं। जानकारी के अनुसार महिला घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घात होने के दौरान चीख-पुकार सुन पड़ोस की महिला पहुंची थी। तब तक अज्ञात हत्यारे फरार हो गये थे। मौके पर ही महिला की मौत हो गयी। बताया गया कि मृतका के पति प्रमोद साहू ईट भट्ठा संचालक है। वह शराब तस्करी के आरोप में जेल में था और कुछ दिनों पूर्व ही जमानत पर बाहर निकला है। मामले पर पूछे जाने पर मृतका के पति प्रमोद साहू ने कहा कि उसकी कई लोगों से रंजिश चल रही है, पर पत्नी की हत्या होगी इसकी कल्पना नहीं थी। इधर, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि महिला की हत्या की सूचना पुलिस को मिली है। हत्याकांड में शामिल लोगों का अभी पता नहीं चला है। मामले की तफ्तीश की जा रही है। शीघ्र हत्याकांड में शामिल अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।





## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद व अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती दिवस के अवसर पर राजेंद्र चौक (डोरंडा) स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर तथा परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद वीर अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी मार्ग (अल्बर्ट एक्का चौक) स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के दो महान व्यक्ति को स्मरण करने का दिन है। आज देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती एवं झारखंड के आदिवासी वीर सपूत शहीद अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे महान विभूतियों के वजह से ही इतने बड़े गणतंत्र एवं लोकतांत्रिक देश में हमसभी लोग मान-सम्मान के साथ जी रहे हैं। हमें ऐसे महान विभूतियों पर गर्व है। देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती एवं झारखंड की माटी के वीर सपूत, महान योद्धा परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मैं उन्हें शत्-शत् नमन करता हूं।



## नौसेना में पहली बार 341 महिलाएं हुईं शामिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को बताया कि हमने नौसेना में पहली बार महिलाओं को शामिल किया है। अग्निवीर योजना के तहत 341 महिलाओं की नौसेना में भर्ती हुई है। अगले साल से नौसेना में महिला अधिकारियों को भी शामिल किया जायेगा। अब तक नौसेना में कुल तीन हजार अग्निवीरों को शामिल किया गया है। इस तरह अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है। नौसेना दिवस से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नौसेना चीफ ने उक्त बाते कहीं। उन्होंने बताया कि अब नौसेना की सभी ब्रांच सभी के लिए खुली रहेंगी। इसके अलावा हम 2023 में सभी शाखाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं, न कि केवल 7-8 शाखाओं में, जो आज तक सीमित हैं।

**25 साल में आत्मनिर्भर हो जायेगी नौसेना :** नौसेना चीफ ने सरकार को आश्वासन दिया है कि वह 2047 तक 'आत्मनिर्भर' हो जायेगी। उन्होंने कहा कि हम हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नजर बनाये हुए हैं। बीते एक साल में भारत-चीन के बीच बढ़े तनाव के चलते समुद्री सुरक्षा की अहमियत पर काफी महत्वपूर्ण हो गयी है।



### अमेरिका से प्रिडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत


उन्होंने बताया कि चीन पर नजर रखने के लिए भारत अमेरिका से प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की तैयारी कर रहा है। तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च कर भारत 30 एमक्यू-9बी प्रिडेटर ड्रोन खरीदेगा। बता दें कि इन्ही ड्रोन के जरिये हेलफायर मिसाइल को लॉन्च किया गया था। वहीं, अलकायदा के आतंकी अल-जवाहिरी को भी इसी ड्रोन के जरिये मारा गया था।

## पलामू के आपूर्ति विभाग में अधिकारियों का टोटा

- 21 प्रखंडों में एक मात्र मार्केटिंग ऑफिसर पदस्थापित
- 1830000 उपभोक्ताओं के बीच राशन वितरण राम भरोसे

**अजय कुमार पांडे**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के आपूर्ति विभाग में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों का पदस्थापन का आलम यह है कि 21 प्रखंडों में से एक मात्र एक ही एवं पदस्थापित हैं। 20 प्रखंडों में एमओ का पद रिक्त पड़ा है। जिसके प्रभाव में संबंधित प्रखंड के बीडीओ सीओ अतिरिक्त प्रभार में हैं। फलस्वरूप राशन वितरण का कार्य रामभरोसे चल रहा है। जन वितरण प्रणाली की दुकानों के निरीक्षण एवं राशन वितरण के कार्य का मॉनिटरिंग करने वाला कोई नहीं है। वीडियो सीओ को अपने विभागीय कार्यों के अतिरिक्त समय ही नहीं मिलता जिससे जन वितरण प्रणाली दुकानों की देख रेख एवं राशन वितरण सही ढंग से करा सकें। वहीं जिले में जन वितरण प्रणाली दुकानदार मनमानी तरीके से राशन वितरण करते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायत भी सुनने वाला कोई नहीं है। यहां की जनता दुकानदारों से ज्यादा तरस होती है। वहां की जनता शिकायत लेकर डीसी के जनता दरबार में पहुंचती है। तब दुकानदारों पर कार्रवाई होती है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी सभी रहमत सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल कुमार सिंह और एकमात्र प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रजनीकांत पांडे जिले में पदस्थापित हैं। श्री पांडे जयपुर रामगढ़ सतबरवा और डाल्टनगंज ग्रामीण में पदस्थापित हैं। वही निर्मल कुमार सिंह रेडियो छतरपुर नौडीहा बाजार और डाल्टनगंज में शहरी मेमो का कार्य देखते हैं। जिले के 23 प्रखंडों के 1830000 उपभोक्ताओं के लिए 98600 क्विंटल खाद्यान्न का उठाव किया जाता है। उक्त खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली दुकानदार मनमानी तरीके से करते हैं।



## न्यूज गैलरी

### आठ ट्रैक्टर कोयला जब्त

**गिरिडीह।** पिपराडीह में पुलिस ने गिरिडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के छापा मारकर आठ ट्रैक्टर कोयला जब्त किया है। सरिया थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा ने बताया कि एक टांड में कोयला रखे जाने की सूचना पर छापेमारी की गयी। उन्होंने बताया कि जब्त कोयला को ढुलवाने में आठ ट्रैक्टर की मदद ली गयी जिसका अनुमानित वजन 32 टन होगा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### प्रतियोगिता परीक्षा आज

**रांची।** झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, रांची द्वारा कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए (पीसीबी/पीसीएम विषय समूह) प्रतियोगिता परीक्षा-2022 पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न साढ़े 12 बजे तक तथा कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए (पीसीएमबी विषय समूह) परीक्षा-2022 पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 01:20 तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर होगी। इन परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

### स्पाइस जेट फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, 197 यात्री थे सवार

**कोच्चि (एजेंसी)।** स्पाइसजेट के विमान की कोच्चि में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। इस विमान में 197 यात्री सवार थे। मिल रही जानकारी के मुताबिक, विमान में हाइड्रोलिक खराबी के बाद उसे आनन-फानन में कोच्चि में उतारा गया। अधिकारियों के अनुसार, विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। अधिकारी ने बताया कि स्पाइसजेट की विमान संख्या एसजी-306 जो कोझिकोड़ जा रहा था।

### कोरोना मुक्त हुआ झारखंड

**रांची।** झारखंड पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को बताया कि 24 घंटों में कोरोना का एक मरीज स्वस्थ हुआ है। जबकि राज्य में कोरोना का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। हालांकि, कई जगहों पर अभी टेस्टिंग जारी है। राज्य में कुल कोरोना मरीजों की संख्या अब चार लाख 42 हजार 567 हो चुकी है। इस बीच कोरोना का पता लगाने के लिए जांच जारी है। राज्य में कुल दो करोड़, 29 लाख, 25 हजार, 373 सैंपल की जांच की गयी है। कोरोना से चार लाख 37 हजार 236 मरीज ठीक हुए हैं। हालांकि, इस दौरान पांच हजार 331 मरीजों की कोरोना से मौत हुई है। राज्य में अब तक कोरोना संक्रमण के 442567 मामले सामने आये। झारखंड में सबसे पहले कोरोना ने रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में दस्तक दी थी। मलेशिया की रहनेवाली युवती रांची लौटी थी, जो कोरोना से संक्रमित पायी गयी थी। इसके बाद राज्य में मरीजों की संख्या बढ़ती गयी थी। राज्य में टेस्टिंग पर जोर दिया गया, इलाज पर फोकस किया गया। हेल्थ विभाग ने अपनी तैयारी तेज की। कई महीने तक लॉकडाउन में लोग घरों में कैद हो गये थे।

### पीएम ने राजेंद्र प्रसाद को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत के प्रथम राष्ट्रपति राजेद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि अर्पित की।



प्रधानमंत्री ने उनकी सराहना एक ऐसे महान नेता के रूप में की, जो साहस एवं विद्वतापूर्ण उत्साह के प्रतीक थे। वर्ष 1884 में बिहार में जन्मे प्रसाद एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी थे। वह एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे जिन्होंने दो पूर्ण कार्यकाल की सेवा की। मोदी ने ट्वीट किया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी को उनकी जयंती पर याद करता हूं। एक महान नेता, जो साहस और विद्वतापूर्ण उत्साह के प्रतीक थे। वह भारत की संस्कृति से मजबूती से जुड़े थे और भारत के विकास के लिए एक भविष्यवादी दृष्टि भी रखते थे।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग का परिणाम था कोरोना, वुहान लैब से हुआ लीक : डॉ. एंड्रयू हफ

**– आरएनएम**

- वुहान लैब को अमेरिकी सरकार से भी मिला था मोटा फंड
- चीन को खतरनाक जैव प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए अमेरिकी सरकार भी है दोषी
- हफ ने वुहान लैब के साथ किया था काम

**नयी दिल्ली।** चीन के वुहान लैब के साथ मिलकर काम करनेवाले एक कर्मचारी ने कोविड वायरस की उत्पत्ति पर बड़ा खुलासा किया है। कर्मचारी ने दावा किया है कि कोविड वायरस जेनेटिकली इंजीनियर्ड था। उसने यह भी बताया कि यह वायरस वुहान लैब से ही लीक हुआ था। इकोहेल्थ एलायंस के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट डॉ. एंड्रयू हफ का दावा है कि उन्हें इतिहास की सबसे बड़ी विभीषिका में से एक और 9/11 के बाद सबसे बड़ी अमेरिकी खुफिया विफलता के बारे में बहुत कुछ पता है। उन्होंने वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी से इस वायरस के लीक होने का आरोप भी लगाया। कोरोना महामारी की शुरुआत से ही अमेरिकी प्रशासन इस वायरस के लीक होने का ठीकरा चीन पर फोड़ता रहा है। हालांकि, चीन ने हमेशा ही इन आरोपों का खंडन किया है। डॉ. एंड्रयू हफ ने अपनी किताब द ट्रुथ अबाउट वुहान में दावा किया है कि कोरोना महामारी खतरनाक जेनेटिक इंजीनियरिंग का परिणाम थी। इस लैब को अमेरिकी सरकार से भी बड़ी मात्रा में फंड मिला था। उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि इकोहेल्थ एलायंस और विदेशी प्रयोगशालाओं के पास उचित जैव सुरक्षा, बॉयो सिक्योरिटी और रिस्क मैनेजमेंट के लिए पर्याप्त नियंत्रण के उपाय नहीं थे। इसी के परिणामस्वरूप वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की लैब से इस खतरनाक वायरस का रिसाव हुआ। डॉ. हफ ने 2014 से 2016 तक इकोहेल्थ एलायंस में काम किया। 2015 में उन्हें इस कंपनी का वाइस प्रेसिडेंट बनाया गया था। वे अमेरिकी सरकार के वैज्ञानिक के तौर पर इस रिसर्च प्रोग्राम पर सीक्रेट तरीके से काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इकोहेल्थ एलायंस, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ से मिली फंडिंग के जरिये दस साल से अधिक समय से चमगादड़ों में पाये जानेवाले अलग-अलग तरह के कोरोना वायरस का अध्ययन कर रहा था। इस काम को करने के दौरान उसके और चीन के वुहान लैब के बीच काफी घनिष्ठ संबंध बन गये थे। डॉ. हफ ने दावा किया कि चीन पहले दिन से जानता था कि कोरोना वायरस जेनेटिकली इंजीनियर्ड वायरस है। उन्होंने कहा कि चीन को खतरनाक जैव प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण के लिए अमेरिकी सरकार भी दोषी है। द सन से बात करते हुए डॉक्टर हफ ने कहा कि मैंने जो देखा उससे मैं डर गया था। हमने उन्हें जैविक हथियार की तकनीक सौंप दी थी। हफ ने कहा कि किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि चीनियों ने एसएआरएस-सीओवी-2 के प्रकोप के बारे में झूठ बोला था। डॉ. हफ ने अपनी किताब में दावा किया

## जी-20 की छह बैठकें वाराणसी में प्रस्तावित

**– आरएनएम**

**वाराणसी।** जी-20 के शिखर सम्मेलन में छह बैठकें वाराणसी में प्रस्तावित होने के मद्देनजर आनेवाले मेहमानों की अगवानी के लिए शहर को नये सिरे से तैयार किया जायेगा। इसके लिये विदेश मंत्री एस. जयशंकर 11 दिसम्बर को वाराणसी दौरे पर आयेंगे और बैठक व अन्य आयोजनों के लिए स्थान का चयन कर कार्यक्रम पर फाइनल मुहर लगायेंगे। वाराणसी में राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के साथ ही राजदूतों का सम्मेलन कराये जाने की तैयारी है। इसके लिए हस्तकला संकुल, काशी विश्वनाथ धाम परिसर और बीएचयू के सभागार सहित अन्य स्थलों पर आयोजन का प्रस्ताव है। दिसम्बर 2022 से नवम्बर 2023 के बीच भारत की मेजबानी में होनेवाले जी-20 के शिखर सम्मेलन में वाराणसी में प्रस्तावित आयोजनों की रूपरेखा 11 दिसम्बर को तय कर ली जायेगी। विदेश मंत्रालय की टीम यहां होने वाली छह अलग-अलग बैठकों के लिए जगह चयन के साथ ही अतिथियों के स्वागत के लिए शहर में होनेवाले कार्यों पर चर्चा करेगी। फिलहाल प्रशासन की ओर से चयनित स्थानों का मौका मुआयना के बाद यहां के आयोजनों की प्रस्तावित तारीखों का भी ऐलान किया जा सकता है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार वाराणसी में सितम्बर महीने में राष्ट्राध्यक्षों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जा सकता है। इसके अलावा राजदूतों की बैठक भी यहां कराने की योजना है। मालूम हो कि ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। इस बारे में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा का कहना है कि विदेश मंत्री के काशी आगमन की सूचना आयी है। वे जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की तैयारियों को जानने के साथ ही आयोजन स्थलों का दौरा भी कर सकते हैं। जी-20 की छह बैठकें वाराणसी में प्रस्तावित हैं।

## न्यूज गैलरी

### विधवा व वृद्धा पेंशन पर की गई कार्रवाई

**सतबरवा।** राष्ट्रीय नवीन मेल में खबर छपने व समाजसेवी अतुल कुमार के ट्वीटर करने पर शनिवार को रेवारातू पंचायत के पेंशन से वंचित 6 लोगों का पेंशन चालु हुआ। ज्ञात हो कि रेवारातू पंचायत के दर्जनों लोगों को विधवा, वृद्धा पेंशन का लाभ नहीं मिला था। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से शनिवार को खबर छापी थी। साथ ही समाजसेवी अतुल कुमार ने ट्विटर के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो तथा पलामू डीसी को जानकारी दी थी। जानकारी के आलोक में शनिवार को उपायुक्त पलामू ने ट्विटर के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि 6 लोगों का पेंशन चालु कर दिया गया है, जबकि 2 लोगों का पेंशन पूर्व में चालु हो चुका है तथा दो अन्य लोगों का उम्र नहीं होंने के कारण पेंशन चालु नहीं हो सका। समाजसेवी अतुल कुमार ने उपायुक्त पलामू को तत्काल इस पर संज्ञान लेकर पेंशन स्वीकृत करने पर उन्हें तहे दिल से धन्यवाद दिया है।

### फुटबॉल मैच में पाटन की टीम एक गोल से विजयी

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम किशनपुर में विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का नौवां दिन का खेल पाटन प्रखंड बनाम पड़वा प्रखंड के बीच खेला गया, जिसमें पाटन प्रखंड की टीम एक गोल से विजयी रही। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में किशुनपुर मंडल बीजेपी अध्यक्ष आदरणीय संतोष पाण्डेय तथा उद्घाटनकर्ता के रूप में किशुनपुर मंडल युवाध्यक्ष श्रीकांत तिवारी उपस्थित रहे 'तथा मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के खिलाड़ी को किशुनपुर टीम के पूर्व फुटबॉल , खिलाड़ी सुशील सिंह के द्वारा प्रदान किया गया। तथा लोईगा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति मकबूल अंसारी के द्वारा 200 रू का घोषित इनाम विजेता टीम के खिलाड़ी को लेस्लीगंज प्रखंड के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी इदरीश अंसारी के द्वारा प्रदान किया गया। आज के मैच का माइक संचालन तथा आंखो देखा हाल जघांसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाज सेवी आदरणीय अविनाश कुमार सिंह उर्फ मुकेश सिंह जी के द्वारा अपने मधुर वाणी से दर्शकों तक पहुंचाया गया। कल 04 तारीख का मैच लातेहार प्रखंड बनाम मनिका प्रखंड के बीच खेला जायेगा। इस विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट के संरक्षक सह निवेदक पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार है।

### राजद नेता ने बीज वितरण में अनियमितता का लगाया आरोप

**हरिहरगंज।** राजद के वरिष्ठ नेता कमलेश कुमार यादव ने शनिवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर सहकारिता विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये गेहूं बीज वितरण में अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बीज के वितरण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। उनके नेतृत्व में दर्जन भर ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए बताया कि राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीच उत्पादन विनयम वितरण फसल विस्तार योजना अंतर्गत हरिहरगंज नोडल पैक्स को 250 क्विंटल गेहूं का बीज 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया गया था। लेकिन किसानों तक बीज नहीं पहुंच रही है। प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर किसान इस लाभ से वंचित रह गये हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से बीज वितरण नहीं किया गया तो इसे लेकर आंदोलन की जायेगी। पूछे जाने पर हरिहरगंज नोडल पैक्स के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हरिहरगंज नोडल पैक्स को हरिहरगंज प्रखंड के अलावे पिपरा, छतरपुर, नौडीहा प्रखंड के लिए गेहूं का बीज 250 क्विटल उपलब्ध कराया गया था। जिसमे हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत खाप कटैया पैक्स को 60 बैग, अररूआ खुर्द पैक्स को 50 बैग, सेमरवार को 60 बैग, बासो पैक्स को 60 बैग उपलब्ध कराया गया। जहां से किसान गेहूं का बीज ले सकते हैं। सरकार से और अधिक गेहूं के बीज उपलब्ध कराने की मांग की गयी है। गेहूं के बीज प्राप्त होते ही शेष जगह पर गेहूं बीज का वितरण किया जायेगा। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि ओटीपी के माध्यम से किसानों के बीच बीज का वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर अवधेश राम, अखिलेश गुप्ता, नीरज सिंह सहित कई किसान मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट हैदरनगर में शुरू

**हैदरनगर।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट हैदरनगर+2 हाईस्कूल के मैदान में शनिवार से शुरू कराया गया है। इस तीन दिनी खेल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने मैदान में गेंद को किक मारकर किया। इस टूर्नामेंट से युवक वर्ग व खेलप्रेमियों में उत्साह व ऊर्जा का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट होने से युवाओं में जोश व नई उमंग है। वहीं बभंडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट होने से युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उद्घाटन मैच परता बनाम बरडंडा पंचायत की टीम के साथ खेला गया, जिसमें परता ने एक गोल से जीत दर्ज की। पहले दिन खेले मैच में हैदरनगर पश्चिमी बनाम इमामनगर बरेवा की टीम के बीच बरेवा की टीम एकतरफा चार गोल से जीती। हैदरनगर पूर्वी के टीम के भाग नही लेने से कुकही टीम को वाक ओवर दिया गया। समाचार भेजे जाने तक बिलासपुर और इममनगर बरेवा के क्वार्टर फाइनल का मैच जारी था। रविवार को मोकहर कला और संड़ेया, परता बनाम चौकड़ी, खरगाड़ा बनाम कुकही के बीच होगी। रविवार को पहला सेमी फाइनल मैच भी खेला जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान, सुदर्शन पासवान, असरफ खान, राजू खान , रेफरी मैन धीरेंद्र बैठा व राशिद जिया आदि उपस्थित रहे।

### आठ दिसंबर तक भाकपा माओवादी मनाएंगे पीएलजीए सप्ताह

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक पीएलजीए सप्ताह मना रहा है। इस दौरान माओवादियों ने पलामू के कई हिस्सों में पोस्टरबाजी की है। भाकपा माओवादियों का पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) एक अंग है, जो फौजी कार्रवाई को अंजाम देता है। पीएलजीए ही माओवादियों के लिए हिंसक घटनाओं को अंजाम देता है। हालांकि, झारखंड और बिहार के इलाके में माओवादियों का पीएलजीए काफी कमजोर हो गया है। पीएलजीए के लड़ाकों की संख्या हजारों से दर्जनों में सिमट गई है। माओवादियों के पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गुरिल्ला आर्मी ने ही लैंडमाइंस, रॉकेट लॉन्चर समेत कई हथियार को विकसित किया था। माओवादियों ने 2 दिसंबर 2002 को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का गठन किया था। यह पीपुल्स वार ग्रुप बना था। इसी दौरान माओवादियों के तीन सेंट्रल कमिटी सदस्य श्याम, मुरली और महेश मारे गए थे। 2004 में पीपुल्स वार ग्रुप और माओइस्ट कम्युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (टउउक) का विलय हो गया। दोनों के विलय से कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओइस्ट) बनी। इसके बाद पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का नामाकरण पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गुरिल्ला आर्मी किया गया।

# खुद बीमार है पशु अस्पताल कैसे हो पशुधन का इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल किसी से छिपा नहीं है। वही कृषि ,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से संचालित पशु अस्पताल भी बुनियादी सुविधिाओं से जूझ रहा हैं। पशु अस्पताल एक तरह से बेमानी साबित हो रहे हैं। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय के पीछे चरवाहा विद्यालय परिसर स्थित प्रथमवर्गीय सह मॉडल पशु चिकित्सालय का भी बुरा हाल है। इस अस्पताल में आने वाले पशु पालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां कार्यरत कर्मचारियों को भी परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। पशु चिकित्सा केंद्र का जर्जर भवन दुर्घटनाओं को भी आमंत्रित कर रहा है। जर्जर भवन में भी शौचालय, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं होने के कारण पशु अस्पताल हाथी दांत साबित हो रहा है। अस्पताल में पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। यहां आने वाले पशुओं को पानी मिलना तो दूर, कार्यरत कर्मचारी भी प्यास बुझाने के लिए घर से बोतल में पानी लाते हैं। सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए एक से बढ़कर एक घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करते हैं। दवा की कमी और अधूरी व्यवस्था के बीच डॉक्टर एवं कर्मचारी काम करते हैं।अस्पताल में समुचित सुविधा नहीं मिलने के कारण पशुपालक प्राइवेट पशु चिकित्सकों का सहारा ले रहे हैं। पशु अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक मोहम्मद शाहिद इकबाल ने बताया कि चरवाहा विद्यालय परिसर में बने इस पशु अस्पताल में भवन व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को देखते हुए विभाग को जानकारी दिया गया है। वही स्थानीय लोगों ने भी कई बार अधिकारियो से गुहार लगाई, लकिन अब तक इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। यदि गंभीरता से पहल की गई होती तो इस अस्पताल की सूरत कुछ और होती। ग्रामीण कहते हैं यदि भवन, दवा, पानी आदि की समस्या दूर कर दी जाए, तो बहुत हद तक यह अस्पताल उपयोगी साबित होने लगेगा।

## क्या कहना है विधायक का

इस संबंध में स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा कि पशु अस्पताल के सुविधा विस्तार के लिए विभाग को अवगत कराकर पशु पालकों को मॉडल अस्पताल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय पशु चिकित्सक के द्वारा भी इस मामले में उन्हें जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। वैसे इसे गंभीरता से लेकर उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

## बिजली की अनियमितता आपूर्ति से छात्रों व विद्युत उपभोक्ता परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति से छात्रों और विद्युत उपभोक्ता काफी परेशान है। विगत एक माह से क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश है। अनुमंडल क्षेत्र में लगातार लगभग तीन- चार घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। साथ ही पढ़ने के समय शाम को बिजली गायब रहती है। एक ओर रबी फसल के लिए पटवन भी जरूरी है। जपला पचंबा ग्रीड से मिली जानकारी के अनुसार स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर रांची द्वारा पचंबा ग्रिड को 10 मेगावाट बिजली सप्लाई देने का निर्देश दिया गया है। जबकि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति के लिए 30 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है। वहीं सबसे दिलचस्प बात यह है कि अनुमंडल क्षेत्र में सुचारू रूप से बिजली सप्लाई देने के लिए पचंबा ग्रिड में पर्याप्त बिजली भी उपलब्ध है। लेकिन एसएलडीसी के निर्देश के कारण हुसैनाबाद अनुमंडल वासियों को क्रमवार बिजली आपूर्ति की जा रही है। जिसके कारण निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। छात्रों ने शाम को बिजली कटौती नहीं करने की मांग विद्युत विभाग से की है।

## विद्यालय में मनी डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय शहर के मध्य विद्यालय परिसर में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य यूपी सिंह ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्मस्थली बिहार के छपरा संप्रति सीवान जिले के जीरादेई गांव था। वे कुशाग्र बुद्धि के थे। विद्यार्थी जीवन में सदैव प्रथम स्थान ग्रहण किये हैं। आजादी की लड़ाई में भी बढ़-चढ़कर भाग लिये थे। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष भी आजादी के पहले रहे थे। संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किये हैं। 26 जनवरी 1950 से 14 मई 1962 तक राष्ट्रपति रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके बताये गये सिद्धांतों पर चलकर ही, उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर वरीय शिक्षक कन्हैया प्रसाद, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, जीएस चौबे, राजेश सिंहा, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी व रश्मि प्रकाश थीं। बाल संसद के मंत्री गण भी श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों से उनके जीवनी संबंधित दस दस प्रश्न पूछे गये। लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों ने सही जवाब दिये। सामान्य ज्ञान आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया।

## बिना चिकित्सा उपकरण व बिजली के नये सीएचसी अस्पताल का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन ने नवनिर्मित सीएचसी भवन का ग्रामीणों के साथ निरीक्षण कर कई खामियों को उजागर किया। अम्बा गांव के समीप करीब 16.50 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 30 बेड वाले सीएचसी भवन का निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता ने भवन निर्माण में कई अनियमितता पायी। उन्होंने कहा कि हालांकि भवन का उद्घाटन हो गया लेकिन नये अस्पताल में वर्तमान में न तो चिकित्सा उपकरण हैं, और न ही बिजली की व्यवस्था है। बिल्डिंग के छत पर 56 सोलर प्लेट के बजाय 52 सोलर ही लगाये गये हैं। भाजयुमो नेता ने कहा कि अस्पताल में लिफ्ट का निर्माण तो नहीं कराया गया है, परन्तु उक्त स्थल पर लिफ्ट का बोर्ड जरूर लगा दिया गया है। वहीं दोनों तलों के कई कमरों में बिजली वायरिंग, होल्डर बल्ब, पंखा भी नहीं लगाये गये हैं। कमरों में नल पर लगाये गये बेसिन का सही लेवलिंग नहीं पाई गयी। जिसके इस्तेमाल करने पर बेसिन में पानी का जमाव होने की बात कही गयी। कई वार्डों में स्थित शौचालय के दीवार का प्लास्टर पेंटिंग भी नहीं कराया गया है। इस दौरान मौजूद लोगों ने भाजपा नेता को कई जानकारियों से अवगत कराया। उन्होंने अस्पताल में बिजली पहुंचाने, एक्सरे मशीन लगाने, और योग्य चिकित्सक की नियुक्ति की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग किस वजह से जल्दबाजी में हैंडओवर किया, यह गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि नये सीएचसी भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही कहा कि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर राजेश रंजन मिश्रा, मनोज मेहता, दिनेश कुमार, गोपाल प्रसाद, विजय प्रजापति, शुभम कुमार, शंभू यादव, लालमोहन यादव, अजित कुमार, गोलू सिंह, संजीत कुमार सहित कई लोग मौजूद थें।

## प्रेम प्रसंग में नाबालिक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू में प्रेम प्रसंग में एक नाबालिग लड़की की हत्या हो गई। लड़की की मां की बाते माने तो आरोपी युवक ने नाबालिग की हत्या करने के बाद उसे फांसी से लटका दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी मां को भी युवक ने पिटाई किया और मौके से भाग निकला। घटना पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सगालीम पंचायत क्षेत्र का है। घटना की सूचना पुलिस को विलंब से मिलने के कारण पुलिस शाम को घटना स्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के मां ने बताया कि उनके पति पंजाब के लुधियाना में मजदूरी करने गये हैं। घर पर एक बेटी, एक छोटा बेटा के साथ रहते हैं। बताया कि शुक्रवार की रात सगालीम गांव स्थित तेली टोला के अखिलेश साव के पुत्र अमित कुमार साव देर रात घर में जबरन घुस गया और उसके नाबालिग लड़की के साथ जबरन अवैध संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। जब नाबालिग लड़की इसका विरोध किया तो युवक अमित कुमार साव उसके साथ मारपीट करने लगा। यही नहीं युवक अमित कुमार साव नाबालिग लड़की के छोटे भाई को भी लपड़ - थप्पड़ किया। नाबालिग लड़की की मां का आरोप है कि अमित कुमार साव उसके बेटी को हत्या कर शव को फांसी से लटका दिया। ताकि घटना को आत्महत्या का रूप दिया जाये। नाबालिग लड़की के मां ने आरोप लगाया है कि वह पहले भी युवक अमित उनके घर में घुसकर नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाने का कोशिश किया था। उस वक्त ग्रामीणों की बैठक हुई थी और मामले को पुलिस ने समझौता करते हुए उसे सुधरने की चेतावनी देकर उसे छोड़ दिया था। वहीं शुक्रवार की रात मृतिका के घर में कोई पुरुष नहीं होने का लाभ उठाकर अमित कुमार साव जबरन घुस गया और लड़की के साथ जबरदस्ती करने लगा। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि उन्हें काफी विलंब से घटना की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद तत्काल पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया। जांच के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

## बिहरा विद्यालय में बच्चों का आहार डकार रहे विद्यालय के सचिव, विभाग मौन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** इन दिनों पांकी प्रखंड के अतिउग्रवाद क्षेत्र होटाई व रतनपुर पंचायत के अधिकतर विद्यालय को प्रधानाध्यापक मनमानी ढंग से संचालित करते नजर आ रहे हैं इसको देखने वाला कोई नहीं है इससे न अधिकारी को मतलब है नहीं कोई समाज सेवी बोलने वाला । जब शनिवार को एक पत्रकार के टीम ने होटाई व रतनपुर पंचायत के अधिकतर विद्यालय में निरीक्षण किया गया तो पत्रकारों की टीम ने पाया कि कुछ विद्यालय में प्रधानाध्यापक द्वारा मनमाने तरीके से स्कूल का संचालन किया जाता है। बता दें कि राजकीय मध्य विद्यालय भवरदह में पाया गया कि अभी तक न विद्यालय का रंगा रोंगन हुआ है न ही बच्चो के बीच अभी तक ड्रेस का वितरण किया गया है जब इस संबंध मैं विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद से पूछा गया की ड्रेस वितरण और विद्यालय की रंगा रोंगन क्यों नहीं कराए। इस पर उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष कहीं बाहर कमाने चली गई है उसके बिना पैसा का निकासी नहीं होता है ऐसे में कैसे रंगा रोंगन किया जाएगा उसके आने के बाद विद्यालय को मरोमती कर रंगा रोंगन करा दिया जाएगा जबकि पैसा निकासी करने में अध्यक्ष के रहते हुए उपाध्यक्ष का कोई भूमिका नहीं होती है। एक तरह से प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद उपाध्यक्ष पर बात टालमटोल कर रहे हैं। उसके अलावे होटाई विद्यालय के बात करें तो मरोमती कराए बिना ही रंगा रोंगन किया गया है और देखा गया की दो बजे ही विद्यालय बंद कर दिया गया था। वहीं हम बात करें रतनपुर पंचायत के विद्यालयों का तो वह भी होटाई पंचायत के विद्यालयों से कम नहीं है ।जैसे की हम बात करे रतनपुर पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिहरा में गए तो वहां पर पाया गया की बच्चों का आहार ही छीना जा रहा है वहां पर 2:20 बजे तक रसोई रूम बंद पाया गया साथ ही साथ अभी तक न ही विद्यालय का मरोमती हुआ है न ही रंगा रोंगन हुई है वहां पर स्कूल सचिव मनोज राम के आलावे एक सहयोगी शिक्षक गोल पाए गए। विद्यालय में पूरा गंदगी पाया गया। बच्चो ने बताया कि अभी तक करोना काल के एमडीएम का 34 दिन का पैसा वितरण नहीं किया गया है। बच्चो ने यह भी बताया कि मनोज सर कभी कभार विद्यालय आते हैं। जब इस संबंध में उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कुछ कारनवश हम विद्यालय नहीं आ सके मध्यान भोजन अभी रसोईया को भेजकर बनवा रहे हैं और करोना काल के एमडीएम का कुछ पैसा वितरण नहीं किए है उसे जल्द वितरण कर देंगे। वहीं रतनपुर पंचायत के ही उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुसहा जीरो में पाया गया की 1:30 बजे ही विद्यालय बंद कर दिया गया था। इस सम्बंध में जब विद्यालय के सचिव से बात करना चाहे पर संपर्क नहीं हो पाया।


## कार्यालय:- जिला परिषद, लातेहार

**पशु मेला की बन्दोबस्ती वर्ष 2022–23**

**सूचना**

| क्र0 | प्रखण्ड | निलामी हेतु सैरात का नाम | निलामी में भाग लेने हेतु जमानत की राशि | निलामी की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | हेरहंज | पशु मेला (पौष पूर्णिमा) | 21000.00 | 08/12/2022 | 11:00 AM |

नोट :–

1. उक्त तिथि को डाक सम्पन्न नहीं होने पर **दिनांक 10/12/2022** को पूर्वाहन् **11:00 बजे** तथा यदि इस तिथि को भी डाक सम्पन्न नहीं हुआ तो पुनः **दिनांक 12/12/2022** को पूर्वाहन् **11:00 बजे** बन्दोबस्ती की जाएगी।
2. निलामी की नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। तथा NIC Latehar के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।
3. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र/पहचान पत्र/आधार कार्ड की छायाप्रति (कोई एक) जमा करना अनिवार्य होगा। आवश्यकतानुसार मांगे जाने पर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार।

PR.NO.284126 Rural Development(22-23):D



## झारखण्ड सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## मुख्य अभियंता का कार्यालय
## 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–अल्पकालीन निविदा संख्या:- 144/2022-23/RWD/GARHWA दिनांक :- 02.12.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ GARHWA/ 20/2022-23 | तिलदाग पी0डब्लू0डी0 चौक से तिलदाग, गिजना, खोन्हर होते हुए कितासोती मुख्य नहर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 7.550 कि0मी0) | 4,94,66,400.00 | चार करोड़ चौरानवे लाख छियासठ हजार चार सौ रू0 मात्र | 25 मार्च 2023 |
| 2. | RWD/ GARHWA/ 21/2022-23 | पी0डब्लू0डी0 पथ तिलदाग कर्बलाह से परिहारा दुर्गा मंदिर होते हुए बर टोला मुख्य नहर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4.500 कि0मी0) | 3,60,51,600.00 | तीन करोड साठ लाख एकावन हजार छः सौ रू0 मात्र | 25 मार्च 2023 |
| 3. | RWD/ GARHWA/ 22/2022-23 | परसाहा आर0ई0ओ0 रोड के रवाना टोला शिवस्थान से लखना आर0ई0ओ0 रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 3.700 कि0मी0) | 3,16,91,600.00 | तीन करोड़ सोलह लाख एकानवे हजार छः सौ रू0 मात्र | 25 मार्च 2023 |
| 4. | RWD/ GARHWA/ 23/2022-23 | फरठिया आर0ई0ओ0 रोड सहंगु राम के घर से हनुमान मंदिर खजुरी सीमाना होते हुए चूना फैक्ट्री तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य (लं– 4. 300 कि0मी0) | 3,25,35,700.00 | तीन करोड़ पच्चीस लाख पैंतीस हजार सात सौ रू0 मात्र | 25 मार्च 2023 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **09.12.2022**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **19.12.2022** अपराहन 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **गढ़वा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **20.12.2022** पूर्वाहन 10.00 बजे से अपराहन 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **21.12.2022** पूर्वाहन 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **गढ़वा** के पक्ष में एवं **गढ़वा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 284122 Rural Work Department(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### सदर अस्पताल में घायल व्यक्ति से मिली कांग्रेस बीस सूत्री उपाध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** पलामू कांग्रेस बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना मिला की एक व्यक्ति ट्रेन से कटकर घायल है। जिसका कोई नहीं है। और वह सदर अस्पताल में भर्ती है। इसकी जानकारी मिलने पर विमला कुमारी शनिवार को मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंची। अस्पताल में उन्होंने ट्रेन की चपेट में आकर घायल व्यक्ति से मिलकर व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। विमला कुमारी ने घायल व्यक्ति को जरूरत से संबंधित वस्तु देकर अस्पताल कर्मियों से मरीज की अच्छे से देखरेख करने को कहा। मालूम हो कि 2 दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति शहर के साहित्य समाज चौक के पास बिना कपड़ा के इधर-उधर घूम रहा था और वह जख्मी हालत में था। इसकी सूचना पाकर शहर थाना की पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां इलाज के बाद व्यक्ति की स्वास्थ में कुछ सुधार हुआ है। इसकी घायल होने की सूचना मिलने पर अन्य समाजसेवियों के द्वारा भी इसकी देखरेख की जा रही है।

### केंद्र सरकार की गलत नीतियों से आम लोग परेशान : कांग्रेस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा नावा प्रखंड के इटको पंचायत एवम खोड़ी पंजायत में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक के नेतृत्व मे निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नावा प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत खोड़ी पंचायत से होते हुए इटको पंचायत तक किया गया। लोगों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे व्यापार की कमर तोड़ कर रख दी है। बड़े सेक्टर दो तीन उद्योगपतियों का रोजगार दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज नौजवान देश में बेरोजगार बनकर बैठे हुए हैं। महंगाई के कारण देश के हर वर्ग परेशान हैं। पलामू जिला के सभी पंचायत वार्ड गांव बूथ तक भारत जोड़ो यात्रा प्रवेश करेगी और राहुल जी के संदेशों को जन जन तक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता पहुंचाएंगे। मौके पर जिला वरीय उपाध्यक्ष संतोष चौबे, शमीम अहमद राइन, प्रखंड सह प्रभारी छोटू सिंह, मिस्टर अंसारी, अजय यादव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गुलाम नबी, फिदा अंसारी, निजाम अंसारी, विपिन यादव, अर्जुन यादव, जमुना साव, जैनुल अंसारी, अमीर जुबेर खान, जुनेद खान, सुबोध खान, कुनिल पासवान तपेश्वर चौधरी, जहांगीर अंसारी, मौजूद रहे।

### भाकपा व राजद ने किया केंद्रीय कारा के व्यवस्था पर सवाल



**मेदिनीनगर।** भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी व राजद नेता धीरेंद्र सिंह ने केंद्रीय कारा का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जेल गेट के सामने बैठे कैदियों के परिजनों से बातचीत किया। जिसमें पाया कि केंद्रीय कारा में हजारों विचाराधीन एवं सजावार कैदी बंद है। उनसे मिलने के लिए प्रतिदिन उनके संबंधियों एवं परिजनों का ताता लगा रहता है। लेकिन उनके बैठने के लिए प्रतीक्षालय, पीने का पानी और शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है। आपातकालीन स्थिति में भी अगर किसी को शौच या कोई अन्य परेशानी हो जाए तो इसके लिए भी जाने का कोई व्यवस्था नहीं है। जबकि कैदियों के परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है चाहे बरसात हो या जाड़ा का महीना हो या गर्मी का महीना हो उनके बैठने के लिए एक सेड की भी व्यवस्था नहीं है। सड़क के किनारे लोग खड़े रहते हैं जिससे कभी भी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ रहता है लेकिन इस ओर जेल सुपरिटेंडेंट का कोई ध्यान नहीं है। जेल सुपरीटेंडेंट कैदी से मिलने वाले परिजनों ने के लिए प्रतीक्षालय, शुद्ध पानी की व्यवस्था, एवं शौचालय की व्यवस्था यथा शीघ्र कराएं।

### महिला ने पति पर कराया है एफआईआर

**मेदिनीनगर।** हैदराबाद की महिला ने अपने प्रेमी पति के खिलाफ पलामू जिले के पाटन थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है । महिला एक बच्चे की मां है और पुनः गर्भवती भी है। महिला ने प्रेमी पति पर प्रेम प्रसंग में उससे शादी करने के बाद दोबारा गांव आकर शादी कर लेने का आरोप लगाया है। मामला सामने आने के बाद पाटन पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि पहली पत्नी के द्वारा लड़के वह परिजन पर एफआईआर की गई है। मामले में जांच की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी।बताते चले कि पाटन थाना क्षेत्र के गंगतुआ गांव के रहने वाले दिलीप पांडे हैदराबाद में रहकर नौकरी करते हुए वहां की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था । लड़की का दावा है कि दोनों से 5 साल की एक बच्ची है और वह पुनः गर्भवती भी है । इसी बीच दिलीप पांडे अपने गांव आकर परिजनों को बिना बताए दूसरी शादी कर ली है। उसकी शादी चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा में हुई है। दो साल पहले दिलीप पांडे की शादी पूर्वडीहा में हुई है । दूसरी शादी की जानकारी मिलने पर पहली पत्नी 2 दिन पहले लड़के के घर आकर साथ रहना चाहती थी, लेकिन मामला उजागर होने के बाद दिलीप पांडे मौके से फरार हो गया। इधर सूचना मिलने पर दिलीप पांडे की दूसरी पत्नी भी अपने ससुराल पहुंच गई है। दो महिलाओं से शादी का मामला इन दिनों गांव में काफी चर्चा में है। पहली पत्नी जहां दिलीप पांडे पर अपना पहला दावा करती है। वहीं दूसरी पत्नी जानकारी के बाद असमंजस में पड़ गई है। परिजनों का भी बुरा हाल है।

### हेमंत सोरेन के आगमन को लेकर जेएमएम ने की बैठक

# मुख्यमंत्री का पलामू में आगमन होना गर्व की बात है : जिलाध्यक्ष




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री खतियान जोहार यात्रा के तहत 9 दिसंबर को पलामू आने वाले हैं। इसकी तैयारी को लेकर झामुमो के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसका संचालन सचिव सन्नु सिद्धिकी ने किया। राजेंद्र सिन्हा ने कहा मुख्यमंत्री का पलामू में आगमन होना पूरे पलामू के लोगों के लिए गर्व का बात है। उनके स्वागत में झामुमो के सभी नेता कार्यकर्ता मजबूती के साथ लगे हैं। मुख्यमंत्री ने जो कहा है वो किया है। सरकार ने जो भी वादे किए थे वो सभी पूरे किए गए हैं। एतिहासिक जनकल्याणकारी फैसलों की वजह से आज झारखंड और पलामू में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता बहुत ज्यादा है। 1932 लागू करना हो या फिर पुरानी पेंशन सभी फैसलों ने जनता की दिल में मुख्यमंत्री का जगह बनाया है। उन्होंने भी लोग को शिवाजी मैदान आने का अपील किया है। वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी ने कहा हमारे सभी मजबूत प्रखंड अध्यक्ष और पचायतों के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। केंद्रीय समिति सदस्य मनोज गुप्ता ने कहा झामुमो के सभी कार्यकर्ता नेता बहुत ही मजबूती के साथ अपने मुख्यमंत्री के स्वागत में लगे हैं। इस कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, गोपाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष बालकिशन उरांव, असफर रब्बानी, कमाल खान, झामुमो नेता अविनाश देव, दीपक तिवारी सन्नी शुक्ला, बबलू शाहनवाज आशुतोष विनायक परवेज अख्तर, अनुराग प्रताप सिंह, शाहबाज आलम, देवानंद भारद्वाज, महिला नेत्री कौसर आरा, सुशीला मिश्रा रजिया नियाजी और झामुमो के नेता दीपू चौरसिया, रंजीत सिंह, संजय तिवारी, प्रभात कुमार तिवारी मनव्वर जमा खान, श्रवण गुप्ता, कमरुद्दीन अंसारी, अमित कुमार सिंह, राजेंद्र सोनी, अमित कुमार प्रसाद, सुनील सिंह, कामेश पांडे, इमामुल हक रंजन कुमार जितेंद्र सिन्हा, कृष्णा ठाकुर बसंत सिंह चेरो नीतीश सिंह चेरो अलीशेर सोनामती देवी सहित झामुमो के सैकड़ों नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पलामू जिला फुटबॉल टीम की घोषणा आज होगी गढ़वा जिला से भिड़ंत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंटर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट पहला मैच आज पलामू जिला एवं गढ़वा जिला के बीच दोपहर 2 बजे से पलामू जिला स्कूल के मैदान में खेला जायेगा। पलामू जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव महेश तिवारी ने कहा कि कल आयोजित मैच के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। ज्ञात हो कि पलामू एवं गढ़वा जिला फुटबॉल टीम में से जो भी विजेता टीम होगी। वह 5 दिसंबर दिन सोमवार को धनबाद फुटबॉल टीम से जिला स्कूल के मैदान में दोपहर 2 बजे से खेलेगी। पलामू जिला फुटबॉल टीम के कोच अजय अग्रवाल को बनाया गया। जबकि टीम मैनेजर के रूप में नंद किशोर भारती होंगे। टीम मैनेजर एनके भारती ने अट्ठारह सदस्यीय टीम की घोषणा की। जिसमें संतोष कुमार को कप्तान एवं हिमांशु तिवारी एवं शुभम कुमार को गोलकीपर बनाया गया। अन्य खिलाड़ियों की सूची में दीप रंजन, आनंद कुमार, पंकज कुमार सिंह, बलराम, मुकेश सिंह, सिकंदर कच्छप, संजीत उरांव, ललन कुमार, प्रेम प्रकाश उरांव, विकास उरांव, धीरेंद्र लाकड़ा,जय मंगल सिंह, लालेंद्र सिंह, अनूप कुमार, जितेंद्र सहित कुल 18 खिलाड़ियों को शामिल किया गया। मौके पर सचिव महेश तिवारी, विपिन सिन्हा, मोहम्मद फरीद, राजेश कुमार तथा प्रसनजीत दास गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

## विहंगम योग संस्थान की जिलास्तरीय बैठक 11 को

**मेदिनीनगार।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान की पलामू जिला स्तरीय बैठक 11 दिसंबर को आहूत किया गया है। यह जानकारी संस्थान के पलामू जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने दीद्ध। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि पलामू जिला के रेहला स्थित सुभाष कौशिक के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू होगा। संयोजक श्री सिंह ने बताया कि बैठक में आश्रम से जुड़े सेवा कार्य का समीक्षा किया जायेगा।

## संत मरियम स्कूल में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के संत मरियम स्कूल के छात्रावास प्रांगण में शनिवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। स्कूल के चेयरमैन ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर सभी बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज ऐसे व्यक्ति की जयंती है, जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्र जीवन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ राजेंद्र प्रसाद सभी परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक हासिल करते थे। कॉलेज के दिनों में गांधीजी के आव्हान पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और कई बार जेल भी गये। अपनी बेहतरीन कर्तव्य परायणता और इमानदारी पूर्वक काम करते हुए उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष का दायित्व का निर्वहन किया। ओजस्वी वक्ता युगदृष्टा और दूरदर्शी सोच के कारण इन्हें गणतंत्र भारत का प्रथम राष्ट्रपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ। सन 1950 से 1962 तक भारत के राष्ट्रपति के पद को सुशोभित किया तत्पश्चात सन 1962 में अवकाश प्राप्त करने पर राष्ट्र ने उन्हें भारत रत?न की सर्वश्रेष्ठ उपाधि से सम्मानित किया। यह उस भूमिपुत्र के लिये कृतज्ञता का प्रतीक था जिसने अपनी आत्मा की आवाज सुनकर आधी शताब्दी तक अपनी मातृभूमि की सेवा की थी।मौके पर सुधांशु दुबे, गौरव तिवारी, जेपी सर, अर्जुन अग्रवाल , इकरार सर समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## ऑक्सिजन प्लांट में चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल के ऑक्सिजन प्लांट में एक बार फिर चोरी का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस ने सूचना मिलने के 12 घंटे के भीतर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। चोर की पहचान कुंड मुहल्ला निवासी पिता स्व. राजबली राम का पुत्र राजा कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में ऑक्सिजन प्लांट लगाने वाली कंपनी इनफो टेक के मैनेजर विकास तिवारी ने शुक्रवार को शहर थाना में चोरी हो जाने से संबंधित आवेदन दिया था। जिसमें उन्होंने यह कहा था कि ऑक्सिजन प्लांट की पाइप चोरी कर ली गई है। इस पर टीओपी वन प्रभारी रेवाशंकर राणा ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर चोरी गये सामान और चोर को बरामद कर लिया। टीओपी वन प्रभारी ने बताया कि चोरी गये सामान कुंड मुहल्ला डा. जीपी सिंह की क्लिनीक के सामने स्थित चोर के घर से बरामद किया गया। मौके से चोर राजा कुमार को गिरफ्तार किया गया। चोरी गए सामान करीब 50 हजार रूपए के थे।

## बड़ों की आज्ञा का उलंघन नहीं करना चाहिए : हेमलता शास्त्री



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के शनिवार को तृतीय दिवस के मौके पर श्री धाम वृंदावन मथुरा से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुख से सभी भक्तों ने आनंद प्राप्त किया। उन्होंने सती चरित्र की कथा के माध्यम से समझाया की अपने से बड़ों की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए। मां सती ने अपने पति की आज्ञा का उल्लंघन किया। मना करने पर भी अपने पिता के यहां गई तो अपने शरीर को त्यागना पड़ा अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। इसीलिए जब भी हमें कोई हमारे बड़े वृद्ध हमको अगर मना करते हैं किसी कार्य के लिए तो वह कार्य हमको नहीं करना चाहिए। उन्होंने माताओं को सती की कथा से अनेकानेक उदाहरण के साथ ध्रुव चरित्र समझाया की भक्ति के लिए कोई उम्र नहीं होती। बाल अवस्था में ही ध्रुव जी महाराज ने भगवत प्राप्ति की ऐसे ही हमारे भागवत जी में भक्त हुए पहला चरित्र से यह ज्ञात हुआ कि व्यक्ति अगर प्रभु को पाना चाहता है। तू कितनी भी समस्याएं सामने क्यों ना हो फिर भी प्रभु भक्ति प्राप्त कर सकता है। पहलाद जी के जीवन काल में अनेकानेक समस्याएं संकट आए। पहलाद जी ने भगवान की प्राप्ति की। देश के प्रति उदारता होनी चाहिए। देश के प्रति प्रेम होना चाहिए। समस्त देशवासियों को आपस में प्रेम से रहना चाहिए। भजन के माध्यम से समझाया देश प्रेमियों आपस में प्रेम करो बामन भगवान की झांकी का दर्शन सभी कथा प्रेमियों ने किया। बामन भगवान की कथा से समझ आया कि दान की बहुत महिमा है। कलिकाल में सर्वोपरि दान हैं भगवान ने अगर हमको सामंतवाद बनाया तो हमको दान अवश्य करना चाहिए कहीं भी अगर हमको अभाव दिखता है तुम हमको दान करना चाहिए।

# पलामू में नशे की लत में बर्बाद हो रहा बचपन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहान चौक के पास शनिवार की सुबह एक 10 वर्ष का बच्चा मिला। जो सुलेशन के नशे में हनुमान मंदिर के पास बैठा हुआ था। उस छोटे बच्चे से पूछने पर पता चला कि वह प्रतिदिन बाजार क्षेत्र में घूम कर लोगों से पैसे मांग कर नशा करता है। बच्चे से पूछने पर अपना घर मेदिनीनगर शहर के कुंड मोहल्ला बताया। लोगों से आग्रह है कि इन छोटे बच्चों को पैसा ना दें यदि ये बच्चे पैसा मांगते हैं तो पैसा की जगह पर दुकान से कुछ खाने का सामान खरीद कर इन्हें दें। क्योंकि पैसा देने पर नशा का सेवन कर अपना जिंदगी बर्बाद करेंगे। यह नशा करने वाले बच्चे बाजार क्षेत्र में आपको कहीं भी मिल जाएंगे। लोगों से पैसे लेने के लिए यह तरह-तरह के नाटक भी करते हैं कभी आपके पैर छू लेंगे और कभी तो सड़क पर लेट कर नाटक भी करने लगते हैं। बताते चलें कि समाज एवं राष्ट्र के पुनर्निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संरक्षण के अभाव में छोटी सी उम्र से ही नशा की लत में पड़ने से उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। जिससे वे राष्ट्र निर्माण के वाहक न रहकर विध्वंस और अव्यवस्था के प्रतीक बन रहे हैं। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में इन दिनों युवाओं की कौन कहे छोटे-छोटे बच्चे नशे की लत में शामिल है। ये छोटे-छोटे बच्चे मादक पदार्थों के आदी होते जा रहे हैं। नशे की लत में फंस चुके युवक अन्य तरह के मादक पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। वैसे विद्यालयों के सामने खुली पान-चाय की दुकानों पर उपलब्ध गुटखा, गांजा, भांग सहित नशीली वस्तुएं जहां इसे खुले आम बढ़ावा दे रही है। अध्यापकों के साथ अभिभावक उदासीन बने हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बच्चे नशे के लिए एक नई तरकीब अपनाते देखे जा रहे हैं। वे नशे के लिए बाजार में सर्वथा उपलब्ध सनफिक्स बैंड फिक्स सुलेशन का धड़ल्ले से उपयोग करते देखे जा रहे हैं। कई बच्चे सुलेशन के इस कदर आदी हो चुके हैं कि वे दिन भर में 5-6 पैक तक सुलेशन को सूंघकर खत्म कर देते हैं। नशे के रूप में बच्चे सनफिक्स व बोनफिक्स का प्रयोग कर रहे 10 वर्षीय बच्चे ने पूछने पर बताया कि इसे सूंघने से आनंद मिलता है। इसे सूंघने से शरीर में अकड़न आ जाती है। दूसरी तरफ पान दुकानदारों पर कोई प्रतिबंध न होने से छोटे बच्चे भी नशीला सामग्री खुलेआम खरीद रहे हैं। गुटखा की बिक्री पर प्रतिबंध है। परंतु कुछ दुकानदार इसे धड़ेले से बेच रहे है। छोटी सी उम्र में बच्चों को यूं नशे की लत में पड़ जाना उनके स्वास्थ्य की ष्टिकोण से खतरनाक है। लगातार प्रयोग से जहां मुंह का कैंसर होने की संभावना है।

## फाइलेरिया की दवा खिलाने में आंगनबाड़ी सेविका की अहम भूमिका



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त ए दोड्डे के आदेश पर फाइलेरिया की दवा खिलाने में वार्ड नंबर 11 की आंगनबाड़ी सेविका किरण विश्वकर्मा और महिला आरोग्य समिति के अध्यक्ष रीमा देवी का भूमिका अहम है। इनके द्वारा 1 दिसंबर से ही फलेरिया दवा लोगों को खिलाने का काम शुरू कर दिया है। जिसमें वार्ड नंबर 11 में इनके द्वारा 2 दिसंबर तक लगभग सैकड़ों लोगों को फाइलेरिया का गोली खिलाया गया है। और इनके समझाने पर लोग स्वेच्छा पूर्ण दवा का सेवन कर रहे हैं।

## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने अतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा के अध्यक्ष राम ने कहाँ कि विकलांग व्यक्ति समाज के लिए अभिशाप नहीं ब्लकी उन्हे पुरा अधिकार है। समाज में आत्मसम्मान के साथ जिन्दगी जिये। विकलांग व्यक्ति को सहयोग मिले तो वह भी समाज में अच्छी तरह भरण-पोषण कर सकता है। साथ ही यह भी कहां कि विकलांग समाज के अभिन्न है। उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के लिए सार्थक प्रयास किया जाना चाहिए। विकलांग अधिनियम में विकलांगों के समान अधिकार और समान भागिदारी की बात कही गई है। यह अधिनियम 1995 से लागु है, जिसमे विकलांगों को कई अधिकार दिये गए है। नियुक्ति में विकलांगों को 3 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है। स्वामी विवेकानन्द प्रोत्साहन योजना के तहत प्रति माह एक हजार रूपया का सम्मान राशि मिलता है। तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में प्राथमिकता मिलता है। इसके बाद शिवनरायण साव ने कहा कि सरकार और समाज का सहयोग मिलता तो, विकलांग व्यक्ति भी एक आम आदमी के तरह गुजर बसर कर सकता है। इस अवसर पर यशवंत कुमार, विनोद राम, जयपाल मोची, श्याम पाठक, नन्हक सिंह, मनोज कुमार, संतोष कुमार, प्रभात कुमार, अमर्जीत रवि, अनोज राम, अनुप कुमार, प्रदीप राम एवं महेन्द्र रवि सहीत कई लोग उपस्थित थे । प्रदुमन तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला को पलामू ने याद किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिंगरा खुर्द में शहीद अनुराग शुक्ला चौक पर शनिवार को जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी गायक गोलू राजा ने सोहर गायन कर समा बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पिता जितेंद्र शुक्ला,भोजपुरी स्टार गोलू राजा सहित उमेश शुक्ला, पारस शुक्ला, संतोष शुक्ला, लव शुक्ला, दिलीप शुक्ला, रमेश शुक्ला, शिशिर शुक्ला, किशोर पांडेय, आशीष भारद्वाज आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। शहीद के पिता जितेंद्र शुक्ला ने सभी का अभिनंदन किया। इसके पूर्व सभी ने शहीद अनुराग के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं शहीद वेदी पर पुष्परिंग अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जन्मोत्सव के मौके पर सिंगरा खुर्द स्थित लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक तिरंगा से पटा था। वहीं शहीद के प्रतिमा स्थल को लाईटिंग, फूल-माला, बैलून से सजाया गया है। वहीं प्रतिमा स्थल के चारदीवारी पर लगे ग्रील को भी तीरंगा कलर किया गया है। हर वर्ष की भांति तीन दिसंबर को लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का भव्य जन्मोत्सव की तैयारी की गई थी। भोजपुरी गायक गोलू राजा अपने टीम के साथ सोहर एवं देशभक्ति गीतों से अनुराग के शहादत को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पाण्डेय लक्की ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पलामू के कलाकार शिशिर शुक्ला एवं उनकी टीम ने भोजपुरी सम्राट गोलू राजा के साथ दिया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, रूद्र शुक्ला, किशोर पांडेय सहित कई अन्य राजनीतिज्ञ, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। शहीद के पिता जीतेंद्र शुक्ला ने बताया कि उनके पुत्र ने देश सेवा में अपना जान न्योछावर कर किर्तिमान गढ़ा है। उसकी कीर्ति गाथा को पलामू देश भर तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। ज्ञात हो कि शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला युद्ध प्रशिक्षण के दौरान अपने तीन साथियों की जान बचाने में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। ये उनकी मानवता का परिचय पलामू के रग रग में देशभक्ति का बयार बनकर बहेगा। उन्होंने कहा शहीद अनुराग के जन्मोत्सव पर सिंगरा में हर बरस मेला लगेंगे।

## सीजीएल परीक्षा में फोटो व हस्ताक्षर अपडेट करने की तिथि बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 05/2021, झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021 के अन्तर्गत वैध आवेदकों द्वारा अपरिहार्य कारणवश अद्यतन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। जिसे लेकर आयोग ने सूचना जारी किया है। जिसमे अभ्यर्थियों को फोटो एवं हस्ताक्षर पुनः अपलोड करने हेतु पैसे अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। जिनकी अभ्यर्थिता रद्द नहीं की गई है। फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए तिथि बढ़ाई गई है। अब 16 दिसंबर तक अभ्यर्थियों के द्वारा फोटो व हस्ताक्षर अपलोड किया जाएगा। पहले 18 नवंबर से 02 दिसंबर की मध्यरात्रि तक आयोग के अधिकृत वेबसाईट पर लिंक उपलब्ध था। लॉगिन करने के पश्चात अभ्यर्थियों द्वारा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के पूर्व आवेदन संख्या के साथ अनिवार्य रूप से नए पासवर्ड का निर्माण किया जाना आवश्यक है। आयोग के अनुसार अभ्यर्थियों द्वारा अद्यतन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोद नहीं किये जाने की अवस्था में संबंधित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पद की जा सकती है।

## न्यूज गैलरी

### धारा 144 के उल्लंघन के दो आरोपी को पुलिस ने भेजा न्यायालय

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी बैंकुठ पासवान और श्रवण पासवान को केतार पुलिस ने शनिवार को धारा 144 के उलंघन के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। उल्लेखनीय है की उक्त दोनों व्यक्तियों पर चौरा गांव निवासी सिताराम पासवान, सुदर्शन पासवान,रटु पासवान, सुखाड़ी पासवान, बिपिन पासवान,छोटु पासवान के द्वारा भूमि विवाद को लेकर न्यायालय में शिकायत की गई थी। जिसके बाद उक्त भूमि पर धारा 144 लगा दी गई थी। इसके वावजूद उक्त दोनों आरोपियों के द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था।

### सात दिवसीय पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में प्रवचन के लिए एवं परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव हाई स्कूल के मैदान मे चल रहे सात दिवसीय पंच कुंडीय श्री शिवशक्ति महायज्ञ में छठे दिन प्रवचन के लिए एवं परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप पर पहुंचकर परिक्रमा करते हुए यज्ञ भगवान से अपने सुख शांति समृद्धि की कामना की। वही मानस माधुरी नैनी प्रयागराज से आई कथा वाचिका पण्डिता समीक्षा पांडेय, वाराणसी से आई कथा वाचिका प्रियंका पांडेय का प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु यह स्थल पर पहुंचकर प्रवचन का आनंद उठा रहे हैं वही छोटे पूरी नागा बाबा काफी प्रवचन चल रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी शामिल हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गत 28 नवंबर से लेकर 4 दिसंबर को पूणार्हुति के साथ ही समापन किया जाएगा। यज्ञ कमेटी सदस्य डॉ हरीदास यादव ने बताया कि रविवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। यज्ञ कमेटी के सदस्य मनोज दुबे,बाबूलाल यादव,डॉ हरिदास यादव,बसंत यादव,सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं लोग शामिल थे।

### प्रखंड व पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सेल के मैदान में शनिवार को पर्यटन, कला संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट (बालक बालिका) प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बीडीओ जयपाल महतो, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव एवं सिंदुरिया पंचायत के उपमुखिया वैशखा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में प्रखंड के 7 पंचायत की टीमों ने हिस्सा लिया है। दो दिवसीय टूर्नामेंट का फाइनल रविवार को सेल मैदान में खेला जाएगा। पहला मैच सिंदुरिया बनाम पंडरिया के बीच खेला गया जिसमें सिंदुरिया ने पंडरिया को 2- 1से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। दूसरा मैच मकरी बनाम बनसानी के बीच खेला गया। मकरी ने बनसानी को 4-3से हराया। तीसरा मैच भवनाथपुर बनाम चपरी के बीच खेला गया। भवनाथपुर 1गोल से विजयी हुई। चौथा मैच कैलान बनाम अरसली उत्तरी के खेला जाना था। लेकिन अरसली उत्तरी पंचायत के नहीं आने के कारण कैलान पंचायत को विजयी घोषित किया गया। मौके पर मिना देवी, बीपीओ रविंद्र मेहता, अवधेश कुमार, इसरार राय आदि मौजूद थे।

### वॉकओवर के सहारे टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची खुटहेरिया की टीम

**कांडी।** प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में खुटहेरिया पंचायत की टीम वाकओवर के सहारे सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी। शनिवार को हरिहरपुर हाई स्कूल के खेल मैदान में खेले जा रहे मैच में दूसरी टीम कांडी पंचायत की टीम नही पहुंच सकी। इसके बाद निर्णायक मंडली ने खुटहेरिया की टीम को वाकओवर दे दी। शुक्रवार को कांडी हाई स्कूल के मैदान पर खेले गए मैच में खुटहेरिया व कांडी के बीच मैच का निर्णय नही हो सका था। रविवार को हरिहरपुर खेल मैदान पर घटहुआँ कला व खुटहेरिया के बीच 11 बजे से पहला सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच हरिहरपुर व खरौंधा टीम के बीच रविवार को ही खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला जायेगा। खुटहेरिया पंचायत के उप मुखिया अतीस सिंह ने बताया कि कांडी हाई स्कूल के मैदान पर हो रहे टूर्नामेंट में अधिक विवाद होने के कारण आयोजन व निर्णायक कमिटी ने निर्णय लिया है कि टूर्नामेंट का बाकी मैच हरिहरपुर हाई स्कूल के खेल मैदान पर ही खेला जाएगा।

### 150 किसानों के बीच चना बीज का वितरण

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय पर शनिवार को कृषि विभाग से प्राप्त चना बीज का वितरण चटनियां पंचायत के 150 किसानों के बीच किया गया ।बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ,सीओ अजय कुमार दास,20 सूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय, प्रखंड प्रमुख पिंकू पाण्डेय ,मुखिया प्रतिनिधि लालू यादव,प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने किसानों के बीच चना बीज का वितरण किये ।कृषि पदाधिकारी ने बताया कि सभी किसानों के रजिस्ट्रेशन के बाद प्रति किसान 15 किलोग्राम के हिसाब से चना बीज दिया गया है ।बीज के साथ राइबोजियम व जिप्सम खाद भी दिया गया है। बीज लेने वालों में ललिता देवी, सुरेन्द्र यादव, मंजू देवी, राजेश रजवार, धनंजय उरांव, श्याम लाल यादव, कलावती कुंवर, बुधु राम, विनोद राम, पुष्पा देवी, ललिता देवी, सरतिमा देवी, अमित पाण्डेय, शिव प्रसाद पाण्डेय सहित कई किसानों का नाम शामिल हैं।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 4000 छात्र-छात्राएं हुए शामिल, बोले संजय सोनी

# परीक्षा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति से अवगत कराना

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में शनिवार को पूरे गढ़वा जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। गढ़वा शहर के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के अलावे मेराल, रमना, विशुनपुरा, नगरउंटारी, मझिआंव, बरडीहा आदि प्रखंडों को मिलाकर इस परीक्षा में करीब 4000 विद्यार्थी शामिल हुए। कुल 34 विद्यालयों के लिये जिले भर में 21 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। सभी विद्यार्थियों ने ओएमआर सीट के माध्यम से परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान गायत्री परिवार के जिला समन्वयक विनोद पाठक एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति गढ़वा के जिला संयोजक संजय सोनी ने विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा का का जायजा लिया। परीक्षा के विषय में जानकारी देते हुये जिला संयोजक संजय सोनी ने बताया कि यह परीक्षा आज के दिन पूरे झारखंड प्रदेश में एक ही समय में दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच ली गयी है। इसमें कक्षा पांच से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सभी कक्षाओं के लिये अलग-अलग प्रश्नपत्र था। श्री सोनी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में पूरे देशस्तर पर आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को अपनी गौरवशाली भारतीय संस्कृति से परिचित कराना है, जो सामान्य तौर पर विद्यालय के पाठ्यक्रम में पढ़ने को नहीं मिलता। साथ ही परीक्षा से पूर्व बच्चों को तैयारी के लिये जो पुस्तक दी जाती है, उनमें विभिन्न महापुरूषों की जीवनी है। जिसे पढ़कर विद्यार्थी प्रेरणा लेते हैं। इस परीक्षा का उतर पुस्तिका शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा जांच का परिणाम घोषित किया जाता है। इसमें शामिल सभी परीक्षार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। परीक्षा संपन्न कराने में समिति के सचिव डॉ आलोक रंजन दूबे, अशोक विश्वकर्मा, अखिलेश कुमार कुशवाहा, मिथिलेश कुशवाहा, डॉ सुनील विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, संजय तिवारी, अरूण पांडेय, अच्युतानंद तिवारी, बेचन राम, प्रभुदयाल प्रजापति, रंजीत केसरी, पंकज गुप्ता, नीलम देवी, शोभा पाठक, आदि ने योगदान दिया।

# सफाईकर्मी ने टीबी मरीज को निजी खर्च से दिए पोषक आहार का फूड

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला यक्ष्मा केंद्र में कार्यरत सफाईकर्मी राजकुमारी देवी ने भी एक टीबी मरीज को गोद लेकर उसे पोषक आहार का फूड बास्केट प्रदान किया। इसके अलावा यक्ष्मा विभाग के लिपिक रौशन कुमार ने दो, संतोष कुमार, एलटी अनुज कुमार, एलटी विश्वास कुमार शर्मा, धुरकी के एलटी रंजीत कुमार सिन्हा व मझिआंव के एमपीडब्ल्यू साहिल जलाल अंसारी ने एक-एक टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें अपने खर्च से पोषक आहार के रुप में फूड बास्केट प्रदान किए। बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग के सफाईकर्मी द्वारा व्यक्तिगत खर्च से टीबी मरीज को पोषक आहार देकर सहयोग करने का यह पहला मामला है। स्वास्थ्य विभाग के लोग राजकुमारी देवी के इस प्रयास की बड़ी सराहना कर रहे हैं। राजकुमारी देवी ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी को सेवाभाव से निष्ठापूर्वक निवर्हन करती है। टीबी मरीज का इलाज चलने तक प्रतिमाह पोषक आहार देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मदद करने वालों की कमी नहीं है। इसके लिए लोगों को जागरुक करने की जरुरत है। मौके पर यक्ष्मा प्रभाग के डीपीसी डा.पुरुषेश्वर मिश्र, लेखापाल निशांत कुमार सिन्हा, राहुल पांडेय, पीपीएम नुरुल्लाह अंसारी, एलटी अनुज कुमार, विश्वास कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# बलिगढ़ गांव में बीडीओ ने पीडीएस डीलर पर लगे आरोपों की जांच की

नवीन मेल संवाददाता



**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने शनिवार को बलिगढ़ गांव स्थित पीडीएस डिलर बेलास बैठा पर लगे आरोपों की जांच की।इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता की उपस्थिति में कुछ लाभुकों ने अनियमित रूप से राशन वितरण करने एवं अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। जिस पर डिलर बेलास बैठा ने गोदाम प्रबंधन द्वारा आवंटित राशन में की कटौती का बिल बीडीओ सह एमओ के समक्ष प्रस्तुत किया। डीलर ने कहा की 39 किवंटल राशन के बजाय महज 18 किवंटल राशन ही प्राप्त हुआ है। जिसके बाद एमओ मुकेश मछुआ ने वितरण पंजी, राशन दुकान कि स्टोक आदि का जांच किया साथ ही लाभुकों से भी पुछताछ किया। उन्होंने उक्त मामले की गहनता से जांच करने का आश्वासन दिया। डिलर बेंलास बैठा ने बताया की अक्टूबर माह का राशन 29 नवम्बर की शाम को आया और 30 नवम्बर को पॉस मशीन लॉक हो गया जिस कारण लाभुकों का पर्ची भी नहीं निकल पाया और राशन वितरण भी नहीं हो पाया। मौके पर प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी, वार्ड सदस्य अशोक कुमार ठाकुर,मनीष कुमार, रमेश राम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पीबी जोसे कुट्टी ने प्रेस वार्ता कर कहा-

# अत्याधुनिक सुविधाओं से बच्चों को दिया जा रहा है शिक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिले के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अत्याधुनिक सुविधा से लैस किया गया है। उक्त बातें स्कूल के प्रचार पीबी जोसे कुट्टी ने प्रेस वार्ता कर कहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को अत्याधुनिक सुविधाओं से शिक्षा देना आवश्यक है इसे देखते हुए डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पाठ्यक्रम को एनीमेटेड वीडियो और प्रैक्टिकल कराकर बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन कराने की सुविधा की गई है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के लिए पहले बाहर जाना पड़ता था और उन्हें काफी खर्च होती थी। उन्होंने कहा कि सभी सुविधा उन्हें गढ़वा में ही उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि बच्चे अपना इच्छा के अनुरूप मेडिकल इंजीनियरिंग एवं सिविल सर्विस जैसे परीक्षा में अव्वल दर्जा प्राप्त कर सकें। इसीलिए विद्यालय में पाठ्यक्रम को लिखित परीक्षा के साथ-साथ बहू पिकअप परीक्षा करा कर छात्र-छात्राओं में समाज विकसित कराए जाते हैं ताकि प्रतियोगिता परीक्षा में बच्चे बिल्कुल सहज महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों में मनोवैज्ञानिक विकास के साथ-साथ चरित्र निर्माण के लिए भी पाठ को विशेष तरीके से तैयार किया गया है। कमजोर विद्यार्थी के लिए विद्यालय में अतिरिक्त क्लास की सुविधा किया गया है साथ ही विद्यार्थियों का सम्मान किया जाए। इस पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को इनडोर आउटडोर गेम से भी मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि 2023 24 के लिए 5 दिसंबर से फ्री नर्सरी से कक्षा 8 तक का रजिस्ट्रेशन फॉर्म शुरू कराया गया है बच्चों को टेस्ट के बाद नामांकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्मार्ट क्लास हाइटेक कंप्यूटर लैब के साथ-साथ अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग कर गढ़वा के छात्र छात्राओं को बड़े शहरों की तरह सुविधा उपलब्ध कराय जा रहा है। वही सीबीएसई पैटर्न के आधारित कुशल एवं अनुभवी शिक्षकों के द्वारा उन्हें शिक्षा उपलब्ध कराया जा रहा है।

## जिला स्तरीय खेल जोन 3 का आयोजन

# शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी: बीडीओ



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** खेलों झारखंड 2022 -23 के तहत जिला स्तरीय खेल जोन 3 का आयोजन राजकीय उच्च विद्यालय चितविश्राम के प्रांगण मे शनिवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीईईओ विजय पांडेय ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले। पढ़ाई के साथ साथ खेल जरूरी है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने सभी बच्चों के लिये उज्वल भविष्य की कामना किया। 6- 8 वर्ग के बालको के लिये आयोजित कबड्डी में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांसडीह (केतार), बालिका कोटि में उत्क्रमित मध्य विद्यालय शारदा (सगमा )ने जीत दर्ज किया वहीं वर्ग 9 से 12 तक के बालक वर्ग के लिए आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर ने जीत दर्ज किया। बालिका वर्ग के लिये आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगर उंटारी, बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर, फुटबॉल में बालिका कोटि के लिए उच्च विद्यालय नगर ऊंटारी ने जीत दर्ज किया। इस अवसर पर सीआरपी संजय कुमार सिंह, कमेंट्री की भूमिका में कमलेश पांडेय, प्रशिक्षक किशोर कुणाल, प्रभात कुमार, अनुज शुक्ल, विजयानन्द तिवारी, सुशील कुमार तिवारी, पूनम देवी, प्रतिमा पांडेय, राकेश कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार यादव, अमित कुमार, तनवीर आलम, अविनाश कुमार, नरेन्द्र श्रीवास्तव सहित सम्बंधित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बाइक के धक्के से युवक घायल

**कांडी।** थाना क्षेत्र के मझिआंव सुण्डीपुर मुख्य सड़क स्थित राणाडीह गांव में बाईक सवारों ने एक पैदल चल रहे युवक को पीछे से धक्का मारकर घायल कर दिया। घटना शुक्रवार शाम 6:45 बजे की है। इस घटना में दोनों बाईक सवार भी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाईक नम्बर जेएच 14 एच 6303 से दो युवक तेज गति से सुण्डीपुर की ओर जा रहे थे, तभी राणाडीह गांव में पैदल अपने चाचा के साथ घर जा रहे युवक को पीछे से धक्का मारते हुए बाईक सहित गिर गये। जबकि युवक का चाचा बाल बाल बच गया ।घायल युवक राणाडीह गांव का 14 वर्षीय गुलशन कुमार है, जबकि दोनों बाईक सवार मोरबे गांव के बताए जाते हैं। घायल युवक के परिजनों द्वारा ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीणों द्वारा दोनों घायल बाईक सवारों को मोरबे गांव के ही एक व्यक्ति के माध्यम से ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, दोनों युवक शराब के नशे में थे।

### हरिहरपुर ओपी में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र के कांडी-कवलदाग- भवनाथपुर सड़क में मझिगवां गांव के भेलवा खाड़ी टोला के पास से शनिवार अहले सुबह अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को स्थानीय पुलिस ने जब्त किया है। मामले में ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि ओपी क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार की लगातार सूचना मिल रही थी। उसके बाद की गई छापेमारी में उक्त ट्रैक्टर को जब्त किया गया। ट्रैक्टर मालिक का नाम पता प्राप्त नहीं होने के कारण अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। कांडी अंचलाधिकारी अजय कुमार दास के द्वारा औचक निरीक्षण के क्रम में अवैध रुप से बालू लदे हुए ट्रैक्टरको जातें हुए देखा गया । इस क्रम में टेक्टर के चालक के द्वारा अंधेरे का फायदा उठाते हुए तेज रफ्तार से भागने का प्रयास किया। चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा ।

## डीएसई एवं डीआरडीए निदेशक ने खरौंधी बीआरसी की जांच की

# कर्मियों की अनुपस्थिति से नही हो सकी जांच, मांगा स्पष्टीकरण

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी(गढ़वा)।** शनिवार को शैक्षणिक व शैक्षणिक प्रमाण पत्र के सत्यापन के नाम पर बीआरसी खरौंधी से मनमानी राशि उगाही करने के आरोप में डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन तथा डीएसई मिथिलेश करकेट्टा बीआरसी पहुंचकर जांच किया। इस दौरान अधिकांश बीआरसी स्टॉप आकस्मिक अवकास पर थे। जिससे अभिलेखों का जांच पूरी नही हो सका। शनिवार को बीपीएम नवीन प्रकाश, बिआरपी पंकज कुमार, जेईई अनुज कुमार दुबे, आदेश पाल अजीत कुमार राम आकस्मिक अवकाश पर थे। जिस पर डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन तथा डीएसई मिथिलेश करकेट्टा ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सभी से स्पष्टीकरण की मांग किया है। साथ ही बिआरपी राजेंद्र गुप्ता से 2009 में बीआरसी से कितने सहायक अध्यापकों से प्रमाण पत्र जांच में पैसा लिया गया है। उसका अभिलेख मांग किया। लेकिन इससे संबंधित किसी प्रकार का अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। जिससे जांच पूर्ण नहीं हो सका। इस पर डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन तथा डीएसई मिथिलेश करकेट्टा ने सोमवार को सारे अभिलेख के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। डीएसई मिथिलेश करकेट्टा ने बताया सहायक अध्यापकों के शिकायत पर हम लोग जांच के लिए आए थे। लेकिन इससे संबंधित अभिलेख नहीं रहने से जांच नहीं हो सकी। वही शिकायतकर्ता सहायक अध्यापको ने बताया बीआरसी से बार-बार प्रमाण पत्र सत्यापन के नाम पर शिक्षको से पैसा की उगाही की जा रही थी। जबकि प्रखंड के सारे सहायक अध्यापकों ने 2009 में ही प्रमाण पत्र जांच के लिए पैसा जमा कर दिया है। इसे लेकर 10 जून को जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर 2009 में शिक्षकों द्वारा जमा पैसे से ही शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच कराने का मांग किया था। इस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा कोई ठोस पहल नहीं किया गया। इसके बाद हमलोग 23 सितंबर को गढ़वा उपायुक्त से जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया था। गढ़वा उपायुक्त ने तत्काल इसकी संज्ञान लेते हुए डीआरडीए निदेशक को जांच का निर्देश दिया था। वहीं शिकायत कर्ता सहायक अध्यापक इंदल पासवान, शिवपूजन यादव, सुजीत कुमार, मुसन पासवान आदि शिक्षकों ने बताया जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा के आश्वासन पर शैक्षणिक व शैक्षणिक सभी प्रकार के प्रमाण पत्र पुनः 30 नवंबर को बीआरसी को दिया दिए है। हमलोग की प्रमाण पत्र की जांच करते हुए सभी सहायक अध्यापकों का फाइल अपने साथ ले गये। सभी शिक्षकों ने गढ़वा उपायुक्त का आभार व्यक्त किया है। साथ ही 2009 में जमा राशि से ही अभिलेख जांच कराने की मांग किया है। कुछ दिन पूर्व बिपीएम नवीन प्रकाश के द्वारा जांच के नाम पर जो पैसा लिया गया है। उसे शिक्षकों के बीच वितरण कराया जाए।

## अनियमितता की शिकायत उपमुखिया को पड़ी महंगी, बोले बीडीओ

# दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा

नवीन मेल संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत में उप मुखिया सुरेंद्र यादव द्वारा बीडीओ को पत्र लिखकर पंचायत के एक योजना में अनियमता की जांच महंगी पड़ गयी। उलटे उप मुखिया ही बीडीओ द्वारा जांच में फंस गए । बताते चले कि तीन दिन पूर्व कैलान के उप मुखिया द्वारा पंचायत में 15 वें वित्तीय से बने डिहवार बाबा के पास पीसीसी पथ व गाडवाल का निर्माण किया गया था। उप मुखिया सुरेंद्र यादव द्वारा उक्त योजना में लाभुक के द्वारा फर्जी निकासी करने की शिकायत बीडीओ को आवेदन देकर की थी। दिए आवेदन में लिखा था कि योजना एक पूर्ण हो चुका था लेकिन दूसरे योजना बताकर फिर से वर्तमान मुखिया सुकनी देवी के मिलीभगत से भुगतान किया गया है। वही योजना में ग्रामीणों के अंसदान से पूर्ण हुई थी। योजना लाभुक व मुखिया पर योजना का पैसा हेरा फेरी किए जाने का भी आवेदन में जिक्र था। आवेदन के आलोक में शुक्रवार को बीडीओ जयपाल महतो योजना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से पूछताछ किए। ग्रामीणों ने बीडीओ को बताया कि पीसीसी व गाडवाल का निर्माण लाभुक द्वारा पूर्ण किया गया है। बीडीओ ने बताया कि यहां दो योजना पूर्ण हुई है। रेकड़ कंप्लीट है या नहीं जांच उपरांत बताया जा सकता है। उपस्थित ग्रामीण राजमोहन यादव, अनिल यादव, नगीना यादव, अरविंद यादव, रामनन्द सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बीडीओ को आवेदन देकर उपमुखिया सुरेंद्र यादव के पिता हरिहर यादव द्वारा आवास एवं भाई राजेंद्र यादव द्वारा पशु शेड का निर्माण पूरा किए ही फर्जी निकासी करने की शिकायत किया। बीडीओ जयपाल महतो ने उप मुखिया के पिता एवं भाई द्वारा किए गए योजना को भी जांच किया। जांच में पाया कि पशु शेड नहीं पाया एवं आवास अधूरा देख भड़क गए। बीडीओ ने कहा कि योजना का पूरा पैसा निकाल कर काम नहीं किया गया है। जो भी दोषी होगे उनसे रिकवरी की जाएगी। मुखिया सुकनी देवी ने बीडीओ से कहा कि आदिवासी महिला समझ कर प्रताड़ित किया जा रहा है, मेरे द्वारा किया गया भुगतान एमबी व कार्य को देख कर किया गया है। इस मौके पर जेई श्याम कुमार चौधरी, अशोक कुमार, शंभू शाह, गिरवर सिंह, भीम यादव, बीरबल यादव, दया यादव, संजू यादव, अरविंद यादव, जितेंद्र यादव, अनिल यादव, बिणा यादव संजय यादव, आलोक यादव, आमोद भुइया, इंद्रदेव कोरवा, सहित कई ग्रामीण शामील थे।

## न्यूज गैलरी

### दिव्यांगों के बीच छः ट्रायल साइकिल का किया गया वितरण



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप ब्लॉक परिसर में विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव अंचल अधिकारी रूद्र प्रताप प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहारा भाजपा नेता रामदेव सिंह पंचायत समिति सदस्य नसबुलेन्न आलम के दौरा दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया। इस दौरान साइकिल में बैठते हैं दिव्यांगों के चेहरे में खुशी का झलक दिखाई दे रहा था। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार ने सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे लोगो को विस्तार पूर्वक जानकारी दीया ताकि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोग ले सके। आगे उन्होने दिव्यांगों के लिए अलग से शिविर लगाकर उन्हें हर प्रकार की सुविधा देने की बात कही

### भद्रकाली महाविद्यालय ने मनाया 38वां स्थापना दिवस



**इटखोरी(चतरा)।** शनिवार को इटखोरी प्रखंड स्थित भद्रकाली महाविद्यालय का 38वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह, सचिव डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, इंटर महाविद्यालय के सचिव श्याम कुमार सिंहव प्राचार्य डॉ. दुलार हजाम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### कुंरूद हत्याकांड का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

**महुआडांड़।** शनिवार को कुंरूद हत्याकांड के फरार आरोपी अतुल बाड़ा को महुआडांड़ थाना प्रभारी अशुतोष यादव के नेतृत्व में गिरफ्तार करके लातेहार जेल भेज दिया गया. क्या था मामला महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कुंरूद गांव से 30 नवंबर दिन बुधवार को पुलिस ने दफनाया हुआ युवक का शव निकाला था। जिसकी पहचान अनुप मिंज उम्र 25 वर्ष जिला गुमला के ग्राम परकला निवासी के रूप में हुई थी। अनुप मिंज कुंरूद गांव में चारलेश बाड़ा के घर पर चार साल से रह रहा था और उसकी पुत्री सलिमा बड़ा से प्रेम संबंध में था। 24 नवंबर की रात कुछ बात को लेकर विवाद हुआ और चारलेश बाड़ा एवं इसकी पत्नी मरियम कुजूर और बेटा अतुल बाड़ा ने अनुप मिंज की हत्या कर दिया। जहां चारलेश बाड़ा व मरियम कुजूर 1 दिसंबर को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया, एवं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर महुआडांड़ थाना पुलिस छापामारी अभियान चला रही थी। इस छापामारी अभियान में केश अनुसंधानकर्ता पुआनि राकेश कुमार राम, पुआनि संजय रत्न एवं पुलिस बल मौजूद थे।

### एलसीए जूनियर ने मनिका सीसी को 79 रन से हराया

**लातेहार।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का तीसरा मैच एल सी ए जूनियर ताथा मनिका सी सी के बीच खेला गया। जिसमे एल सी ए जूनियर ने टॉस हराकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 157 रन बनाए। जिसमे उज्ज्वल कुमार सिंह 43 तथा सुप्रीत साहू ने 33 रन का योगदान दिया। मनिका सी सी की ओर से अमित गुप्ता ने 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य कि पीछा करने उतरी मनिका सी सी ने 13वे ओवरों मे ही 70 रन बनाकर पूरी टीम ढेर हो गई। जिसमे मंजीत कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंद में ही 40 रन का योगदान दिया शेष 9 खिलाड़ी 30 रन ही टीम के लिए जोड़ सकी। एल सी ए जूनियर की ओर से उज्ज्वल कुमार सिंह 6 तथा सुप्रीत साहू ने 4 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर प्रतीक आनंद ताथा धीरेन्द्र सिंह सुरवार थे जबकि स्कोरिंग रौनक दुबे ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कराटे के कोच अक्षय कुमार के द्वारा एल सी ए जूनियर के उज्ज्वल कुमार सिंह को दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### उपायुक्त ने टंडवा में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की

# अधिग्रहित भूमि का मुआवजा जल्द दें



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से टंडवा अंचल अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा सीसीएल महाप्रबंधक एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर की। मूख्य रूप से ग्रामीणों के विस्थापन, सिमरिया-टंडवा रोड़ के प्रभावितों का स्थानांतरण, भूमि का सत्यापन, कन्वेयर बेल्ट निर्माण से संबंधित सर्वे, वनपट्टा एवं रैयतों का भूमि सत्यापन एवं भूमि का एनओसी समेत अन्य मामलों से संबंधित समस्याओं को परियोजना के प्रबंधकों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया। उपायुक्त श्री इमरान ने सभी कोल परियोजना क्षेत्र में आने वाले भू रैयतों के कागजातों का भौतिक सत्यापन कर स्थानीय लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी कोल परियोजनाओं में होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से पूर्व लोगों को सायरण के माध्यम से सूचना देंगे। उन्होंने खनन क्षेत्र के आस-पास निवास करने वाले ग्रामीणों को अन्य स्थानों पर बसाने हेतु निर्देशित किया। वनपट्टा, भूमि सत्यापन, एनओसी समेत अन्य मामलों में आने वाले विवादों को दूर करने के लिए उपायुक्त ने संबंधित परियोजना के प्रबंधकों एवं संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, निदेशक डीआरडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, सीसीएल के मुख्य प्रबंधक, तीनो परियोजनाओं के महा प्रबंधक व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### जागरूकता रथ को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

**चतरा।** शनिवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान ने जल जीवन मिशन अन्तर्गत जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा अन्तर्गत जल जीवन मिशन योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जन जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंड अन्तर्गत क्षेत्रों में घूम-घूम कर जल जीवन मिशन का व्यापक प्रचार प्रसार कर आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। हर घर नल का जल योजना के तहत लाभ के लिए लोग जल सहिया या अपने पंचायत के मुखिया से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर उपायुक्त के अलावे अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अपर समाहर्ता ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी लोगों की समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर शनिवार को अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में एक-एक कर लोगों द्वारा अपर समाहर्ता से मिल उन्हें अपनी समस्याएं सुनायी। समस्याओं में मुख्य रूप से भूमि, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन से संबंधित मामले शामिल थे। अपर समाहर्ता ने आमजनों से समस्याओं से जुड़े आवेदन लेते हुए जल्द उनकी समाधान का भरोसा लोगों को दिया। वहीं एसी ने प्राप्त आवेदनों को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का निष्पादन करने का निर्देश दिया। मैके पर डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 से 01:00 बजे अपराह्न तक उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन निराकरण किया जाता है।

## बीडीओ ने विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ एक बैठक हुई. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सहाय ने संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता को लेकर पंचायत के सभी मुखिया को अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ को सहयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए सिर्फ मतदाताओं का आधार कार्ड, एक फोटोग्राफ अपने-अपने बीएलओ को प्रदान करें जिससे संबंधित बीएलओ नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य प्रपत्र 6भरकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रखंड में नए मतदाता पहचान पत्र बनाने का जो विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा है उसकी प्रगति संतोषजनक नहीं है। जितनी संख्या में नए मतदाता पहचान पत्र के लिए फॉर्म 6 भरा जाना चाहिए था। उतनी संख्या में फॉर्म 6 नहीं भरे जा रहे हैं। अतः सभी मुखिया को बीएलओ के साथ डोर टू डोर सर्वे करने का निर्देश दिया गया ताकि एक भी योग्य नए मतदाता का मतदाता पहचान पत्र बनने से नहीं वंचित रहें। बैठक में मुखिया कालो देवी, आशीष सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, पूनम देवी, बेरोनिका कुजूर समेत सभी पंचायतों के मुखिया उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक से महिलाओं ने लगायी न्याय की गुहार

## लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के वार्ड नंबर एक की करकट मोहल्ले की महिलाओं ने शुक्रवार को एसपी ऑफिस पहुंची। महिलाओं ने ठगी की शिकायत लेकर एसपी अंजनी अंजन को आवेदन दिया। आवेदन में उन्होंने मोहल्ले की महिला पर ठगी का आरोप लगाया, साथ ही एसपी से रुपये वापस दिलाने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार करकट मोहल्ले की महिलाओं ने बैंक से लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने का आरोप शमशाद अंसारी और उसकी पत्नी संजीदा बीबी पर लगाया है। महिलाओं ने आवेदन में कहा कि इस मामले को लेकर पूर्व में भी सदर थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया था, लेकिन उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। विवश होकर वे एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगा रही हैं। आवेदन में कहा है कि संजीदा बीबी और उसके पति शमशाद अंसारी द्वारा बैंक से लोन दिलाया गया, लेकिन उन्होंने लोन स्वीकृत होने के बाद सभी महिलाओं से यह कहकर रुपया वापस ले लिया कि आप लोगों का रुपया बैंक में सुरक्षित रखा गया है। कुछ दिनों बाद जब बैंक द्वारा लोन की राशि चुकाने के लिए दबाव दिया जाने लगा। तब कई महिलाएं बैंक पहुंचीं। उन्हें बताया कि लोन का रुपया उनके पास नहीं है। मौके पर नूरजहां, रशीदा बेबी, अश्वीना बीबी, फातिमा बीवी, नूसरत परवीन, हिना फिरदौस, असगरी खातून, तबस्सुम बीबी, हिना बीबी, जमीना खातून, नोहा बाने, तरन्नुम खातून, यासमीन गुलनाज, मंजू देवी, लाल मुनी देवी और रशीदा बीबी समेत कई महिलाएं मौजूद थीं।

### लेंबोइया पहाडी के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शनिवार को पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत लेम्बोईया पहाड़ी के समीप हुए सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से हुए घायल हो गए। घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार गिद्धौर थाना क्षेत्र के तिलैया निवासी पप्पू भुईयां पिता चंदर भुईयां व बसंत भुईयां पिता स्वर्गीय शिबू भुईयां पत्थलगड़ा बाजार से अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम लेम्बोईया पहाड़ी के समीप मंदिर के गेट के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया और गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे स्थानिय ग्रामीणों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से चतरा सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसआई अंकित झा पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लिया।

### गिद्धौर में आयोजित अखंड हरि कीर्तन में उमड़ी भीड़

**गिद्धौर (चतरा)।** शनिवार को रामायण कथा मंडली संगीत के तत्वधान में गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरबाडी मंदिर परिसर में 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व मंडली के सहदेव सीताराम व्यास द्वारा किया गया। हरि कीर्तन की शुरूआत विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात की गई। जिसके पश्चात खोरठा, हिंदी व धार्मिक गीतों पर आधारित हरे राम.. हरे कृष्ण की धुन कीर्तन में गूंजती रही। जिससे संपूर्ण गांव भक्तिमय बना रहा। गांव में सुख शांति बना रहे जिसके लिए कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन में डोमन महतो, इंद्रजीत दांगी, देवकी महतो, उपेंद्र दांगी, लखन दांगी, चंद्रदेव महतो, जय कुमार सहित अन्य श्रद्धालु शामिल थे।

### विधायक ने महुआडांड़ का किया दौरा, बोले-

## विस में मुश्किल कार्यों को भी आसानी से किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड का एकदिवसीय दौरा किया। इस दौरान महुआडांड़ क्षेत्र के समस्याओं से भी अवगत हुए। अपने एकदिवसीय कार्यक्रम में विधायक ने स्थानीय जिला परिषद डाक-बंगला में प्रखंड की समस्याओं से अवगत होने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों संग बैठक भी की। बैठक से पूर्व ओरसा पंचायत की मुखिया अमृता देवी के नेतृत्व में ओरसा के दर्जनों ग्रामीणों ने पंचायत की अन्य समस्यायों से रूबरू कराया। बैठक में मुखिया संघ ने भी अपनी समस्यायों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा और बताया कि प्रखंड में विकास योजनाओ में जन प्रतिनिधियों को दरकिनार किया जाता है। साथ ही एनजीओ द्वारा बिना जनप्रतिनिधियों को जानकारी दिए ही कार्य शुरू कराने का आरोप लगाया। मुखिया संघ ने प्रखंड आवास कार्डिनेटर पूनम ठिठियो को हटाने की भी मांग की जिसपर विधायक ने मौके पर ही बीडीओ को फोन लगा कॉर्डिनेटर को हटाने को कहा। बैठक में अधिकतर लोगो ने महुआडांड़ में जलमीनार से पानी सप्लाई शुरू कराने पर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर विधायक ने दूरभाष से पीएचडी विभाग के अधिकारियों को सभी समस्यायों को दूर कर एक माह के भीतर पानी सप्लाई शुरू करने का निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने प्रखंड में हमेशा उस कार्य को कराया है जो मुश्किल रहता है, ओरसा पथ की तरह ही उन्होंने अपने विधायक कोटा से प्रखंड में सर्वप्रथम बिजली लाने का कार्य किया था। आज लोग हमारे कराए गए कार्य का क्रेडिट खुद लेना चाहते हैं लेकिन महुआडांड़ की जनता सबसे शिक्षित है और वह सब जानती है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ जी,प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, इफ्तेखार अहमद, अजित पाल कुजूर,आजाद अहमद,मुखिया रेणु तिग्गा, सुषमा कुजूर, उषा खलखो समेत कई लोग मौजूद थे।

## एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की। एसपी ने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए मामलों के निष्पाद में तेजी लाने के साथ अफीम की तस्करी पर रोक लगाने तथा अफीम खेती उन्मूलन को लेकर चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लाने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया गया। साथ हीं विभिन्न थानों में लंबित मामलों में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर ससमय निष्पादन करने पर जोर दिया। इसके अलावे एलआरपी व पेट्रोलिंग को लेकर भी दिशा निर्देश पुलिस पदाधिकारियों को एसपी ने दिया। बैठक में सभी डीएसपी, पुलिस निरीक्षण, थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी व संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हेटलोटो गांव में शिव मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत के समीप हेटलोटो ग्राम में शिव मंदिर निर्माण हेतु शनिवार को भूमि पूजन किया गया जहां अजमान संतोष पांडे के द्वारा वैदिक मंत्रोचार के बीच मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी गई। जहां मुख्य रूप से लातेहार के लोकप्रिय विधायक बैजनाथ राम जीप अध्यक्ष पूनम देवी मुकेश पांडे मुखिया प्रतिनिधि अनिल उरांव पंचायत समिति कौशल कुमार के द्वारा नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। वही मनीष तिवारी ने कहा कि हेठ लोटो के सभी ग्रामीणों के सर्वसम्मति से ही आज शिव मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। वहीं जयप्रकाश तिवारी ने कहा कि इस गांव में एक भी मंदिर नहीं होने के कारण व्रतियों को पूजा करने को लेकर काफी दूर जाना पड़ता था जिसको देखते हुए। मंदिर निर्माण हेतु गांव के गणमान्य लोगों के द्वारा विचार विमर्श किया गया और सभी के सहयोग से ही आज भगवान शिव मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में लगभग 50 लाख की लागत आने का अनुमान है। मौके पर बालमुकुंद शुक्ला, अनिल तिवारी, मनीष तिवारी, बीरबल शुक्ला, रघुनंदन प्रजापति, अभिषेक शुक्ला, आकाश तिवारी, शिव नारायण तिवारी, जय प्रकाश प्रजापति, रितेश तिवारी, शिवधारी शुक्ला, अशोक तिवारी, देव नारायण तिवारी, विमलेश कुमार सिन्हा, राकेश रंजन राम, शत्रुघ्न प्रसाद, राजा राम सिंह, उमेश प्रजापति, रामा अनुज तिवारी ,प्रदीप तिवारी, समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ का 11वां वार्षिक समारोह मनाया गया

## नई शिक्षा नीति के विशेषताओं पर दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ का ग्यारवा वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनिका विधायक श्री रामचंद्र सिंह, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह, विशप थिओडर मैक्रनेश, एसडीपीओ राजेश कुजुर, बीडीओ आमरेन डांग, उपप्रमुख अभय मिंज और साथ में प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय का वार्षिक पत्रिका और कुरुख विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्यारी कुजूर के द्वारा लिखित पुस्तक 'कुड़ुख भाषा, शिक्षण एवम साहित्य ' का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नवनिर्मित



ऑडिटोरियम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ और मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य फादर डॉक्टर एम के जोस ने महाविद्यालय के 11 वर्षों के सफर और उपलब्धि पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने सोसाइटी ऑफ जीसस के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की और सरकार की तरफ से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस समारोह में विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य और गायन के माध्यम से झारखंड की कला, संस्कृति और देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित किया। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह ने इसे ' एक भारत श्रेष्ठ भारत' का एक संक्षिप्त झलकी बताया। उन्होंने शिक्षा के व्यवहारिक प्रयोग पर जोर दिया और नई शिक्षा नीति के लाभों को भी बतलाया। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों से अनुरोध किया कि अपने पड़ोस के 5 गांव को गोद ले और समाज एवं राष्ट्र को उन्नत एवं विकसित करने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। इस अवसर पर संत फ्रांसिस

### मानव सेवा ही सच्चा धर्म: थिओडर मैक्रेनियस

डाल्टेनगंज डायोसिस के विशप थिओडर मैक्रेनियस ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। विभिन्न धर्मों और समाजों के बीच में आपसी प्रेम, सद्भावना और सौहार्द ही भारत की पहचान और मजबूती है। उन्होंने उस ओर इशारा किया कि कुछ राष्ट्र विरोधी ताकत हमारी एकता को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रिंसिपल सिस्टर कैसलीन जूलियट ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य महोदय, महाविद्यालय प्रशासन, सभी प्राध्यापको, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रेया कुमारी, निशा, सुष्मिता, पेट्रस आईद, स्टीवन मुंजनी और नीलगगन ने किया।

## तीन दिवसीय चपरी यात्रा मेला दस से, मेला कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के ऐतिहासिक चपरी यात्रा मेला की तैयारी शुरू हो गई। इसको लेकर चपरी मेला परिसर में मेला में लगने वाली खेल तमाशा, मौत का कुंआ आदि लगने वाली दुकानों की तैयारी हेतु सामानों का आना शुरू हो गया है। वही मेला की तैयारी हेतु शनिवार को ग्रामीणों की एक बैठक ग्राम प्रधान चंदन सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष मनाया जाने वाली तीन दिवसीय चपरी यात्रा मेला को लेकर 9 दिसंबर को पुरानी परंपरा के अनुसार पूजाई कार्य किया का रस्म अदा किया जाएगा। इसके दूसरे दिन 10 दिसंबर से 12 दिसंबर मेला आयोजित किया जाएगा। मेला के सफल संचालन हेतु मेला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कैलाश राम को



अध्यक्ष, सतनारायण प्रसाद उपाध्यक्ष, अतुल कुमार सिंह सचिव का चयन किया गया। वही मेलाका सफल संचालन हेतु कमेटी में 2 दर्जन से अधिक सक्रिय सदस्यों को रखा गया। जिसमें मुन्ना सिंह, राणा प्रताप सिंह, कामेश पासवान, अशोक यादव, जहीर आलम, अशोक सिंह, प्रवीण सिंह, रूपेन्द्र राम, सुजीत कुमार, अनिरुद्ध कुमार, अमरनाथ राम, संजय कुमार, मनीष दोदराय, पप्पू पासवान, संतोष पासवान, रंजीत कुमार, सुदामा सिंह समेत अन्य लोगो को सदस्यों में रखा गया।

राष्ट्रीय नवीन मेल | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार 04 दिसम्बर 2022 

# न्यूज गैलरी

## बोलबा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाया छापामारी अभियान



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न बस्तियों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ बोलबा पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान चलाया। इस मौके पर बोलबा पुलिस द्वारा मुखिया टोली पोस्टमास्टर टोली, डोंगाइट टोली, झोयला टोली, लोहरा टोली, मुंडा टोली आदि बस्तियों में छापामारी किया गया। इस मौके पर 40 किलो से अधिक महुआ का जावा नष्ट किया गया। बोलबा थाना के कार्यवाहक थाना प्रभारी अभय मिंज ने बताया कि अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जाएगा।

## भंडरा में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल खेल का आयोजन




**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा के एलबीएस हाई स्कूल मैदन में शनिवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया। इस दौरान बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा एवं प्रमुख बरिया देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। खेल से पूर्व सभी खिलाड़ियों से बीडीओ एवं जनप्रतिनिधियों ने परिचय प्राप्त किया। उसके बाद उदरंगी और बड़ागाई के बीच फाईनल फुटबॉल मैच खेला गया। इस दौरान बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और हौसला बढ़ाया। मौके पर पंचायत सचिव तिवारी भगत, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## गोवा में काम करने गये मजदूर की समुद्र में डूबने से हुई मौत

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाबाशा के डड़कापानी निवासी मजदूर की गोवा में मछली मारने के दौरान समुद्र में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना के संबंध में विधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग ने बताया है कि उसका चचेरा भाई नीरोस समद गोवा में मछली पकड़ने का काम करता था। अचानक 1 दिसंबर को 10 :00 बजे रात को अचानक मानसिक स्थिति खराब हो गई और वह समुद्र में कूद गया। इधर कूदने की सूचना साथियों को दी गई। जिसके बाद काफी प्रयास कर उसे खोजने का प्रयास किया गया। लेकिन नहीं पता चला इधर शनिवार को काफी मशक्कत के बाद मछुआरों की टीम के द्वारा उसके शरीर को समुद्र से मृत अवस्था में बरामद किया। अगर इस मामले की जानकारी पीड़ित परिवार को दी गई जिसके बाद परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है वही मामले की जानकारी मिलने के साथ ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा है कि मृतक के शव को जल्द पैतृक गांव लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है और गांव में ही उसका अंतिम संस्कार की जाएगी।

## नेहरू युवा केंद्र ने बानो के पबुड़ा में नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**बानो।** नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशानुसार स्वेच्छा से सेवा और सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र, सिमडेगा के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो के सहयोग से शनिवार को बानो प्रखंड के पबुड़ा पंचायत भवन में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पबुड़ा पंचायत के मुखिया आलोक बारला द्वारा डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र की ओर से इस तरह के शिविर का आयोजन सराहनीय है और वाकई इस तरह के शिविर का आयोजन समाज के लोगों के लिए की गई एक महत्त्वपूर्ण सेवा है। शिविर में डॉक्टर प्रीति गुलशन केरकेट्टा ने लोगों का नेत्र जांच किया। कार्यक्रम में सभी उम्र के लोग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपना नेत्र जांच करवाया। शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी के देखरेख में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीपीएम अशोक उरांव, फार्मासिस्ट सुबोधन पाईक, एएनएम नीलिमा एक्का, सेविका कमला देवी, विकास कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## गहरा नाला के समीप कार व ट्रेलर में टक्कर बाल-बाल बचे लोग

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के गहरा नाला के समीप शनिवार को दोपहर में कार एवं ट्रेलर में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमें वाहन में सवार यात्री बाल-बाल बच गए। बताया गया रांची से सिमडेगा की ओर आ रही एक कार अनियंत्रित होकर गहरा नाला के समीप एक ट्रेलर से जा टकराई, जिससे दोनों वाहन सड़क से नीचे उतर गए। बताया गया कि टेलर के ब्रेक फेल होने पर अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही कार से टकरा गई जिससे दोनों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में किसी प्रकार का जान माल का क्षति नहीं हुई है इधर कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

## महिला ने पति और ससुर पर लगाया मारपीट का आरोप, थाना में दी आवेदन

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु बांध टोली ग्राम निवासी सयूब अन्सारी की पत्नी सफीना खातून ने मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाते हुए अपने पति सयूब अन्सारी एवं ससुर सुदिन अन्सारी के विरुद्ध कानूनी कारवाई करने हेतु सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए न्याय का गुहार लगाई। सफीना खातून ने जानकारी देते हुए बताई की 30 नवम्बर के रात्रि लगभग 10 बजे मैं अपने घर में काम कर रही थी। उसी समय मेरा पति शराब पी कर बाहर से आया और गाली गलौज करने लगा तभी मेरे द्वारा आपत्ति जताने पर मेरे ससुर सुदिन अन्सारी के इशारे पर मेरा पति सयूब अन्सारी गला दबा कर जान मारने का प्रयास किया। और ईंट से मार कर मुझे घायल कर दिया। साथ ही सफीना खातून ने बताई की इस तरह की रवैया बराबर होते रहता है। अब हमें भय बना हुआ है कि मेरे एवं मेरे बच्चों को अकेला पा कर मेरा पति जान मार सकता है। वही थाना को जानकारी देते हुए कही की जख्मी होने के कारण मैं अपना इलाज स्वयं करवा रही थी।

---

### नागरिक निबंधन प्रणाली अंतर्गत ऑनलाईन जन्म, मृत्यु निबंधन करने व इसमें प्रगति लाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# बच्चे के जीवन की शुरूआत के समय उसकी पहचान सुनिश्चित करना जरूरी : शिशिर तिग्गा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग (योजना प्रभाग) झारखंड, रांची के तत्वावधान में नागरिक निबंधन प्रणाली अंतर्गत ऑनलाईन जन्म, मृत्यु निबंधन करने एवं इसमें प्रगति लाने हेतु जिला परिषद सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, कनीय सांख्यिकी सहायक द्वारा जन्म-मृत्यु निबंधन के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर तिग्गा द्वारा जानकारी दी गई कि बच्चे के जीवन की शुरूआत के समय उसकी पहचान सुनिश्चित करना सबसे पहली और प्रमुख आवश्यकता है। जन्म का निबंधन पहला कानूनी दस्तावेज है जिसमें बच्चा अपने विवरणो के साथ पंजीकृत हो जाता है। जन्म और मृत्यु निबंधन अधिनियम, 1969 पर आधारित जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली झारखंड राज्य में फरवरी, 2009 से लागू की गई। जिला के उपायुक्त जन्म एवं मृत्यु के जिला रजिस्ट्रार होते हैं। इस प्रकार जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और सिविल सर्जन को अपर जिला रजिस्ट्रार के रूप में अधिकार दिये गये हैं। पंचायत सचिव, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेंगे।




कार्यक्रम में सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी मंगल किशोर उरांव और कनीय सांख्यिकी सहायक रामजी सिंह द्वारा जन्म-मृत्यु के निबंधन का समय, निबंधन कराने की जगह, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निबंधन कराने का स्थान, निःशुल्क निबंधन का समय व शुल्क चुका कर निबंधन कराने का समय, निबंधन में सुधार कराने के प्रावधान समेत अन्य जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में विजय कुमार द्वारा सीआरएस पोर्टल की जानकारी दी गईं। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो पवन कुमार महतो, कुडू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा अशोक चोपड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी किस्को बुढ़ाय सारू, प्रखंड विकास पदाधिकारी भण्डरा रंजीत सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर प्रतिभा कुजूर, सभी प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, सभी प्रखंडों व विभिन्न कार्यालयों से आये कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

## भंडरा में राधा कृष्ण संग हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारा का आयोजन

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र के मसमानो गांव में आयोजित राधा कृष्ण संग हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह भंडारा का आयोजन धूमधाम से किया गया भंडारे में जिला जय श्री राम समिति के पदाधिकारी शामिल हुए जय श्री राम समिति मसमानो अध्यक्ष त्रिविक्रम नाथ सहदेव एवं स्वामी कृष्ण चेतन जी महाराज संग ग्रामीणों ने समिति पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। तत्पश्चात जिले के पदाधिकारीयो ने राधा कृष्ण एवं हनुमान जी के चरणों में शीश झुका कर पूरे लोहरदगा वासियों के लिए सुख शांति की कामना की। भंडरा थाना प्रभारी के नेतृत्व में सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से ग्रामीण संतुष्ट दिखे' मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, विक्की कसेरा जिला मंत्री रामकुमार साहू भंडरा प्रखंड प्रभारी अवधेश मिश्रा समेत ग्रामवासी मौजूद थे।

## संयोजिका, रसोइया सह सहायिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित डॉ अनुग्रह नारायण पल्स टू उच्च विद्यालय में संयोजिका, रसोइया सह सहायिका का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में राजकीय मध्य विद्यालय कैरो, सढाबे, एडादोन, नरौली, गजनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कैरो नयाटोली, जामुन टोली, बिराजपुर, खंडा छोटकी टोली, नरौली बांध टोली,चना टोली, सढाबे डुमरटोली,राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय गाराडीह के रसोइया ने हिस्सा लिया। एम डीएम ऑपरेटर संकर लोहारा की ओर से रसोइया को विद्यालय में मिड डे मील से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने बताया गया कि विद्यालय में चल रही एमडीएम योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना रखा गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन बनाने के दौरान सरकार के द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड एप्रोन पहनें। खाना बनाने के क्रम में सावधानी बरती जाए कि खाना बच्चों के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का बुरा असर नहीं पड़े। प्रशिक्षक ने बताया कि खाना बनने के बाद हमेशा ही उसे ढंक कर रखें। मौके पर सोनी कुमारी, सीता देवी, अमृता देवी, रुकमी उरांव, बसंती उरांव, छोटन उरांव, परनो उरांव, कर्मी उरांव, सुगिया उरांव, सुनीता देवी, रौशन आरा आदि उपस्थित थे।

## लीड्स संस्था के प्रोग्राम मैनेजर ने जलडेगा में चल रहे गतिविधि कार्यों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** लीड्स संस्था की प्रोग्राम मैनेजर निरझरनी रथ और दिल्ली से आए सौमित्रा घोष ने जलडेगा प्रखंड में रियर परियोजना के तहत चल रहे गतिविधि कार्यों का जायजा लिया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उन्होंने जलडेगा पंचायत के सावनाजरा और कोनमेरला पंचायत के खरवागाढ़ा गांव पहुंचकर ग्रामीण महिला पुरुष, किसान, सामाजिक कार्यकर्ता, एसएमसी सदस्य, ग्राम सभा और उसके आठ स्थाई समिति के पदधारी, महिला समूह की सदस्य, स्कूल के बच्चों से बात चीत कर वर्तमान स्थिति से अवगत हुई। ग्रामीणों को सरकार के योजनाओं से जोड़ने और ग्रामीण स्तर पर रोजगार के साथ साथ परिसंपति निमार्ण करने के लिए उन्होंने मनरेगा को सबसे बेहतर बताया। इसके अलावा उन्होंने गांव के संगठनों को मजबूत करने और गांव का विकास करने के लिए कहा। विजिट के बाद लीड्स संस्था के प्रोग्राम मैनेजर अंचल अधिकारी से मुलाकात की और बताया कि लीड्स संस्था झारखंड के 18 जिलों के चार हजार गांव में अलग अलग मुद्दों को लेकर सीधे तौर पर काम कर रही है। और बाकी अन्य जिलों में झारखंड सरकार, यूनिसेफ, एचडीएफसी, एलआईसी, नाबार्ड, जेएसएलपीएस आदि के सहयोग से काम कर रही है। कार्यक्रम से पूर्व ग्रामीणों के साथ साथ स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर और माला पहनाकर अतिथियों का अभिनंदन किया।विजिट के दौरान साथ में प्रखंड कृषि पदाधिकारी बृजबिहारी प्रसाद, एटीएम सुजीत प्रसाद कुशवाहा, एटीएम नितेश पौल एक्का, पंचायत सचिव इनोसेंट बा, मुखिया बालमुनी लुगुन, मुखिया अनिमा तोपनो, रोजगार सेवक राम कुमार गुप्ता, उप मुखिया मगदली तोपनो, कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि अर्जुन होरो, सीसी जेएसएलपीएस बेलमती बोदरा, आईपीआरपी जेएसएलपीएस वसुंधरा कुमारी, लीड्स संस्था के कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार, जोसेफ लुगुन और कलिंद्र प्रधान मौजूद थे।

# आंसुओं को पसीने में बदलो यारों, मेहनत से हर तकदीर संवरती है : सुखदेव भगत

### अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप में रांची एकादश 1-0 से विजयी हुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में दूसरे दिन प्लस 2 नदियां हिंदू हाई स्कूल के मिनी स्टेडियम में अंतर जिला फुटबॉल चैंपियन का मैच रांची एकादश बनाम गुमला एकादश के बीच खेला गया जिसमें रांची एकादश 1-0 से विजय हुआ। अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप मैच के मुख्य अतिथि लोहरदगा के पूर्व विधायक जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत थे। मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा लोहरदगा फुटबॉल संघ को अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप का मेजबानी का दायित्व देना जिले के लिए गर्व की बात है। इससे पूर्व भी झारखंड फुटबॉल संघ ने लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ को अंडर-17 बालिका टीम का राज्य स्तरीय टीम का चयन करने का जिम्मेवारी दिया था जिससे जिला फुटबॉल संघ ने सफलतापूर्वक निभाया था। लोहरदगा में काफी छिपी हुई प्रतिभा है इस तरह का आयोजन होने से छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। श्री भगत ने कहा की जिला फुटबॉल संघ ग्रामीण स्तर पर जाकर अच्छे खिलाड़ियों का चयन कर रही है। लोहरदगा जिला को फुटबॉल हब बनाने का संघ का सोच है और इस पर फुटबॉल संघ कार्य कर रही है क्योंकि सबसे ज्यादा इस क्षेत्र में फुटबॉल खेल लोकप्रिय है। श्री भगत ने कहा कि खेल के माध्यम से भी हम आगे बढ़ सकते हैं बशर्ते खिलाड़ियों को लगन एवं प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुसरण करने को कहा कि आंसुओं को पसीने में बदलो यारों मेहनत से हर तकदीर सवरती है यानी मेहनत करोगे तो अपने लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होगी। सुखदेव भगत ने मौके पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सफल आयोजन करने में सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किए। इससे पूर्व जिला फुटबॉल संघ के द्वारा बाहर से आए हुए सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से एंजलो कुक अध्यक्ष सीएए, आसिफ नईम सचिव सीएए, मोहम्मद नसीम चेयरमैन सीएए, सागर उरांव सचिन गुमला जिला फुटबॉल संघ, जाहिद अहमद सचिव लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ, संघ के पदाधिकारी अभिनव सिद्धार्थ, फुल उरांव, शाजिद अहमद चंगू, मनोज भगत, तबारक अंसारी, शाश्वत सिद्धार्थ, वीरेंद्र यादव, अनिल उरांव, अभिषेक साहू, विजय महतो, संदीप, आलोक साहू, मोहन दुबे, बाबू सिंह, शाहिद अहमद, अनिल कुमार, रहमत अंसारी, मो. ईन अंसारी, माजिद अहमद सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।



## निर्वाचन विभाग के अवर सचिव देवदास दत्ता ने मतदान पुनरीक्षण के कार्यों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** निर्वाचन विभाग के अवर सचिव देवदास दत्ता ने तीन दिसंबर को भंडरा के ब्राह्मणडीहा हाई स्कूल में मतदान पुनरीक्षण के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही स्कूल के छात्र-छात्राओं को मतदाता पंजीयन के लिये प्रेरित किया। इस दौरान सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, बीईईओ जयनाथ महतो आदि उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने बीएलओ से पुनरीक्षण कार्यों की जानकारी ली और कहा कि वैसे मतदाता जिनकी उम्र 18 साल पूर्ण हो गई हो, पंजीयन कर उन्हें मतदाता सूची में जोड़ना है। साथ ही नाम विलोपन और वोटर आईडी को आधार के साथ लिंक करना व दिव्यांग वोटरों का रजिस्ट्रेशन भी आवश्यक है।



## पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा का निधन, केंद्रीय मंत्री सहित विधायक ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा का हृदयाघात से निधन हो गया। कोलेबिरा में हृदयाघात के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची ले जाने के क्रम में शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार कोलेबिरा प्रखण्ड स्थित उनके पैतृक गांव कोरकोटोली, अघरमा पंचायत में रविवार को किया जाएगा। ज्ञात हो कि जस्टिन केरकेट्टा 1978 के हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के सदस्य थे। प्रखंड के अघरमा निवासी पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के निधन पर केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने शोक जताते हुए कहा की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के निधन पर नासिर सिमडेगा बल्कि झारखंड हॉकी जगत के लिए भी दुखद घटना है। इनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से कितने ही नौजवान हॉकी खिलाड़ी आगे बढ़ रहे थे और अपना भविष्य देख रहे थे। ईश्वर इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें श्री चरणों में स्थान दे। इधर विधायक भूषण बाड़ा ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि ओलंपियन जस्टिन केरकेट्टा के निधन की खबर से दुख हुआ। वह भारत के एक शानदार हॉकी खिलाड़ी थे और उनकी खेल प्रतिभा भविष्य के खिलाड़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं है। उन्होंने कहा कि जस्टिन केरकेट्टा की उपलब्धि को दुनिया भर का हॉकी समुदाय याद रखेगा।

## परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

**गुमला।** परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप परमवीर की स्थापित आदम कद प्रतिमा पर उपायुक्त सुशांत गौरव अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन नगर परिषद के विशेष कार्य पदाधिकारी संजय कुमार पांडे जिला परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव सहित अनेक स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि अल्बर्ट एक्का की परम बलिदान झारखण्ड के गुमला ही नहीं पूरे देश के लिए प्रेरणा देने वाला है। अल्बर्ट जी के नाम से जिले में एक प्रखंड का भी निर्माण किया गया है। इनसे यही सब को प्रेरणा लेनी चाहिए कि हमें देश के लिए जो कुछ देना पड़े देना अगर प्राण भी देना पड़े तो जान कुर्बान करने में पीछे नहीं रहना चाहिए।

# दिव्यांगों के मांगों पर सरकार व प्रशासन करे पहल : इसरार अहमद

### कलेक्टर मैदान में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों ने बैठक कर रखी डीसी से मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विकलांग मंच के जिलाध्यक्ष इसरार अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में काला बिल्ला लगाकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दिव्यांगजनों ने अपनी मांगों को लेकर चर्चा करते हुए 6 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर सौंपी। इधर बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इसरार अहमद ने कहा कि दिव्यांग अधिकार अधिनियम एक्ट 2016 के तहत भारत सरकार एवं राज्य सरकार के अनुसार दिव्यांगजनों के लिए जनकल्याण योजनाएं है परंतु उसे धरातल पर लागू नहीं किया जा रहा है न तो कोई भी अधिकारी इसपर संज्ञान ले रहे हैं। जिससे दिव्यांगजन अपने अधिकार से वंचित हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष इसरार अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय दिव्यांग मंच राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग करती है कि हमारी मांगों को गंभीरता पूर्वक सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारी कार्रवाई करें जिससे हम दिव्यांगजन अपना जीविकोपार्जन खुशी-खुशी व्यतीत कर सकें। इधर मांग पत्र में मुख्य रूप से दिव्यांगजनों का पेंशन 01 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 सौ रुपये किये जाने, दिव्यांग स्वरोजगार आयोग से जोड़े जाने, दिव्यांगजनों के न्याय के लिए जिला के सभी थानों में नोडल पदाधिकारी का नियुक्ति किये जाने दिव्यांगों के हित में 5 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने सरकारी संस्थानों में जितने भी बहाली हुई है उसमें आरक्षण के आधार पर 5 प्रतिशत बहाली किये जाने साथ ही निजी सरकारी संस्थानों में 5 प्रतिशत बहाली दिए जाने जैसे पीसीएल, सीसीएल, एसीएल व टाटा स्टील पावर प्लांट इत्यादि कंपनियों में दिव्यांगों को प्राथमिकता के साथ नियुक्ति दिये जाने एवं 2 मई 2003 सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार जरूरतमंद दिव्यांग जनों को अंत्योदय एवं पीला कार्ड दिए जाने के आदेशों का पालन करते हुए योजना का लाभ दिए जाने आदि मांगें शामिल है। मौके पर जिला अध्यक्ष इसरार अहमद के अलावे किस्को प्रखंड दिव्यांगजन के अध्यक्ष मुजतफा अशरफ, असरफ अंसारी, साजिद शाह, सुखदेव रजवार, संतोषी कुमारी, सोनी कुमारी, लीलावती कुमारी, सुमलाल नगेसिया, बंधन उरांव, मुकेश राम सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन मौजूद थे।




## डीएवी विद्यालय में गीता जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** एमबीडीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में धर्म शिक्षक जे मेहेर द्वारा विद्यालय प्रांगण में गीता जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। गीता में संपूर्ण वेदों का सार निहित है। गीता की महत्ता को शब्दों में वर्णित कर पाना असंभव है। आज का युग परमाणु युद्ध की विभीषिका से भयभीत है। ऐसे में गीता का उपदेश ही मानव जाति का मार्गदर्शन कर सकता है तथा जीवन को सुखमय तथा आनंदमय बना सकता है। विद्यार्थियों को गीता के सार तथा महत्व से अवगत करवाने तथा धमार्नुसार आचरण करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गीता जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रा प्राची प्रियदर्शी व अस्मिता गौतम ने गीता के श्लोकों का उच्चारण किया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक व एएन झा द्वारा मनोरम भजन प्रस्तुत किया गया। धर्म शिक्षक जितेंद्र मेहेर द्वारा श्लोकों का भावार्थ बच्चों को समझाया गया। मौके पर प्राचार्य जी पी झा ने विद्यार्थियों को गीता का सार समझाते हुए जीवन के चार मूल मंत्र विद्यार्थियों को दिए। जिसमें पहला सदैव अपना कर्म करें, दूसरा कभी क्रोध न करें, तीसरा धमार्नुसार आचरण करें तथा चौथा ईश्वर पर सदा अटूट विश्वास रखें। धर्म शिक्षक जे मेहेर द्वारा हवन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## न्यूज गैलरी

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 2.54 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 547.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति तीन अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 487.3 अरब डॉलर हो गयी। हालांकि इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 39.9 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 2.5 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर कम होकर 5.03 अरब डॉलर पर आ गई।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने तमिलनाडु के किसानों को दिए 134 करोड़ रुपये के कृषि कर्ज

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने तमिलनाडु में हाल में हुए किसानों तक पहुंच बनाने के 15 दिन के कार्यक्रम के तहत यहां 134 करोड़ रुपये के कृषि ऋण मंजूर किए हैं। बड़ौदा किसान पखवाड़े के पांचवे संस्करण का आयोजन यहां 15 से 30 नवंबर तक हुआ। इसमें बैंक की 161 अर्द्ध शहरी और ग्रामीण शाखाओं ने हिस्सा लिया। बैंक ने शनिवार को एक बयान में बताया कि तमिलनाडु के 20,000 से अधिक किसानों को 134 करोड़ रुपये के कृषि कर्ज दिए गए हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख (चेन्नई) ए सरवनकुमार ने कहा, ह्यह्यहमने किसान समुदाय तक व्यापक पहुंच बनाई और उन्हें विभिन्न प्रकार के कृषि ऋणों के बारे में, बैंकिंग सेवाओं और सरकार की विभिन्न कृषि पहलों के बारे में जानकारी दी।

### पाकिस्तान ने तय समय से पहले एक अरब डॉलर के "सुकुक बांड" का भुगतान किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने शुक्रवार को तय समय से तीन दिन पहले एक अरब अमेरिकी डॉलर के अंतरराष्ट्रीय सुकुक (शरिया आधारित बांड) बांड का भुगतान कर दिया। इस तरह नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने धन अदायगी में चूक को टाल दिया है। समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने शनिवार को बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार पांच दिसंबर को अमेरिकी डॉलर मूल्य वर्ग वाले वैश्विक बांड के परिपक्व निवेश की अदायगी करनी थी। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के प्रवक्ता आबिद कमर ने अखबार को बताया, "हमने एक अरब डॉलर का भुगतान कर दिया है ह्लह्ल उन्होंने बताया कि सिटीग्रुप को भुगतान कर दिया है, जो निवेशकों को धन हस्तांतरित करेगा।

### रूस समेत अन्य देशों से तेल खरीदता रहेगा भारत: अधिकारी

नई दिल्ली। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस समेत किसी भी देश से तेल खरीदता रहेगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रूसी तेल पर यूरोपीय संघ की पाबंदी लागू होने से पहले यह बात कही। यूरोपीय संघ (ईयू) के कार्यकारी निकाय ने 27 सदस्य देशों से रूसी तेल के लिए कीमत सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल तय करने को कहा है। पश्चिमी देशों के इस कदम का मकसद वैश्विक कीमतों और आपूर्ति को स्थिर बनाए रखते हुए रूस के तेल राजस्व को कम कर यूक्रेन के साथ युद्ध लड़ने की उसकी क्षमता को प्रभावित करना है। अधिकारी ने कहा, ह्यह्यईरान और वेनेजुएला के विपरीत रूस से तेल खरीदने पर कोई पाबंदी नहीं है। ऐसे में जो कोई भी पोत परिवहन, बीमा और वित्त पोषण की व्यवस्था कर सकता है, वह तेल खरीद सकता है।" उन्होंने कहा, ह्यह्यहम रूस सहित दुनिया में कहीं से भी तेल खरीदना जारी रखेंगे।" कीमत सीमा व्यवस्था पांच दिसंबर से लागू होगी।

# टायर विनिर्माताओं पर जुर्माने के मामले में नया आदेश दे सीसीआईः एनसीएलटी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने टायर विनिमार्ताओं की कथित गुटबंदी के मामले में भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (सीसीआई) को नया आदेश जारी करने का निर्देश दिया है। एनसीएलएटी ने जारी अपने आदेश में कहा कि घरेलू टायर उद्योग को बचाने के लिए सीसीआई की तरफ से टायर विनिमार्ताओं पर लगाए गए जुमार्ने की समीक्षा करने की जरूरत है। इसके अलावा जुमार्ना लगाने में असावधानीवश हुई गलतियों और अंकगणितीय गणना पर भी पुनर्विचार करने को कहा है। प्रतिस्पर्द्धा आयोग ने अगस्त, 2018 के अपने फैसले में टायर विनिमार्ताओं पर गुटबंदी करने के एक मामले में 1,788 करोड़ रुपये से अधिक जुमार्ना लगाया था। हालांकि, उच्चतम न्यायालय की तरफ से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद ही टायर कंपनियों को फरवरी, 2022 में इस फैसले से अवगत कराया गया था। उसके बाद ही टायर कंपनियों ने एनसीएलएटी में इसके खिलाफ अपील की। सिएट, अपोलो टायर्स, जेके टायर्स, एमआरएफ, बिड़ला टायर्स और उद्योग निकाय एटीएमए ने सीसीआई के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। एनसीएलएटी में न्यायमूर्ति राकेश कुमार और न्यायमूर्ति अशोक कुमार मिश्रा की पीठ ने सुनवाई के बाद दिए अपने फैसले में कहा है कि आयोग की जांच इकाई की तरफ से कीमतों में प्रतिशत वृद्धि की गणना में गलती हुई है। इसके साथ ही पीठ ने कहा कि नियमों के उल्लंघन की स्थिति में घरेलू उद्योगों को दंडित किया जाना चाहिए लेकिन उनकी सेहत कमजोर करने के बजाय उन्हें स्थिति सुधारने का एक मौका भी दिया जाना चाहिए।

### डिजिटल रुपया पासा पलटने वाला : एसबीआई चेयरमैन

**नई दिल्ली ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक का खुदरा डिजिटल रुपया पासा पलटने वाला सबित होगा। इससे टिकाऊ प्रभाव के साथ काफी कम लागत पर मौद्रिक नीति का बेहतर तरीके से लाभ मिल सकेगा। खुदरा डिजिटल रुपए के लिए आरबीआई की केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) पायलट परियोजना बृहस्पतिवार को मुंबई, नई दिल्ली, बेंगलुरु और भुवनेश्वर में शुरू हुई। भारतीय स्टेट बैंक इसमें भाग लेने वाले बैंकों में से एक है। खुदरा डिजिटल रुपया परियोजना चार बैंकों एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और ग्राहकों एवं व्यापारियों के साथ शुरू हुई। खारा ने बयान में कहा, आरबीआई सीबीडीसी पर पायलट परियोजना पासा पलटने वाली साबित होगी।

## सोने का रेट बढ़कर 53 हजार के पार, चांदी भी 64 हजार के ऊपर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोने-चांदी के भाव आज शुरूआती कारोबार में सपाट रहे। गोल्ड और सिल्वर के दाम में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के भाव में सुबह 0.31 फीसदी के साथ तेजी देखने को मिली। वहीं, वायदा बाजार में आज चांदी में 0.15 प्रतिशत की मामूली फीसदी की तेजी दिखी। ग्लोबल मार्केट में सोने-चांदी में मजबूती बनी हुई है। 2 दिसंबर शुक्रवार को मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 99 रुपये बढ़कर 53,337 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले वायदा बाजार में कारोबार की शुरूआत भी इसी स्तर पर हुई थी। दूसरी ओर चांदी का रेट भी आज 100 रुपये की बढ़त के साथ 64,005 रुपये प्रति किलोग्राम रहा है। आज ग्लोबल मार्केट में सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव दिख रहा और दोनों के रेट नीचे आए हैं। सोने का रेट जहां कल के बंद भाव से 0. 29 फीसदी नीचे यानी 1,797. 13 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा है तो चांदी का रेट कल के बंद भाव से 0.49 फीसदी यानी 22. 59 डॉलर प्रति औंस पर है। मुंबई, हैदराबाद,केरल समेत कुछ शहरों में कल 22 कैरेट 10 ग्राम गोल्ड का भाव 49,250 रुपये रहा। बीते दिन भाव 48,750 था। यानी कीमतों में 500 रुपये की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं, 24 कैरेट सोने की कीमत आज 53,730 रुपये प्रति 10 ग्राम है। बीते दिन 24 कैरेट सोने का दाम 53,180 था। वहीं, दिल्ली, मुंबई, दिल्ली और लखनऊ समेत अन्य शहरों में चांदी का भाव 64,000 रुपये प्रति किलोग्राम है।

## अब शेयरचैट में छटनी, इस टेक कंपनी ने 100 से ज्यादा कर्मचारियों को जॉब से निकाला




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मंदी की आशंका को लेकर दुनिया की कई दिग्गज टेक कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। इसी कड़ी में भारत की घरेलू सोशल मीडिया कंपनी शेयरचैट (मोहल्ला टेक प्राइवेट लिमिटेड) ने जीत 11 नामक अपने फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म को बंद कर दिया है और 5 फीसदी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। शुक्रवार को कंपनी ने इस बात की पुष्टि की है। शेयरचैट में करीब 2,200 एम्पलाइज हैं और इस छंटनी से 100 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। गूगल और टेमासेक-समर्थित इस यूनिकॉर्न ने कहा कि वह आगे सभी भूमिकाओं और कार्यों के लिए लोगों को काम पर रखना जारी रखेगा। मोहल्ला टेक ने एक बयान में कहा, एक स्टैंडर्ड बिजनेस प्रैक्टिस के तौर पर हम समय-समय पर अपनी रणनीतियों का मूल्यांकन करते हैं। हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि हम जीत 11 के संचालन को बंद कर रहे हैं और हमने अपने कुछ कार्यों को पुनर्गठित किया है, जिसका अर्थ है टीमों के अंदर कुछ प्रतिभाओं का आना-जाना और कुछ कर्मचारी बाहर चले जाना संभव होगा। इस प्रक्रिया ने हमारे 5% से कम कर्मचारियों को प्रभावित किया है। बता दें कि शेयरचैट की स्थापना 2015 में फरीद अहसन, अंकुश सचदेवा और भानु प्रताप सिंह ने की थी। लोकप्रिय फैंटेसी गेमिंग प्लेटफॉर्म ड्रीम11 से मुकाबला करने के लिए इसने फरवरी 2020 में जीत 11 लॉन्च किया, जिससे उपयोगकर्ता क्रिकेट और फुटबॉल मैचों पर दांव लगाते थे। बीते कुछ दिनों में कई टेक स्टार्टअप्स ने एक चुनौतीपूर्ण अर्थव्यवस्था के चलते फंडिंग फ्रीज होने के कारण कर्मचारियों को कम कर दिया।

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए एक और खुशखबरी, लागू हो सकती है पुरानी पेंशन योजना

**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार के बाद पंजाब, छत्तीसगढ़ और झारखंड सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की घोषणा कर दी है. गुजरात विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफ से राज्य में सरकार बनने पर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का वादा किया गया है. दूसरी तरफ केंद्रीय कर्मचारी भी लंबे समय से पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग कर रहे हैं. नए साल से पहले आई इस खबर से केंद्रीय कर्मचारियों ने राहत की सांस ली है. सूत्रों का दावा है कि मोदी सरकार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इस पर विचार कर सकती है. केंद्रीय कर्मचारियों की लंबे समय से चल रही मांग पर कानून मंत्रालय से मशिवरा मांगा है. कानून मंत्रालय से पूछा गया है कि किस विभाग में पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जा सकता है.

## एसबीआई ने अपने पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बांड निर्गम से जुटाए करोड़ रुपये




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने पहले इंफ्रास्ट्रक्चर बॉन्ड निर्गम से शुक्रवार को 10000 करो रुपए जुटाए। यह निर्गम मूलतः 5000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए था। एसबीआई की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि बैंक इस प्रतिभूति पर वार्षिक 7.51 प्रतिशत की दर से ब्याज देगा। यह देश में अवसंरचना अवसंरचना क्षेत्र में निवेश के लिए बांड से किसी वित्तीय संस्था द्वारा जुटायी गयी सबसे बड़ी राशि है। बैंक ने कहा है कि यह जुटाया गया पैसा क्षेत्र की अवसंरचना क्षेत्र तथा किफायती आवासीय की परियोजनाओं के लिए दीर्घकालिक पूंजी के प्रबंध में इस्तेमाल किया जाएगा। एसबीआई ने कहा है कि 10 वर्ष की परिपक्वता अवधि वाले इन बांधों के प्रति निवेशकों ने जबरदस्त रुचि दिखाई और कुल 16366 करोड रुपए के बांड के लिए 143 बोलियां प्राप्त हुईं। यह इस निर्गम के प्राथमिक आकार का 3.27 गुना। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि अवसंरचना विकास भारत और भारतीय स्टेट बैंक के लिए महत्वपूर्ण प्राथमिकता का क्षेत्र है। देश का सबसे बड़ा बैंक होने के साथ एसबीआई सामाजिक, हरित और अन्य अवसंरचना परियोजना के प्रोत्साहन की दिशा में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है रहा । दीर्घकालिक बांड के इस निर्गम से प्राप्त धन से बैंक को अवसंरचना विकास के क्षेत्र में को बढ़ावा देने में और मदद मिलेगी। एसबीआई को घरेलू एजेंसियों की ओर से ट्रिपल ए रेटिंग प्राप्त है।

### यूएसआईबीसी ने भारत की जी20 अध्यक्षता का स्वागत किया

**वाशिंगटन।** शीर्ष अमेरिकी व्यापार निकाय अमेरिका भारत व्यवसाय परिषद (यूएसआईबीसी) ने भारत की जी20 अध्यक्षता का स्वागत किया है। व्यापार निकाय ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता से इस बात को दशार्ने में मदद मिलेगी कि 21वीं सदी में अमेरिका-भारत आर्थिक साझेदारी किस तरह वैश्विक आर्थिक वृद्धि, समृद्धि और लचीलेपन को आकार दे रही है। भारत ने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की। यूएसआईबीसी ने जी20 के नये अध्यक्ष के रूप में भारत का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भारत और अमेरिकी सरकारों को वैश्विक भलाई के लिए साझेदारी का विस्तार करने में मदद मिलेगी। यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स में अंतरराष्ट्रीय रणनीति और दक्षिण एशिया की वरिष्ठ उपाध्यक्ष निशा देसाई बिस्वाल ने ट्वीट किया, "भारत के पास अभूतपूर्व चुनौतियों के बीच जी20 के एजेंडा को आगे बढ़ाने का अवसर है। अमेरिका भारत रणनीति एवं साझेदारी मंच के अध्यक्ष और सीईओ मुकेश अघी ने कहा कि जी20 अध्यक्षता वैश्विक परिदृश्य में एक उभरते हुए नेतृत्वकर्ता के रूप में भारत की भूमिका को आगे बढ़ाती है।

## एसोचैम ने आरबीआई से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने का किया आग्रह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम ने रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की आगामी द्विमासिक बैठक से पहले एमपीसी से ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गति धीमी रखने का आग्रह किया है। एसोचैम ने जारी बयान में बताया कि उसने रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को लिखे अपने पत्र में उद्योग के समक्ष अन्य मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में वृद्धि दर 0.25 से 0.35 से अधिक नहीं होनी चाहिए। एसोचैम की ओर से आरबीआई को की गई प्रमुख सिफारिशों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद के लिए खुदरा ऋण को रियायती ब्याज दर के साथ प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण के रूप में मानना शामिल है। एसोचैम के महासचिव दीपक सूद ने कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए ऋण को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के ऋण के तहत शामिल किया जा सकता है। यह भारत में ईवी क्षेत्र को उत्प्रेरित करने में मदद कर करेगा। हालांकि भारत में ईवी की यात्रा अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है, ऐसे में बैंकों के साथ ही अन्य प्रकार से भी ईवी क्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत है। एसोचैम ने एक अन्य सुझाव में कहा कि आरबीआई नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए कम लागत वाले फंड की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रेपो दर पर आईआरईडीए के लिए उधार लेने की एक विशेष विंडो पर विचार कर सकता है। उसने केंद्रीय बैंक से सभी बैंकों को अकाउंट एग्रीगेटर (एए) ढांचे के तहत लाने के लिए एक समयबद्ध दृष्टिकोण पर विचार करने का भी आग्रह किया।

## अक्टूबर–नवंबर में चीनी उत्पादन मामूली बढ़कर 47.9 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** देश का चीनी उत्पादन अक्टूबर-नवंबर में मामूली वृद्धि के साथ 47.9 लाख टन रहा है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस्मा ने बयान में कहा कि चालू विपणन वर्ष 2022-23 में 30 नवंबर तक चीनी का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि के 47.2 लाख टन की तुलना में बढ़कर 47.9 लाख टन रहा है। पारिचालन वाले चीनी कारखानों की संख्या भी पहले के 416 के मुकाबले अधिक यानी 434 है। इस्मा के आंकड़ों के अनुसार, महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 2022-23 के विपणन सत्र के पहले दो माह के दौरान 20 लाख टन रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.3 लाख टन था। उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन पहले के 10.4 लाख टन से बढ़कर 11.2 लाख टन हो गया। कर्नाटक में चीनी का उत्पादन पिछले वर्ष की समीक्षाधीन अवधि के 12.8 लाख टन से घटकर इस बार 12.1 लाख टन रह गया। इस्मा ने कहा कि एथनॉल के मोर्चे पर पेट्रोलियम विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने पहले जारी किए गए दो रुचि पत्रों (ईओआई) में अबतक एथनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2022-23 में आपूर्ति के लिए लगभग 460 करोड़ लीटर आवंटित किया है। एथनॉल आपूर्ति वर्ष दिसंबर से नवंबर तक चलता है। ओएमसी ने अतिरिक्त 139 करोड़ लीटर की आवश्यकता के लिए तीसरा ईओआई जारी किया है, जिसे जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर, 2022 थी। इस्मा ने कहा कि ओएमसी वर्तमान में बोलियों की जांच कर रही हैं और जल्द ही आवंटन किए जाने की उम्मीद है।

# खिलौनों के बाद अब चाइनीज मीटर और फैन पर अंकुश लगाने की तैयारी में सरकार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खिलौनों के बाद अब केंद्र सरकार चीनी फैन और स्मार्ट मीटर के इंपोर्ट पर लगाम लगाने की तैयारी कर रही है। सरकार जल्द ही दोनों ही सामान पर क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर जारी कर सकती है। इससे पहले कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्ट्री ने सख्त क्वालिटी कंट्रोल के माध्यम से खिलौनों के इंपोर्ट पर सफलतापूर्वक लगाम लगाई थी। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि हम स्मार्ट मीटर और सीलिंग फैन के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर लाने पर विचार कर रहे हैं। इससे हमारे अपने इंडस्ट्री और कंज्यूमर्स को बेनिफिट होगा। वित्त वर्ष 2022 में भारत का सीलिंग फैन इंपोर्ट 132 फीसदी बढ़कर अनुमानित 6.22 मिलियन डॉलर हो गया। इसमें से चीन से इंपोर्ट 5.99 मिलियन डॉलर का था। वित्त वर्ष 22 के दौरान भारत का स्मार्ट मीटर इंपोर्ट 3.1 मिलियन डॉलर का था, जिसमें से चीन से लगभग 1.32 मिलियन डॉलर का आया हुआ था। 2020 में क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर जारी होने के बाद, पिछले तीन वर्षों में खिलौनों का आयात 70 प्रतिशत गिर गया। वित्त वर्ष 2019 में जहां खिलौनों का इंपोर्ट 371 मिलियन डॉलर था जो वित्त वर्ष 2022 में 110 मिलियन डॉलर रह गया। इसी अवधि के दौरान, चीन से खिलौनों का आयात 80 फीसदी या 59 मिलियन डॉलर गिर गया।

### चीन के साथ व्यापार हमेशा से घाटा का सौदा रहा है

चीन के साथ लगातार बढ़ता व्यापार घाटा हमेशा से चिंता का विषय रहा है, जिसकी वजह से भारत को पड़ोसी देश से गैर-जरूरी इंपोर्ट को रोकने के उपाय करने के लिए प्रेरित किया। वित्त वर्ष 2023 की अप्रैल-सितंबर की अवधि के दौरान, चीन को निर्यात 36.2 फीसदी घटकर 7.8 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि आयात 23.6 फीसदी बढ़कर 52.4 बिलियन डॉलर हो गया, जिससे रिकॉर्ड व्यापार घाटा 44.6 बिलियन डॉलर हो गया। इंडस्ट्री डिपार्टमेंट के अधिकारी भी उन सभी प्रोडक्ट्स के स्टैंडर्ड की जांच कर रहा है जिनमें घरेलू उद्योग की क्षमता है। जहां भी प्रोडक्ट मैनुअल, स्टैंडर्डाइजेशन प्रोसेस और टेस्टिंग लैब उपलब्ध हैं, वहां हम क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक बड़ी कवायद है जिसे हम कर रहे हैं।

### टाटा के म्यूचुअल फंड का धांसू रिटर्न, इंतजार पर 10000 के बन गए 13 लाख

**नई दिल्ली।** अगर फ्यूचर के लिए मोटी रकम का इंतजाम करना है तो इसके लिए अभी से निवेश जरूरी है। आप सही समय और सही जगह पर निवेश करते हैं तो शानदार रिटर्न मिल जाएगा। कुछ साल इंतजार के बाद ही आप मोटी रकम जुटा सकते हैं। मसलन, जिन निवेशकों ने करीब 7 साल पहले टाटा समूह की कंपनी टाटा बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड में हर माह 10 हजार रुपये का निवेश किया होगा, तो उनकी रकम अब तक 13 लाख रुपये से ज्यादा हो गई है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि टाटा बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज, बैंकिंग-फाइनेंस सर्विस सेक्टर में निवेश करने वाली ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है। इस फंड की स्थापना 28 दिसंबर 2015 को हुई थी। फंड की वैल्यू रिसर्च से 3-स्टार रेटिंग है।

### ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में करीब 600 की छंटनी करेगी

## कंपनी संबंध प्रबंधन दल में करीब 250 लोगों की भर्ती भी करेगी

ओयो के संस्थापक और समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि जिन लोगों को हम जाने दे रहे हैं, उनमें से अधिकांश को अच्छी जगह काम मिल जाए।




नयी दिल्ली (एजेंसी)। आईपीओ लाने की तैयारी में जुड़ी यात्रा प्रौद्योगिकी फर्म ओयो ने शनिवार को बताया कि वह प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट क्षेत्र में 600 नौकरियों की कटौती करेगी। इस तरह कंपनी अपने 3,700 कर्मचारियों में करीब 10 प्रतिशत को कम करेगी। साथ ही कंपनी संबंध प्रबंधन दल में करीब 250 लोगों की भर्ती भी करेगी। ओयो ने कहा कि यह कदम उसके संगठनात्मक ढांचे में व्यापक बदलावों को लागू करने का हिस्सा है। कंपनी अपने उत्पाद और इंजीनियरिंग, कॉरपोरेट मुख्यालय और ओयो 'वैकेशन होम्स' के दल का आकार घटा रही है। इसके अलावा संबंध प्रबंधन और कारोबार विकास के क्षेत्र में भर्ती की जा रही है। एक बयान में कहा गया, "ओयो अपने 3,700 कर्मचारियों में 10 प्रतिशत को कम करेगी, जिसमें 250 सदस्यों की नयी भर्ती और 600 कर्मचारियों की छंटनी शामिल है।" कंपनी ने बताया कि सुचारू कामकाज के लिए उत्पाद और इंजीनियरिंग टीमों का विलय किया जा रहा है। बेहतर उपभोक्ता और पार्टनर सेवा के लिए संबंध प्रबंधन दल में 250 सदस्यों को जोड़ा जाएगा। इससे कंपनी के मंच पर होटलों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलेगी। ओयो के संस्थापक और समूह सीईओ रितेश अग्रवाल ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे कि जिन लोगों को हम जाने दे रहे हैं, उनमें से अधिकांश को अच्छी जगह काम मिल जाए। इन कर्मचारियों का समर्थन करने के लिए ओयो टीम का प्रत्येक सदस्य और खुद मैं सक्रिय रूप से काम करूंगा।

## एक नजर इधर भी

# योग्य अधिकारी

पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति-प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयुक्तों की स्वतंत्रता पर टिप्पणियां की हैं, जिससे एक बहस शुरू हो गई है। ये टिप्पणियां मुख्य चुनाव आयुक्त के कामकाज पर टिप्पणी की तुलना में आयोग की प्रक्रिया को समझने की ओर अधिक झुकी हैं। टिप्पणियों में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टी एन शेषन (1990-96) द्वारा प्रदर्शित पेशेवर स्वतंत्रता का एक संदर्भ दिया गया है। हालांकि, शेषन के कामकाज की दूसरों से तुलना शायद उचित नहीं है, क्योंकि भारत के चुनाव आयोग के एक बहु-सदस्यीय निकाय बनने से पहले उन्होंने कुछ समय के लिए एकमात्र मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में काम किया था। कोई संदेह नहीं कि शेषन ने राजनीतिक दलों व राजनेताओं के मन में भय पैदा करने में उल्लेखनीय क्षमता व साहस का प्रदर्शन किया था, पर कई लोगों ने उनकी तानाशाही कार्यप्रणाली पर सवाल भी उठाये हैं। दूसरा, एक संदर्भ यह भी दिया गया है कि स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त के पास छह साल का कार्यकाल होना चाहिए। यह भी गलत हो सकता है। मैं करीब 15 महीने मुख्य चुनाव आयुक्त रहा, लेकिन उसके पहले चार साल चुनाव आयुक्त था। मैंने किसी व्यक्ति को दबाव बनाने नहीं दिया। कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो ज्यादातर मुख्य चुनाव आयुक्तों ने अपनी स्वतंत्रता बरकरार रखी है। स्वतंत्रता किसी व्यक्ति की प्रबंधन शैली में निहित है और यह लंबे कार्यकाल से सुनिश्चित नहीं हो सकती। ऐसेमें, योग्य व्यक्ति के चयन के लिए आयुक्त नियुक्ति प्रक्रिया मेंभी कुछ बदलाव किये जा सकते हैं एक बहु-सदस्यीय चुनाव आयोग में सभी चुनाव आयुक्त समान रैंक के होते हैं, और यदि किसी व्यक्ति को सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो यह मौजूदा चुनाव आयुक्तों की क्षमता की अनदेखी होगी, इसका परिणाम आदर्श नहीं हो सकता है। 2004 में चुनाव की प्रहरी इस संस्था ने सुझाव दिया था कि सरकार एक सामूहिक निकाय के माध्यम से आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव पर विचार करे, जिसमें नेता प्रतिपक्ष और भारत के प्रधान न्यायाधीश का एक नामित व्यक्ति शामिल हो, जैसा मुख्य सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति के लिए किया गया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इस तरह के बदलाव से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और नियुक्तियों को अधिक विश्वसनीयता मिलेगी। इसके अलावा, नियुक्ति के स्तर पर यह सलाह दी जाती है कि चुनाव आयोग के प्रत्येक सदस्य का कार्यकाल सेवानिवृत्ति की तारीख के अनुसार, यदि दो नहीं, तो कम से कम एक वर्ष का हो। नौकरशाही के बाहर से चुनाव आयुक्त नियुक्त करनेका भी सुझाव है। यह विचार दिलचस्प हो सकता है, पर ऐसे व्यक्तियों में राजनीतिक पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए। राजनीतिक दलों के बीच व्याप्त कटुता को देखते हुए किसी उम्मीदवार पर आम सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह महसूस किया जाना चाहिए कि अच्छी सेवा रिकॉर्ड वाले नौकरशाह ही बेहतर चुनाव कराने की स्थिति में होंगे। योग्य अधिकारी कारगर हो सकते हैं। यह भी तर्क दिया जा सकता है कि ऐसी नियुक्ति के लिए जजों पर विचार किया जा सकता है। पर भूलना नहीं चाहिए कि चुनाव प्रबंधन प्रशासनिक कार्य अधिक है, जिसमें तत्काल कार्रवाई की जरूरत पड़ती है। नौकरशाह कार्रवाई की मांग को पूरा करते हुए जटिल मुद्दों से निपटने में ज्यादा मुफीद होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2005 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के संचालन के लिए एक सेवानिवृत्त मुख्य चुनाव आयुक्त को नियुक्त किया था। इसी काम के लिए पहले सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जजों को जिम्मेदारी दी गई थी, पर महज 32 मतदाताओं के बावजूद चुनाव न हो सका था। तब सेवानिवृत्त मुख्य चुनाव आयुक्त ने ही तय समय मेंकाम पूरा किया था। एक सामूहिक निकाय के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को बदलकर चुनाव आयोग की पारदर्शिता, अखंडता और स्वतंत्रता को बढ़ाया जा सकता है।

■ टी एस कृष्णमूर्ति

# महिलाओं के लिए समान व निष्पक्ष समाज बनाने का आह्वान

वूमन 20 (डब्ल्यू -20) एक आधिकारिक जी-20 कार्य समूह (या इंगेजमेंट ग्रुप) है, जिसकी स्थापना 2015 में तुर्की की अध्यक्षता के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य महिलाओं से संबंधित सरोकारों का जी-20 के विमर्शों में समावेशन और जी-20 नेताओं के घोषणा पत्र में नीतियों और प्रतिबद्धताओं के रूप में परिलक्षण सुनिश्चित करना है, जो महिलाओं और पुरुषों में समानता और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहन दे सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने महिलाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। डब्ल्यू-20 इंडिया, जी-20 की भारत की अध्यक्षता को 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख' बनाने के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री के विजन को आगे ले जाने का प्रयास करेगा। भारत अगले एक वर्ष में यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि प्रधानमंत्री की योजना के अनुसार, नए विचारों की परिकल्पना करने और सामूहिक कार्रवाई में तेजी लाने के लिए जी-20 वैश्विक स्तर पर 39 रुपये प्रमुख प्रवर्तक 39 रुपये के रूप में कार्य करें। डब्ल्यू -20 इंडिया का विजन एक ऐसे समान और निष्पक्ष समाज का निर्माण करना है, जिसमें महिलाएं गरिमापूर्ण तरीके से रह सकें। इस उद्देश्य को हासिल करने में सहायता करने के लिए हमारा मिशन महिलाओं के नेतृत्व में विकास की समस्त बाधाओं को दूर करने तथा महिलाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण और इकोसिस्टम सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है, ताकि महिलाएं समृद्ध बन सकें, श्रेष्ठ बन सकें तथा अपने साथ ही साथ अन्य लोगों के जीवन में भी बदलाव ला सकें। यह कार्य समूह कार्रवाई योग्य एवं प्रभावपूर्ण वक्तव्य तैयार करने के लिए हितधारकों के साथ समावेशी विचार-विमर्श को सुगम बनाएगा। इसके अलावा, यह वैविध्यपूर्ण और अंतरवर्गीय हितों के संपूर्ण प्रतिनिधित्व की जरूरत को सबसे आगे रखते हुए डब्ल्यू-20 की सिफरिशों को जी-20 वार्ताओं- और अंततः जी-20 नेताओं के घोषणापत्र तक पहुंचाएगा। हमारा उत्तरदायित्व है कि हम महिला उद्यमियों के साथ जी-20 की सक्रिय संबद्धता बढ़ाते हुए और महिला-पुरुष समानता को बढ़ावा देने वाली नीतियों के प्रति संकल्पबद्धताओं को रेखांकित करते हुए महिलाओं की प्रमुख समस्याओं के बारे में सर्वसम्मति कायम करें। एक समूह होने के नाते, हम अध्यक्षताओं के बीच डब्ल्यू-20 एजेंडे की निरंतरता सुनिश्चित करते हुए सशक्त डब्ल्यू-20 के वैश्विक और राष्ट्रीय नेटवर्क की स्थापना करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इन प्राथमिकताओं को रेखांकित करने के लिए डब्ल्यू-20 की रणनीति के अंतर्गत 4 सी दृष्टिकोण - मिलकर कार्य करना, सहयोग करना, वार्ता करना और सर्वसम्मति कायम करना तथा कार्रवाई करने का आह्वान शामिल होगा। हम महिलाओं की समस्याओं से संबंधित विविध हितधारकों को समाविष्ट, शामिल और संलग्न करेंगे।

### जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान डब्ल्यू-20 चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा

जमीनी स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व निर्माण, महिला उद्यमिता, महिलाओं और पुरुषों में डिजिटल डिवाइड को दूर करना, शिक्षा और कौशल विकास के जरिए रास्ते बनाना।

**हितधारक :** हमारे प्राथमिक हितधारकों में जमीनी स्तर की जनजातीय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के साथ ही साथ खेती-बाड़ी करने वाली, अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाली, कारीगर और हथकरघा तथा हस्तशिल्प क्षेत्र में काम करने वाली महिलाएं, महिला उद्यमी, आंगनवाड़ी कामगार और पीआरआई आदि शामिल हैं। डब्ल्यू-20 अपने विद्यार्थी आउटरीच कार्यक्रमों के लिए अकादमिक और अनुसंधान संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य करेगा, साथ ही साथ श्वेत पत्र, नीतिगत सारांश और अनुसंधान पत्र जैसे जानकारी देने वाले दस्तावेज (नॉलेज प्रोडक्ट) तैयार करेगा। डब्ल्यू-20 को चर्चा का समावेशी और वैविध्यपूर्ण मंच बनाने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महिला सिविल सोसायटी फोरम, स्थानीय गैर सरकारी संगठन, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां, आईएलओ, वाणिज्य मंडल आदि को शामिल किया जाएगा। जन आंदोलन एवं जन जागृति; गली टू दिल्ली : गांवों और शहरों में सिलसिलेवार बैठकों और कार्यक्रमों के जरिए, डब्ल्यू -20 समाज के सभी वर्गों की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। डब्ल्यू-20 के बारे में जागरूकता फैलाने और कार्य समूह द्वारा तैयार किए जाने वाले नीतिगत सारांशों और वक्तव्यों में नागरिकों की आवाज को शामिल करने के लिए गांवों में चौपाल की बैठकें आयोजित की जाएंगी। प्रस्ताव पारित करने के लक्ष्य के साथ ग्राम सभा के स्तरों पर बैठकें की जाएंगी, जिससे ग्राम स्तर पर सहयोगपूर्ण वातावरण सुनिश्चित होगा। इसके अलावा डब्ल्यू-20 के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के समर्थन में देश भर में पोस्ट कार्ड अभियान चलाए जाएंगे, जो बदले में नीति निमार्ताओं और नीतिगत परिणामों को प्रभावित करेंगे। इसके अलावा, भारत की समृद्ध संस्कृति और धरोहर को दशार्ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ बड़े पैमाने पर चार विश्व-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इनमें शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां, साथ ही साथ नेनो उद्यमियों और स्थानीय व्यंजनों की प्रस्तुति सहित हथकरघा और हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रथम बैठक 13-15 फरवरी, 2023 को औरंगाबाद में आयोजित होगी। महिला उद्यमिता : डब्ल्यू-20 का एजेंडा, विशेष तौर पर लक्ष्य 8.3 (एसडीजी) में उद्यमिता और गरिमापूर्ण कार्य के महत्व को मान्यता देता है, जिसमें कहा गया है - उपयोगी गतिविधियों, गरिमापूर्ण रोजगार के सृजन, उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार में सहायता देने वाली तथा सूक्ष्म, लघु और मझौले आकार के उद्यमों की स्थापना और विकास को प्रोत्साहन देने वाली वित्तीय सेवाओं तक पहुंच के जरिए विकासोन्मुखी नीतियों को बढ़ावा देना। डब्ल्यू-20 उद्यमियों, स्टार्टअप यूनिकॉर्न, नेनो और सूक्ष्म उद्यमियों के साथ संवाद और परामर्श करेगा और उनकी सिफारिशों को रेखांकित करेगा।

**वैश्विक सर्वसम्मति बनाना :** महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, विश्व में निवेश, बडे. उभरते बाजारों, प्रतिभाशाली समूहों और जनसांख्यिकीय लाभांश के सर्वाधिक आशाजनक क्षेत्रों में से एक है, जिसका उपयोग किया जाना बाकी है। डब्ल्यू-20 सुशासन, आर्थिक विकास, गरीबी और भूख मिटाने, खाद्य सुरक्षा और सबके लिए पोषण हासिल करने, सतत उपभोग और उत्पादन की परिपाटियों, पर्यावरणीय टिकाऊपन को प्राथमिकता देने तथा समग्र रूप से एसडीजी हासिल करने में फोर्स मल्टीप्लायर के रूप में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर वैश्विक सर्वसम्मति बनाने का कार्य करेगा। व्यापार, सरकार, महिला और सिविल सोसायटी सहित समस्त हितधारकों के लिए कार्रवाई करने के सार्वभौमिक आह्वान के रूप में डब्ल्यू-20 एजेंडा साझा प्रयासों के लिए प्राथमिकताएं स्पष्ट करता है, ताकि हाशिए पर मौजूद वर्गों की महिलाओं समेत समस्त महिलाएं आर्थिक वृद्धि और विकास के लाभ साझा कर सकें, कोई भी पीछे छूटने न पाए। डब्ल्यू-20, जी-20 और डब्ल्यू-20 त्रोइका पर ध्यान केंद्रित करेगा और डब्ल्यू-20 की प्राथमिकताओं और कार्य की निरंतरता सुनिश्चित करेगा।

**रोल मॉडल और महिला मार्गदर्शक :** महिलाओं ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और अनेक क्षेत्रों की उपलब्धियों में अपार योगदान दिया है। डब्ल्यू-20 महिलाओं को कुछ हासिल करने के लिए प्रेरित करने में समर्थ रोल मॉडलों की पहचान करेगा।

**सरकार और सिविल सोसायटी की परिवर्तनकारी योजनाएं और कार्यपद्धतियां :** महिलाओं के लिए काम करने वाले गवर्नेंस के मॉडलों को समझने के लिए सरकारी योजनाओं का विश्लेषण करना डब्ल्यू-20 की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। उदाहरण के लिए, मध्य प्रदेश की लाडली लक्ष्मी योजना का उपयोग सरकार और सिविल सोसायटी की अच्छी कार्यपद्धतियों को दशार्ने के लिए एक केस-स्टडी के रूप में किया जा सकता है।

डॉ. संध्या पुरेचा, अध्यक्ष के रूप में डब्ल्यू-20 कार्य समूह की अगुवाई कर रही हैं। इस कार्यसमूह में भारतीय प्रतिनिधियों/प्रतिभागियों के रूप शामिल प्रमुख महिलाओं में डॉ. ज्योति किरण शुक्ला, प्रो. शमिका रवि, सुश्री भारती घोष, रवीना टंडन और डब्ल्यू-20 सचिवालय (फिक्की एफएलओ) की मुख्य समन्वयक के रूप में धारित्री पटनायक शामिल हैं। अमूल इस कार्य समूह का संस्थागत साझेदार है।

■ डॉ. संध्या पुरेचा
अध्यक्ष डब्ल्यू-20 एवं धारित्री पटनायक, मुख्य समन्वयक, डब्ल्यू-20 सचिवालय

# उजागर हो रही चीन शासन मॉडल की निरर्थकता

चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सख्त 'जीरो कोविड नीति' सेहो रही परेशानियों पर सरकार द्वारा ध्यान न दिये जाने के कारण आम लोगों में नाराजगी बढ़ने लगी है। यह गुस्सा उस समय शंघाई और बीजिंग सेलेकर शिनजियांग व तिब्बत तक की सड़कों पर दिखने लगा, जब शिनजियांग प्रांत के पश्चिमोत्तर शहर उरुम्की मेंएक इमारत में आग लगने से 10 लोगों की मौत हो गई। इन विरोध-प्रदर्शनों की उल्लेखनीय बात यह है कि इनमें राष्ट्रपति जिनपिंग की खुली आलोचना की जा रही है और उनसे इस्तीफे की मांग हो रही है। चीन के शीर्ष नेता के रूप में अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले शी जिनपिंग फिलहाल अपनी वैश्विक साख चमकाने की कोशिशों में हैं, मगर ऐसा लग रहा हैकि घर मेंअपनी नीतियों से पैदा हो रहे संकट और गुस्से से बेखबर हैं। पिछले महीने की पार्टी कांग्रेस में उन्होंने अपनी सख्त कोविड नीति को 'सफल' बताते हुए उसे आगे 'जारी रखने' की प्रतिबद्धता जताई। मगर ऐसा लगता है कि जिन क्षेत्रों में कोविड संक्रमण का पता चल रहा है, वहां पर सख्त लॉकडाउन लागू करने से पनप रहे असंतोष को कम करके आंका जा रहा है। साफ है, आम लोगों की यह मुखरता सत्ता के अति-केंद्रीकरण की शी जिनपिंग नीति के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। यह सब शासन के अधिनायकवादी मॉडल के खतरे को भी बखूबी उजागर कर रहा है। वहां आलम यह हैकि संकीर्णसत्ता-व्यवस्था आम नागरिकों की दुर्दशा का जवाब देनेके लिए लगातार संघर्षकर रही है। इससे चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की स्थिति नाजुक होती जा रही है, जिसने दशकों से अपना राजनीतिक वर्चस्व बनाये रखने के लिए वहां अनवरत कोशिश की है। हालांकि, चीन की मुख्य भूमि सेदूर ताइवान में शासन के प्रति एक अन्य असंतोष मतपेटी के माध्यम से जाहिर हुआ है। वहां राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अपनी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के प्रमुख पद से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि स्थानीय चुनावों में उसका प्रदर्शन खराब रहा। बेशक ये चुनाव काफी हद तक स्थानीय सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर लड़े गये थे, लेकिन राष्ट्रपति वेन नेचीन के साथ बढ़ते तनाव को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था और चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को लोकतंत्र का संदेश देने के रूप में इसे लड़ा था। मगर मतदाताओं ने राष्ट्रपति वेन को अपना रुख बता दिया है। जाहिर है, ताइवान और चीन में आज जो कुछ हो रहा है, उसकी तुलना करने से हमें न केवल अधिनायकवाद के खतरों के बारे में पता चलता है, बल्कि यह भी कि ताइवान के लिए खड़े होने के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। लंबे समय तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी नेदुनिया के एक बड़े हिस्से को यह विश्वास दिलाया है कि उसका शासन मॉडल बेहतर है, क्योंकि इसमें आर्थिक विकास भी हैऔर राजनीतिक स्थिरता भी। दुर्भाग्य से, कई लोकतांत्रिक देश भी इसके हिमायती दिखे हैं। निश्चय ही, पारिभाषिक तौर पर लोकतंत्र कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता। इसमेंराष्ट्रीय हित में आम सहमति बनाने के लिए तमाम साझेदारों को एक साथ आना पड़ता है, जिससे विचारों में भिन्नता स्वाभाविक है। मगर लोकतांत्रिक दुनिया, आदर्शवादी पूर्णता को खोजने के प्रयास में, अधिनायकवादी ताकतों को चुनौती देने के बजाय अपनी अंतर्निहित कमियों का पता लगाने में अधिक डूब गई। इससे शासन के चीनी मॉडल की धारणा मजबूत होती गई। लोकतांत्रिक दुनिया यदि अपने मूल्यों को लेकर खड़ा नहीं होगी, तो शासन के अन्य मॉडल भला उसको विकल्प क्यों मानेंगे? आज चीन की आक्रामकता और उसकी आंतरिक कमजोरियों ने लोकतांत्रिक दुनिया को यह बताने का मौका दिया हैकि चीन का शासन मॉडल कभी भी आम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के मामले में उनके आगे नहीं ठहर सकता। इससे पहले भी चीन में विरोध-प्रदर्शन हुए हैं और इस बार भी आशंका यही है कि चीन का शासन सख्ती सेइस असंतोष को दबा देगा।

> चीन के शीर्ष नेता के रूप में अभूतपूर्व तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले शी जिनपिंग फिलहाल अपनी वैश्विक साख चमकाने की कोशिशों में हैं, मगर ऐसा लग रहा हैकि घर मेंअपनी नीतियों से पैदा हो रहे संकट और गुस्से से बेखबर हैं। पिछले महीने की पार्टी कांग्रेस में उन्होंने अपनी सख्त कोविड नीति को 'सफल' बताते हुए उसे आगे 'जारी रखने' की प्रतिबद्धता जताई। मगर ऐसा लगता है कि जिन क्षेत्रों में कोविड संक्रमण का पता चल रहा है, वहां पर सख्त लॉकडाउन लागू करने से पनप रहे असंतोष को कम करके आंका जा रहा है।

■ हर्षवी पंत

## है न विचित्र बात !

# राजस्थान में कांग्रेस

राजस्थान में आगामी पांच दिसंबर को सरदार शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उपचुनाव जीतने के लिए जहां प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के नेता अपनी पूरी ताकत लगाये हुए हैं। वहीं मतदान से पूर्व ही भाजपा नेताओं ने हार मान ली है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने पिछले दिनों बयान दिया था कि उपचुनाव में कांग्रेस जीतती है और मुख्य चुनाव में भाजपा जीतती है। पूनियां का कहने का आशय था कि राजस्थान में विधानसभा के जो उपचुनाव हुए हैं उनमें अधिकांश में कांग्रेस पार्टी जीती है। भाजपा सिर्फ राजसमंद विधानसभा सीट का ही उपचुनाव जीत पाई है। राजसमंद में भाजपा विधायक किरण माहेश्वरी के निधन होने से उनकी बेटी दीप्ति माहेश्वरी को टिकट देकर भाजपा ने उपचुनाव लड़वाया था और दीप्ति माहेश्वरी चुनाव में जीत गई थीं। इसके अलावा अन्य सभी सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा की हार हुई थी। इतना ही नहीं भाजपा ने धरियावद से पार्टी विधायक गौतम लाल मीणा के निधन से हुए उपचुनाव में उनके बेटे कन्हैया लाल मीणा का टिकट काटकर खेत सिंह को चुनाव लड़वाया था। जहां भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस के पूर्व विधायक नगराज मीणा के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था। कांग्रेस ने जितने भी विधानसभा उपचुनाव जीते, उन सभी सीटों पर मृतक विधायकों के परिवारजनों को ही प्रत्याशी बनाकर सहानुभूति फैक्टर का फायदा उठाया था। जबकि भाजपा ऐसा करने में विफल रही। चूरू जिले की सरदारशहर सीट पर भाजपा ने पूर्व में चार बार चुनाव लड़ चुके अशोक पिंचा को अपना प्रत्याशी बनाया है। अशोक पिंचा एक बार 2008 में जीतने में सफल भी रहे थे। मगर उसके बाद लगातार हारते रहे हैं। हालांकि पिंचा ने उपचुनाव लड़ने के लिए मना कर दिया था। मगर पार्टी नेतृत्व ने उन्हीं पर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतार दिया। सरदारशहर विधानसभा सीट भाजपा के लिए ज्यादा अच्छी नहीं मानी जाती है। भाजपा प्रत्याशी यहां सिर्फ दो बार जीते हैं। 1980 में मोहनलाल चुनाव जीते थे। मगर उनके निधन पर 1982 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के केसरी चंद बोहरा जीतने में सफल रहे थे। 2008 में भाजपा के अशोक पिंचा चुनाव जीते थे। इसके अलावा सरदार शहर में भाजपा कभी कोई चमत्कार नहीं दिखा पाई थी। कांग्रेस ने जहां सात बार जीते हुए विधायक भंवरलाल शर्मा की मृत्यु होने पर उनके बेटे अनिल शर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने लालचंद मुंड को प्रत्याशी बनाया है। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का प्रत्याशी आने से सरदार शहर में मुकाबला तिकोना माना जा रहा है। लालचंद मुंड जाट समाज से आते हैं तथा एक बार पूर्व में बसपा से चुनाव लड़ चुके हैं। वह पिछले पांच साल से डेयरी चेयरमैन हैं तथा पूर्व में सरपंच भी रह चुके हैं। अभी उनकी पत्नी सरपंच हैं। सरदारशहर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक जाट मतदाताओं की संख्या है। ऐसे में यदि जाट मतदाता लालचंद मुंड के पक्ष में एकजुट हो जाते हैं तो चुनावी संघर्ष काफी कड़ा हो सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा ब्राह्मण समाज से हैं। अनिल शर्मा को गहलोत सरकार में राज्यमंत्री का दर्जा मिला हुआ था। उनके पिता भंवरलाल शर्मा राजस्थान ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष थे तथा राजस्थान में भैरोंसिंह शेखावत की सरकार में नहर मंत्री रह चुके थे। सरदारशहर से सात बार जीतकर भंवरलाल शर्मा राजस्थान के बड़े नेता माने जाते थे।

■ रमेश सर्राफ धमोरा

# मानवता के कल्याण की खातिर बदलेंगे सोच, जी-20 में भारत की अध्यक्षता

जी-20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, इंटरनैशनल टैक्सेशन को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे, तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- 'क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं?' **विश्वास से भरी दुनिया :** मेरा विश्वास है कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं। पूरे इतिहास के दौरान मानवता का जो स्वरूप होना चाहिए था, उसमें एक प्रकार की कमी दिखी। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा को ही जैसे आदर्श मान बैठे। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब विभिन्न देश, क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं, जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य हमारे भीतर और हमारे बीच भी हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम- 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन करने के पर्याप्त साधन हैं। आज हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है- हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। **सकल विश्व का सूक्ष्म जगत :** सौभाग्य से आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी देती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, उससे हमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों की व्यापकता का भी पता चलता है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी आदेश से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्पलेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से में हमारे साथ चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जायेगा। हमारी प्राथमिकताएं हमारी एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देखभाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे।

**एक पृथ्वी, एक परिवार :** मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढियों में उम्मीद जगाने के लिए; हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।

> आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादन करने के पर्याप्त साधन हैं। आज हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है- हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। सकल विश्व का सूक्ष्म जगत : सौभाग्य से आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी देती है।

(■ नरेन्द्र मोदी लेखक देश के प्रधानमंत्री है)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# विकलांगों की योग्यता को ध्यान में रखकर उन्हें सुविधानुसार काम मिले

विकलांगता एक बहुत बड़ी समस्या बनकर के स्वयं के समाधान के लिए एक चुनौती स्वरूप समस्या बनकर हमारे सामने खड़ी होकर हमें विवश करती है। अतः उन्हें इस तरह के कामों में लगा देना चाहिए इस तरह विकलांगों की योग्यता को ध्यान में रखकर उन्हें उनकी सुविधानुसार कामो में लगा कर विकलांगता के भयावह समस्या का हल ढूंढा जा सकता है। विकलांगता का अर्थ बहुत स्पष्ट है शरीर के किसी अंग से विकल या अक्षम होने की दशा यह स्थिति विकलांगता कही जाती है इस प्रकार विज्ञान का अर्थ ऐसा व्यक्ति है जो किसी अंग के ना होने अथवा उसके अक्षम हो जाने पर सामान्य से सामान्य काम करने में असमर्थ या अयोग्य हो इसे यू समझा जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति एक आंख ना होने के कारण दिव्यांग है अथवा एक कान से बहरा है अथवा उसके शरीर का कोई अंग अपेक्षित रूप में काम नहीं कर रहा है तो वह विकलांग है। इस तरह यदि कोई व्यक्ति दोनों उचित है या दोनों कानों से बहरा है, अथवा उसका एक हाथ यह दोनों हाथ नहीं काम कर रहे है। अथवा उसका एक तो लिया दोनों पर काम करने असमर्थ है तो वह विकलांग है। ऐसा इसलिए क्योंकि बिना आवश्यक और उपयुक्त काम करने योग्य नहीं है। विकलांगता के कई कारण हो सकते हैं कोई भी व्यक्ति जन्म से भी विकलांग हो सकता है। इसी तरह कोई भी व्यक्ति जन्म से बहरा गूंगा भी हो सकता है। इस तरह विकलांगता ईश्वरी अभिशाप है। इस दृष्टि से विकलांगता एक बहुत बड़ी समस्या बनकर के स्वयं के समाधान के लिए एक चुनौती स्वरूप समस्या बनकर हमारे सामने खड़ी होकर हमें विवश करती है। विकलांगता के कारण एक नहीं अपितु अनेक है ।कोई जन्म से ही विकलांग होता है। तो कोई जन्मो प्रांत किसी घटना दुर्घटना के परिणाम स्वरूप विकलांग होता है। इस कारण से कुछ विकलांगता ऐसी होती है। जिसका इलाज संभव होता है उसके विपरीत कुछ ऐसी विकलांगता होती है जिसका इलाज कतई संभव नहीं होता है। इस संदर्भ में यह स्पष्ट कर देना आवश्यक प्रतीत होता हो रहा है कि जन्म से विकलांगता का इलाज क्यों नहीं संभव है। दूसरी ओर जन्म प्रांत विकलांगता का इलाज भी संभव नहीं होता है। विकलांगता चाहे जिस प्रकार की हो उसके इलाज के लिए गरिबों के पास प्राप्त साधन और धन की बहुत बड़ी आवश्यकता होती जो नहीं है। आधुनिक जीवन ने आंदोलन को आसान बनाने के लिए डिजाइन की गई कई तकनीकों का निर्माण किया है। उदाहरण के लिए, आधुनिक शहरों में इसे प्राप्त करने के लिए सीढ़ियां, रेलगाड़ियां, कार, दरवाजे और लिफ्ट हैं। हालांकि, विकलांग लोगों के लिए इन तकनीकों का उपयोग करना आसान नहीं है। उनमें से बहुत से लोग पाते हैं कि वे किसी और की मदद के बिना सीढ़ियां नहीं चढ़ सकते, कार नहीं चला सकते। यहां तक कि ट्रेन तक नहीं पहुंच सकते। इसलिए, जबकि बाकी दुनिया प्रौद्योगिकी के लाभों का आनंद ले रही है। एक विकलांग व्यक्ति को अभी भी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए इन चुनौतियों से पार होना होता है। इस दावे के कुछ विरोधियों का दावा होगा कि विकलांग व्यक्ति का जीवन आज समस्या रहित है क्योंकि गति और अन्य अंतःक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए बहुत सारे उपकरण विकसित किए गए हैं। उदाहरण के लिए, कटे हुए पैरों वाला व्यक्ति कृत्रिम अंग खरीद सकता है या व्हीलचेयर का उपयोग कर सकता है। हालांकि, विकलांगों के लिए कुछ सर्वोत्तम सहायक प्रौद्योगिकियां काफी महंगी है। औसत नागरिक उन्हें वहन नहीं कर सकते। उनमें से कई को व्हीलचेयर जैसे उपयोग-में-मुश्किल उपकरणों का सामना करना पड़ेगा, जो हमेशा कुछ जगहों में फिट नहीं हो सकते हैं। उन नियमित उपकरणों का उपयोग करने के लिए उन्हें स्वयं भी परिश्रम करना पड़ता है। यह शर्म की बात है कि हम जब भी समाज के विषय में विचार करते हैं, तो सामान्य नागरिकों के बारे में ही सोचते हैं, उनकी ही जिंदगी को हमारी जिंदगी का हिस्सा मानते हैं, इसमें हम विकलांगों को छोड़ देते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है? ऐसा किस संविधान में लिखा है कि ये दुनिया केवल पूर्ण मनुष्यों के लिए ही बनी है? बाकी वे लोग, जो एक साधारण इंसान की तरह व्यवहार नहीं कर सकते, उन्हें अलग क्यों रखा जाता है? क्या इन लोगों के लिए यह दुनिया नहीं है। इन विकलांगों में सबसे बड़ी बात यही होती है कि ये स्वयं को कभी लाचार नहीं मानते। वे यही चाहते हैं कि उन्हें अक्षम न माना जाए। उनसे सामान्य तरह से व्यवहार किया जाए, पर क्या यह संभव है। प्रश्न यह भी है कि विकलांग लोगों को बेसहारा और अछूत क्यों समझा जाता है? उनकी भी 2 आंखें, 2 कान, 2 हाथ और 2 पैर हैं और अगर इनमें से अगर कोई अंग काम नहीं करता तो इसमें इनकी क्या गलती? यह तो सब नसीब का खेल है। इंसान तो फिर भी ये कहलाएंगे, जानवर नहीं। फिर इनके साथ जानवरों जैसा बर्ताव कहां तक उचित है? किसी के पास पैसे की कमी है, किसी के पास खुशियों की, किसी के पास काम की, तो अगर वैसे ही इनके शारीरिक, मानसिक, ऐन्द्रिक या बौद्धिक विकास में किसी तरह की कमी है तो क्या हुआ है? कमी तो सबमें कुछ-न-कुछ है ही, तो इन्हें अलग नजरों से क्यों देखा जाए। परिपूर्ण यानी सामान्य मनुष्य समाज की यह विडंबना है कि वे अपंग एवं विकलांग लोगों को हेय की दृष्टि से देखते हैं। लेकिन विकलांग लोगों से हम मुंह नहीं चुरा सकते, क्योंकि आज भी कहीं-न-कहीं हम जैसे इन्हें हीनभावना का शिकार बना रहे हैं। उनकी कमजोरी का मजाक उड़ाकर उन्हें और कमजोर बना रहे हैं। उन्हें दया से देखने के बजाय उनकी मदद करें। आखिर उन्हें भी जीने का पूरा हक है और यह तभी मुमकिन है, जब आम आदमी इन्हें आम बनने दें। विकलांगता दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि जो विकलांग है। उन्हें ऐसे कार्य में लगाया जाए जैसे बहरा सुन तो नहीं सकता है, लेकिन देख सकता है। इसलिए उसे कोई निगरानी करने के काम में लगाया जाना चाहिए। अंधे देख नहीं सकते पर सूत काट सकते हैं। बोल सकते हैं।




❖ सुरेन्द्र कुमार

## दिव्यांगता से हमारा परिचय कदम-कदम पर होता रहता है

हमारे देश में दिव्यांगों के प्रति दो तरह की धारणाएं देखने को मिलती है। पहला, यह कि जरूर इसने पिछले जन्म में कोई पाप किया होगा, इसलिए उन्हें ऐसी सजा मिली है। दूसरा कि उनका जन्म ही कठिनाइयों को सहने के लिए हुआ है। इसलिए उन पर दया दिखानी चाहिए। हालांकि यह दोनों धारणाएं पूरी तरह बेबुनियाद और तर्कहीन हैं। बावजूद इसके, दिव्यांगों पर लोग जाने-अनजाने छींटाकशी करने से बाज नहीं आते। वे इतना भी नहीं समझ पाते हैं कि क्षणिक मनोरंजन की खातिर दिव्यांगों का उपहास उड़ाने से भुक्तभोगी की मनोदशा किस हाल में होगी। तरस आता है ऐसे लोगों की मानसिकता पर, जो दर्द बांटने की बजाय बढ़ाने पर तुले होते हैं। एक निःशक्त व्यक्ति की जिंदगी काफी दुख भरी होती है। घर-परिवार वाले अगर मानसिक सहयोग न दें तो व्यक्ति अंदर से टूट जाता है। वास्तव में लोगों के तिरस्कार की वजह से दिव्यांग स्व-केंद्रित जीवनशैली व्यतीत करने को विवश हो जाते हैं। दिव्यांगों का इस तरह बिखराव उनके मन के जीवन के प्रति न सोचने दो उन्हें भी कष्ट होता हम भी एक मनुष्य ही हैं। दिव्यांगता से हमारा परिचय कदम-कदम पर होता रहता है। कई बार ऐसा लगता है जैसे हम अपने जीवन से खुश नहीं हैं शिकायतें करते रहते हैं। विधाता से हमारी शिकायतों का पिटारा भरा रहता है। हमें ये नहीं मिला, वो नहीं मिला पर सोचिए जिन्हें यह सम्पूर्ण शरीर ही नहीं मिला। वे कैसा महसूस करते होंगे कैसा रसहीन जीवन व्यतीत करते होंगे। मात्र वैभव के लिए, सुविधाएं पाने के लिए, छोटी-छोटी वस्तुओं के लिए, हम छटपटाने लगतें हैं। बेचैन हो जाते हैं। पर अमूल्य इन अंगों की कमी कितना बेचैन कर देने वाली होती होगी। ये उनसे पूछिए जो अधूरा जीवन जी रहे हैं। अपनी सम्पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ। अपने अभावों में वे स्वयं को कमजोर नहीं होने देते। वे अपना मार्ग स्वयं प्रशस्त करते हैं और दिव्यांगता को अपनी मजबूरी नहीं बनने देते। मूक होकर भी सब कुछ बोल जाते हैं। बधिर होकर सब सुन लेते हैं। दृष्टिहीन होकर भी स्पष्ट देख लेते हैं। पंगु होकर भी जो जिन्दगी की दौड़ में आगे निकल जाते हैं। ऐसे दिव्यांगो की कर्मठता के आगे हम स्वयं का आकलन भी नहीं कर पाते नतमस्तक हैं हम उनके प्रति जो हमें जिन्दगी का पाठ सिखाते हैं। स्वस्थ शरीर के बावजूद बहुत से व्यक्ति अधूरे ही होते हैं और दिवयांग तन-मन से सम्पूर्ण होते हैं।

❖ वेद प्रकाश

## विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनायें


आज का दिन दिव्यांगों के प्रति व्यवहार में बदलाव लाना होगा। विकृति लोगों के साथ ही अन्य परिजनों को उनके अधिकार के लिए जागरूकता फैलाना है। इस दिवस को मनाने का एक और उद्देश्य है उनके प्रति करूणा, आत्म - सम्मान, और जीवन को बेहतर बनाने का समर्थन और सहयोग दोनों देना होगा। तभी इनकी समस्या कुछ हृदय तक दूर समझा जाएगा। विकलांगता एक ऐसी परिस्थिति है जिससे हम चाहकर भी पीछा नहीं छुड़ा सकते। एक आम आदमी छोटी-छोटी बातों पर झुंझला उठता है, तो जरा सोचिए उन बदकिस्मत लोगों को जिनका खुद का शरीर उनका साथ छोड़ देता है, फिर भी जीना कैसे है। कोई इनसे सीखे। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने विकलांगता को अपनी कमजोरी नहीं, बल्कि अपनी ताकत बनाया है। ऐसे लोगों ने विकलांगता को अभिशाप नहीं, वरदान साबित किया है।जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। कहते हैं, 'जब सारे दरवाजे बंद हो जाते हैं तो भगवान एक खिड़की खोल देता है। लेकिन अक्सर हम बंद हुए दरवाजे की ओर इतनी देर तक देखते रह जाते हैं कि खुली हुई खिड़की की ओर हमारी दृष्टि भी नहीं जाती। ऐसी परिस्थिति में जो अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से असंभव को संभव बना देना चाहिए वे अमर हो जाते हैं। दृढ़ संकल्प वह महान शक्ति है, जो मानव की आंतरिक शक्तियों को विकसित कर प्रगति पथ पर सफलता की इबारत लिखी जाती है। मनुष्य के मजबूत इरादे दृष्टिदोष, मूक तथा बधिरता को भी परास्त कर देते हैं। पूरी दुनिया में 1 अरब लोग विकलांगता के शिकार हैं। अधिकांश देशों में हर 10 व्यक्तियों में से 1 व्यक्ति शारीरिक या मानसिक रूप से विकलांग है। इनमें कुछ संवेदनाविहीन व्यक्ति भी हैं। 'विकलांगता' एक ऐसा शब्द है, जो किसी को भी शारीरिक, मानसिक और उसके बौद्धिक विकास में अवरोध पैदा करता है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में अलग ही नजर न देखे। यह सार्वभौमिक सत्य है कि विकलांगता का समाधान तभी संभव है। जब हम इसके प्रति अपना पुरा दृष्टिकोण रखें इसके प्रति अपना नैतिक उत्तरदायित्व को निभाने के लिए दृढ़ संकल्प लें अपने निजी स्वार्थों को बलि देकर इसके समाधान की दिशा ढूंढे। इस प्रकार विकलांगता को दूर करने के लिए हमें विकलांगों के प्रति स्वस्थ मानवीय दृष्टिकोण का परिचय देना पड़ेगा। अपने हीन भावना को त्याग कर देना चाहिए। विकलांगों में आत्मविश्वास को जलाना चाहिए उनके अनुभव देना चाहिए कि समाज के अधीन और अटूट उन्हें एक सामान्य जीवन जीने का मौलिक अधिकार है। वह समाज और राष्ट्र की सभी गतिविधियों और स्वरूपों के लिए उत्तरदाई बनकर अपनी उपलब्धियों से अपनी अद्भुत पहचान बनाने में सक्षम और योग्य है। चूंकि विकलांगता एक अंतरराष्ट्रीय समस्या है। इसके हल के लिए एक बहुत बड़ा और व्यापक स्तर पर सभी देश कदम उठा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र भी अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस दृष्टि से हर वर्ष को विकलांग कल्याण वर्ष के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ ने मना करके अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। हमारे देश व सरकार विकलांगों की दशा सुधारने के लिए बहुत ही प्रयत्नशील है।

❖ डब्ल्यू

## दिव्यांगों की दशा सुधारने के लिए पलामू जिला प्रयत्नशील

विकलांगता के मुद्दे की ओर पूरे पलामू सहित पूरे विश्वभर की समझ को सुधारने के लिये। हर साल कल 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विकलांग व्यक्तियों का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने की शुरूआत हुई थी। इस दिन के उत्सव का उद्देश्य बहुत बड़ा है। जीवन के हरेक पहलू में समाज में सभी विकलांग ल.ोगों को शामिल करने के लिये भी इसे देखा जाता है। उनकी सहायता और नैतिकता को बढ़ाने के लिये ही विकलांगजनों के लिये बराबरी के अधिकारों को सक्रियता से प्रसारित करने के लिये उत्सव के लिये पूरी दुनिया से लोग उत्साहपूर्वक योगदान देते हैं। कला प्रदर्शनी के आयोजन के द्वारा इस महान उत्सव को मनाया जाता है जो उनकी क्षमताओं को दिखाने के लिये विकलांग लोगों के द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों को बढ़ावा देता है। हमारे देश का संविधान अपने सभी नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता, न्याय व गरिमा सुनिश्चित करता है और स्पष्ट रूप से यह विकलांग व्यक्तियों समेत एक संयुक्त समाज बनाने पर जोर डालता है। हाल के वर्षों में विकलांगों के प्रति समाज का नजरिया तेजी से बदला है। यह माना जाता है कि यदि विकलांग व्यक्तियों को समान अवसर तथा प्रभावी पुनर्वास की सुविधा मिले तो वे बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते हैं। हमारे जिला भी विकलांगों की दशा सुधारने के लिए बहुत ही प्रयत्नशील है। यह सुनिश्चित किया गया है कि हरेक विकलांग बच्चे को प्री-स्कूल, प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्राप्त हो सके। इस दिशा में निम्नांकित पर ध्यान दिया गया है। स्कूलों को भवनों, मार्गों, शौचालयों, खेल के मैदानों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों इत्यादि को अवरोध मुक्त करना ताकि सभी प्रकार के विकलांग वहां पहुंच सकें। पढ़ाने के माध्यम तथा विधि को सही तरह से अपनाया जाएगा ताकि वे अधिकतर विकलांगता परिस्थितियों पर खरा उतरे। किशोर लड़कियों, होने वाली मांओं तथा जनन अवस्था वाली महिलाओं में पोषण, स्वास्थ्य देखभाल तथा स्वच्छता के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर ध्यान देने के साथ इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम समय समय पर स्कूल स्तर पर तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम स्तर पर तैयार किया जा रहा है। खतरों की पहचान करने के लिए बच्चों के जांच कार्यक्रम आयोजित करने के साथ मेडिकल तथा पुनर्वास कार्यकर्ताओं व विकलांगों और उनके परिवारजनों, कानूनी अभिभावकों तथा समुदायों के साथ सहयोग कर मेडिकल, शैक्षिक तथा सामाजिक पुनर्वास कार्यक्रमों का विकास किया है। विकलांगों के प्रति सामाजिक सोच को बदलने व उनके जीवन के तौर-तरीकों को और बेहतर बनाने एवं उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल सरकारें बल्कि आम जनता में भी विकलांगों के प्रति जागरूकता का माहौल बना है। समाज में उनके आत्मसम्मान, प्रतिभा विकास, शिक्षा, सेहत और अधिकारों को सुधारने के लिए और उनकी सहायता के लिए एकसाथ होने की जरूरत है। विकलांगता के मुद्दे पर पूरे विश्व की समझ को नया आयाम देने एवं इनके प्रति संकीर्ण दृष्टिकोण को दूर करने के लिए इस दिन का महत्वपूर्ण योगदान है। यह दिवस विकलांग लोगों के अलग-अलग मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है और जीवन के हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कोई भी हो- सभी विकलांग लोगों को शामिल करने और उन्हें अपने प्रतिभा प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाता है।

❖ ओपी



## दिव्यांग की जिंदगी काफी दुखों भरी होती है उन्हें हम सहयोग दें

देखा जाये तो पलामू में दिव्यांगों की स्थिति संसार के अन्य देशों की तुलना में थोड़ी दयनीय ही कही जाएगी। दयनीय इसलिए कि एक तरफ यहां के लोगों द्वारा दिव्यांगों को प्रेरित कम हतोत्साहित अधिक किया जाता है। कुल जनसंख्या का मुट्ठी भर यह हिस्सा आज हर दृष्टि से उपेक्षा का शिकार है। देखा यह भी जाता है कि उन्हें सहयोग कम मजाक का पात्र अधिक बनाया जाता है। हमारे देश में दिव्यांगों के उत्थान के प्रति सरकारी तंत्र में अजीब-सी शिथिलता नजर आती है। हालांकि, हर स्तर से दिव्यांगों के प्रति दयाभाव जरूर प्रकट किये जाते हैं। लेकिन इससे किसी दिव्यांग का पेट तो नहीं न भरता है। आलम यह है कि आज दिव्यांग लोगों को ताउम्र अपने परिवार पर आश्रित रहना पड़ता है। इस कारण, वह या तो परिवार के लिए बोझ बन जाता है या उनकी इच्छाएं अकारण दबा दी जाती हैं। वहीं, दूसरी तरफ दिव्यांगों के लिए क्षमतानुसार कौशल प्रशिक्षण जैसी योजनाओं के होने के बावजूद जागरूकता के अभाव में दिव्यांग आबादी का एक बड़ा हिस्सा ताउम्र बेरोजगार रह जाता है। अगर उन्हें शिक्षित कर सृजनात्मक कार्यों की ओर मोड़ा जाता है तो वे भी राष्ट्रीय संपत्ति की वृद्धि में अपना बहुमूल्य योगदान दे सकते हैं। इस तरह स्वावलंबी होने से वह अपने परिवार या आश्रितों पर बोझ नहीं बनेगा और धीरे-धीरे वह उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम भी बढ़ाता नजर आएगा। आंकड़ों के लिहाज से भारत में करीब दो करोड़ लोग शरीर के किसी विशेष अंग से विकलांगता के शिकार हैं। दिव्यांगजनों को मानसिक सहयोग की जरूरत है। परिवार, समाज के लोगों से अपेक्षा की जाती है कि उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित करें। शारीरिक व्याधियों से जूझ रहे लोगों को डिजेबल्ड न कहकर डिफरेंटली एबल्ड कहना ज्यादा अच्छा होगा। समाज के इस वर्ग को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया जाये तो वे कोयला को हीरा भी बना सकते हैं। समाज में उन्हें अपनत्व-भरा वातावरण मिले तो वे इतिहास रच देंगे और रचते आएं हैं। एक दिव्यांग की जिंदगी काफी दुखों भरी होती है। घर-परिवार वाले अगर मानसिक सहयोग न दें, तो व्यक्ति अंदर से टूट जाता है। वैसे तो दिव्यांगों के पक्ष में हमारे देश में दर्जन भर कानून बनाए गए हैं। परंतु ये सभी चीजें गौण हैं, जब तक हम उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना बंद ना करें। वे भी तो मनुष्य हैं, प्यार और सम्मान के भूखे हैं। उन्हें भी समाज में आम लोगों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी है। उनके अंदर भी अपने माता-पिता, समाज व देश का नाम रोशन करने का सपना है। बस स्टॉप, सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने, पंक्तिबद्ध होते वक्त हमें यथासंभव उनकी सहायता करनी चाहिए। आइए, एक ऐसा स्वच्छ माहौल तैयार करें, जहां उन्हें शैक्षणिक भी अनुभव ना हो कि उनके अंदर शारीरिक रूप से कुछ कमी भी है। इस बार के 'विश्व विकलांग दिवस' पर मेरी यह छोटी-सी अपील है कि दिव्यांगों का मजाक न उड़ाएं, उन्हें सहयोग दें।

❖ कुमारी रिया

## आजादी के सात दशक बाद भी समाज में दिव्यांगों की स्थिति दयनीय है

शरीर के एक अंग में यदि कांटा भी चुभ जाता है तो वह इंसान के लिए असहनीय हो जाता है। यदि किसी के हाथ व पैर कट जाएं, पैर चलने लायक न हों, कोई कमर से खड़ा न हो पा रहा तो फिर उसकी विवशता और लाचारी सिर्फ पीड़ित ही समझ सकता है। दिव्यांगों के दर्द को खुद दिव्यांगों ने ही समझा है। दिव्यांगों की स्थिति अभी भी हमारे समाज में अत्यंत दयनीय है। लोग उन्हें भार के समान मानते हैं लेकिन वास्तविकता ऐसी नहीं है। अगर उन्हें भी जरूरी अधिकार और सम्मान मिले तो वो अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। आज कितने दिव्यांग सरकारी नौकरी और समाज सेवा कर रहे हैं। देश की टॉप कंपनियों में 0.5% विकलांग काम कर रहे हैं। लेकिन यहां अपने आस-पास हम ऐसे कितने ही दिव्यांगों से मिलते हैं जहां हम स्वयं को बौना महसूस करते हैं। अपने दोनों हाथों से हम जो नहीं कर पाते वे एक हाथ से कर देते हैं। हम जो आंखों से भी नहीं देख पाते वो बन्द आंखों से भी ढूंढ लेते हैं। शारीरिक पीड़ा को दरकिनार करके सपनों को साकार करने के लिए जूझ पड़ते हैं। अपना दर्द, अपनी पीड़ा दिखाए बिना ही जो खामोशी से अपने सपने पूरा करना जानते हैं। उनके लिए ऐसी दिव्यांगता रास्ते का कांटा नहीं वरन जिन्दगी का हिस्सा हो जाती है। ईश्वर से शिकायत तो उन्हें भी होती होगी लेकिन अपनी किस्मत और जिन्दगी की कमी से समझौता कर वे एक अड़िंग प्रतिज्ञा अपने से करते हैं। जिन्दगी को मजबूती के साथ जीते हैं। हार और निराशा जैसे शब्द वे अपने जीवन से निकाल देते हैं। कितना दृढ़ मनोबल होता



होगा जिससे वे उन कार्यों को अन्जाम दे देते हैं। जिन्हें सामान्य व्यक्ति सोच भी नहीं पाता होगा। ईश्वर की दी गयी कमी से जब उबरते होंगे तो दुगने उत्साह से, हौसले से, जीवन क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए अपने को तैयार करते होंगे। इतना सामान्य नहीं होता होगा। लेकिन सतत परिश्रम से शोहरत पा ही लेते हैं। कितने ही दिव्यांगों के हौसलों को, बुलन्दियों को ऊंचाइयां छूते हुए देखा है। मनोबल को मजबूत करके आगे बढ़ने की जो ललक वे अपने अन्दर उत्पन्न करते हैं वह काबिले तारीफ है। ईश्वर ने यदि उनसे कुछ छीना है तो वह अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से अपने को सन्तुष्ट करना जानते हैं। एक आत्मविश्वास उनके अंतरतम में प्रकट हो उनके भावों को जगाकर कुछ अद्वितीय करने की प्रेरणा उत्पन्न करता है और वे अपनी दिव्यांगता को जिन्दगी का हिस्सा समझकर सामान्य जीवन से भी आलौकिक कर गुजरते हैं। लेकिन देखा जाये तो पलामू में दिव्यांगों की स्थिति संसार के अन्य देशों की तुलना में थोड़ी दयनीय ही कही जाएगी। दयनीय इसलिए कि एक तरफ यहां के लोगों द्वारा दिव्यांगों को प्रेरित कम हतोत्साहित अधिक किया जाता है। कुल जनसंख्या का मुट्ठी भर यह हिस्सा आज हर दृष्टि से उपेक्षा का शिकार है। देखा यह भी जाता है कि उन्हें सहयोग कम मजाक का पात्र अधिक बनाया जाता है। दूसरी तरफ विदेशों में दिव्यांगों के लिए बीमा तक की व्यवस्था है जिससे उन्हें हरसंभव मदद मिल जाती है। जबकि हमारे यहां ऐसा कुछ भी नहीं है। हां, दिव्यांगों के हित में बने ढेरों अधिनियम संविधान की शोभा जरूर बढ़ा रहे हैं, लेकिन व्यवहार के धरातल पर देखा जाये तो आजादी के सात दशक बाद भी समाज में दिव्यांगों की स्थिति शोचनीय ही है। जरूरी यह है कि दिव्यांगजनों के शिक्षा, स्वास्थ्य और संसाधन के साथ उपलब्ध अवसरों तक पहुंचने की सुलभ व्यवस्था हो। दूसरी तरफ यह भी देखा जा रहा है कि प्रतिमाह दिव्यांगों को दी जाने वाली पेंशन में भी राज्यवार भेदभाव होता है। हमारे यहां विकलांगजनों को महज 1000/एक हजार रुपये रस्म अदायगी के तौर पर दिये जाते हैं। समस्या यह भी है कि इस राशि की निकासी के लिए भी उन्हें काफी भागदौड़ करनी पड़ती है।

❖ रिंकी कुमारी

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### धनखड़ ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को किया नमन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर नमन किया है। श्री धनखड़ ने शनिवार को यहां डॉ. प्रसाद की जयंती के अवसर पर जारी एक संदेश में उन्हें आधुनिक भारत के निमार्ताओं में से एक बताया है। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद आधुनिक भारत के निमार्ताओं में से एक थे। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपराष्ट्रपति ने कहा कि डॉ. प्रसाद को उनकी सरलता, निष्ठा और सद्भावना के लिए हमेशा याद रखा जाएगा।

### हिमाचल के चंबा और आसपास के जिलों में 3.4 तीव्रता का भूकंप

**शिमला (एजेंसी)।** प्रदेश के चंबा और इसके आसपास के जिलों में शुक्रवार रात 3.4 तीव्रता का भूकंप आया लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। आपदा प्रबंधन विभाग के विशेष सचिव सुदेश मोकटा ने बताया कि भूकंप का केंद्र चंबा जिले में तिस्सा के पास धार मक्कान था। कुछ सेंकंड तक भूकंप के झटके महसूस किए गए और लोग घरों से बाहर आ गए।

### तेलंगाना के सीएम की बेटी को सीबीआई का समन

**हैदराबाद (एजेंसी)।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले की जांच कर रहे केंद्रीय



अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी और तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की विधान परिषद सदस्य के. कविता को छह दिसम्बर को पूछताछ के लिए तलब किया। केंद्रीय एजेंसी ने कविता को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-160 के तहत नोटिस जारी किया है और छह दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूछताछ के लिए अपनी सुविधा के अनुसार उपयुक्त स्थान के बारे में बताने को कहा है। नोटिस का जवाब देते हुए कविता ने एक बयान में कहा कि उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया है कि वे उनसे उनके हैदराबाद स्थित आवास पर मिल सकते हैं। कविता को भेजे नोटिस में सीबीआई ने कहा है कि ऊपर उद्धृत विषय की जांच के दौरान कुछ तथ्य सामने आए हैं, जिनसे आप (कविता) वाकिफ हो सकती हैं। इसलिए, जांच के हित में ऐसे तथ्यों को लेकर आपसे पूछताछ जरूरी है। जांच एजेंसी ने आगे कहा है कि इसलिए अनुरोध है कि उक्त मामले की जांच के संबंध में दिनांक 6-12-2022 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अपनी सुविधानुसार पूछताछ के स्थान के बारे में सूचित करने की कृपा करें।

### जी-20 अध्यक्षता का जिक्र कर यूएस प्रेसिडेंट जो बाइडेन बोले -

# दोस्त पीएम मोदी का समर्थन करने के लिए हूं काफी उत्साहित

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारत को अमेरिका का मजबूत साझेदार बताते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन करने के लिए उत्सुक हैं। भारत की जी-20 की अध्यक्षता का कार्यकाल आधिकारिक तौर पर गुरुवार को शुरू हो गया। बाइडन ने ट्विटर पर कहा कि भारत अमेरिका का एक मजबूत साझेदार है और मैं भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करने के लिए उत्सुक हूं। मोदी के ट्वीट पर जवाब देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी रेखांकित किया कि दोनों देश जलवायु, ऊर्जा और खाद्य संकट जैसी साझा चुनौतियों से निपटते हुए सतत और समावेशी विकास को आगे बढ़ाएंगे। इसी ट्वीट में प्रधानमंत्री के ब्लॉग का लिंक था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा था कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय से प्रेरित होकर एकता को




बढ़ावा देने के लिए काम करेगा और आतंक, जलवायु परिवर्तन, महामारी को सबसे बड़ी चुनौतियों के तौर पर सूचीबद्ध करेगा जिनका एक साथ मिलकर बेहतर तरीके से मुकाबला किया जा सकता है।

बाइडेन ने कहा कि भारत की जी-20 प्राथमिकताओं को न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से के हमारे साथी देशों के परामर्श से आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई उन्मुख और निर्णायक होगा। उन्होंने कहा कि आइए हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। आइए हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें। प्रधानमंत्री ने लेख में कहा कि भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई उन्मुख और निर्णायक होगा। राष्ट्र/सरकार के प्रमुखों के स्तर पर अगला जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितम्बर को दिल्ली में आयोजित होनेवाला है।

### भारत के जी-20 एजेंडे को पूरा समर्थन : आईएमएफ

**अंतर्राष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि वह भारत के जी-20 एजेंडे का पूरा समर्थन करता है, जो मौजूदा वैश्विक संकटों से संबंधित उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने की योजना पर काम कर रहा है जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत ने गुरुवार को औपचारिक रूप से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की।

# मुंबई की 21 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, हड़कंप



**मुंबई (एजेंसी)।** मायानगरी मुंबई से बड़े हादसे की खबर सामने आई है। जहां मलाड इलाके की एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग गई लग गई। इसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग ने देखते ही देखते इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि लोग बालकनी से कूदने के लिए मजबूर हो गए। इसी दौरान एक लड़की ने आनन-फानन में तीसरी मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी। दरअसल, यह भयावह घटना मलाड इलाके की एक रिहायशी 21 मंजिला इमारत की है। मलाड वेस्ट का जनकल्याण नगर मालवणी इलाके में स्थित बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। इस घटना के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई और लोग जान बचाने के लिए अपनी-अपनी बालकनी से लटकने लगे। वहीं सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी। फिलहाल आग बुझाने की कोशिश शुरू की गई। मौके पर पहुंची आठ गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है।

▪ मौत को सामने देख बालकनी पर लटके लोग, लड़की ने लगा दी छलांग

### भयावह मंजर का वीडियो वायरल

**21** मंजिला में लगी भीषण आग का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि लोग आग के डर से किस कदर अपनी बालकनी से लटक गए। जान बचाने के लिए चीखते-चिल्लाते रहे। तेज लपटों से डरे सहमे और नीचे जुटी भीड़ भी ऊपर फंसे लोगों को देख जोर-जोर से चिल्लाते नजर आए।

### ऑपरेशन के बाद सर्च ऑपरेशन जारी

**वहीं,** मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी और सीएफओ ने बताया कि अभी तक इस हादसे में किसी की जान जाने की सूचना नहीं मिली है। जिस लड़की ने छलांग लगाई थी, उसको चोट आई हुई है, उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वहीं बाकी लोग जो बालकनी में लटक रहे थे, उनको सुरक्षित निकाल लिया गया है। कूलिंग ऑपरेशन के बाद सर्च ऑपरेशन तीसरी मंजिल पर और ऊपरी मंजिल पर चलाया जाएगा।

# कानून मंत्री किरेन रिजिजू जजों की नियुक्ति के विवाद में न पड़ें : स्वामी



\- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू को नसीहत दी है कि वो जजों की नियुक्ति के विवाद में न पड़ें। सर्वोच्च न्यायालय का कॉलेजियम जिन जजों की नियुक्ति करता है उन्हें राष्ट्रपति ही मंजूर करते हैं। कुछ मामलों में वो कॉलेजियम की सिफारिशों को वापस भी लौटा सकता हैं। उनका कहना है कि कानून मंत्री का वक्तव्य बेहूदा है। कानून मंत्री कहते हैं कि कॉलेजियम उन जजों को नहीं चुनता है, जिन्हें वो नहीं जानता है। स्वामी का कहना था कि कानून मंत्री उसी अंदाज में जजों की नियुक्ति करना चाहते हैं जैसे पीएम नरेंद्र मोदी अपनी कैबिनेट चुनते हैं। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय के जजों की नियुक्ति को लेकर सर्वोच्च न्यायालय का कॉलेजियम फैसले करता है। लेकिन अभी इसे लेकर विवाद चल रहा है। इसे सरकार से सर्वोच्च न्यायालय के टकराव के तौर पर देखा जा रहा है। कई पूर्व जस्टिस सरकार के दखल को बेमतलब का बता चुके हैं। वहीं, कानून मंत्री किरेन रिजिजू कई बार कह चुके हैं कि न्यायपालिका में नियुक्ति सरकार के पास होनी चाहिए। विवाद और तब चर्चा में आ गया जब बीते शुक्रवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक कार्यक्रम में कहा कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को रद्द करने पर संसद में कोई चर्चा नहीं हुई। यह एक बहुत गंभीर मसला है। धनखड़ ने कहा कि संसद का कानून लोगों की इच्छा को दर्शाता है, लेकिन उसे सर्वोच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया। दुनिया को इसके बारे में जानकारी नहीं है।

उपराष्ट्रपति ने संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि जब कानून से संबंधित कोई बड़ा सवाल शामिल हो, तो अदालतें भी इस मुद्दे पर गौर कर सकती हैं। लेकिन संविधान की प्रस्तावना में संसद लोगों की इच्छा को दर्शाती है। धनखड़ ने जब ये बात कही तब भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी उस प्रोग्राम में थे। धनखड़ के बयान को सीधे तौर पर न्यायपालिका को एक नसीहत के तौर पर देखा जा रहा है। उधर, शुक्रवार को ही सर्वोच्च न्यायालय की एक बेंच ने सरकार पर तल्ख टिप्पणी की। न्यायालय ने कहा कि मौजूदा कॉलेजियम प्रणाली को कुछ ऐसे लोगों, जो दूसरों के कामकाज में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं, के बयानों के आधार पर बेपटरी नहीं किया जाना चाहिए।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को भेजा नोटिस

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और दो अन्य को शुक्रवार को अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कांग्रेस और भारत जोड़ो यात्रा के सोशल मीडिया हैंडल पर अपलोड किए गए वीडियो को हटाने का निर्देश दिया था जो फिल्म केजीफ चैप्टर-2 के संगीत में इसके कॉपीराइट का उल्लंघन करता है। कंपनी ने आरोप लगाया कि प्रतिवादी उच्च न्यायालय की ओर से उसके आठ नवंबर के आदेश में लगाई गई शर्तों का जानबूझकर उल्लंघन कर रहे हैं। दो अन्य उत्तरदाता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और सुप्रिया श्रीनेत हैं। उच्च न्यायालय ने आठ नवंबर को कांग्रेस नेताओं को उनके ट्विटर हैंडल से विवादित सामग्री को हटाने के मामले में राहत दी थी जो एमआरटी म्यूजिक के कॉपीराइट का उल्लंघन करती है। निचली अदालत द्वारा ट्विटर को उनकी पार्टी और भारत जोड़ो के ट्विटर खातों को अगली सुनवाई तक ब्लॉक करने के निर्देश के बाद कांग्रेस नेताओं ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने ट्विटर को कांग्रेस पार्टी के मुख्य हैंडल एटआईएनसीइंडिया से पोस्ट किए गए तीन ट्वीट्स को हटाने का भी निर्देश दिया था।

# 190 साल का हुआ दुनिया का सबसे पुराना कछुआ जोनाथन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जोनाथन को धरती का सबसे बूढ़ा कछुआ होने की आधिकारिक घोषणा पहले ही की जा चुकी है। इसकी उम्र 190 साल है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डस ने इसे सबसे बूढ़ा कछुए का खिताब दे दिया है। जोनाथन सेशेल्स का जायंट कछुआ है। यह नेपोलियन के मरने के कुछ ही समय बाद पैदा हुआ था और अब आधिकारिक तौर पर पृथ्वी का सबसे पुराना जीवित जानवर है। जोनाथन द सेशेल्स जायंट कछुआ सुदूर दक्षिण अटंलांटिक के सेंल हेलेना में अपना 190वां जन्मदिन मना रहा है। उसके बर्थडे पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जोनाथन के जन्म को लेकर स्थानीय



प्रशासन के पास कोई प्रमाणिक दस्तावेज मौजूद नहीं है। हालांकि, इसकी उम्र इससे भी कई ज्यादा हो सकती है। लोकल लेवल पर माना जाता है कि जोनाथन का जन्म 1832 में हुआ था। जोनाथन सेंट हेलेना के गवर्नर के आधिकारिक निवास प्लांटेशन हाउस में रिटायरमेंट के बाद एक आरामदायक जीवन बिता रहा है। इसके साथ यहां पर तीन और बुजुर्ग कछुए रहते हैं, जिनका नाम है डेविड, एम्मा और फ्रेड। बताया जाता है कि जोनाथन की पहली तस्वीर 1838 में ली गई थी।

**जोनाथन के बर्थडे की तैयारियां :** सेंट हेलेना में उसके जन्मदिन पर एक विशेष डाक टिकट जारी करने के साथ पूरी वीकेंड कई प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। रविवार को जोनाथन के फेवरेट फूड में से एक बर्थडे केक के साथ जश्न मनाया जाएगा।

### मद्रास हाईकोर्ट ने राज्य के मंदिरों में मोबाइल किया बैन, कहा -

# पूजा स्थलों की पवित्रता और शुद्धता बनाये रखना जरूरी

**चेन्नई (एजेंसी)।** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु के सभी मंदिरों में मोबाइल फोन बैन कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह फैसला मंदिरों की शुद्धता और पवित्रता बनाए रखने के लिए लिया गया है।

▪ आदेश का पालन कराने के लिए मंदिरों में सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे

कोर्ट ने यह भी कहा कि लोगों को परेशानी न हो, इसलिए मंदिरों में फोन डिपोजिट करने के लिए लॉकर्स बनाए जाने चाहिए। इस आदेश का पालन हो, इसके लिए मंदिरों में सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएंगे।

### याचिकाकर्ता ने कहा- मोबाइल फोन से लोगों का भटकता है ध्यान




**कोर्ट** ने यह आदेश एक याचिका के जवाब में दिया, जिसमें सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर में मोबाइल फोन पर बैन लगाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि मोबाइल फोन के चलते लोगों का ध्यान भटकता है और मंदिरों में देवों की फोटो खींचना परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि तिरुचेंदुर में मंदिर प्राधिकरण ने पहले से ही मोबाइल फोन बैन करने और गरिमामय ड्रेस कोड लागू करने के कदम उठाए हैं, जिसके बाद कोर्ट ने पूरे तमिलनाडु में ऐसा करने का आदेश दिया।

### बिना अनुमति खींची जाती हैं महिलाओं की तस्वीरें

**याचिकाकर्ता** ने यह भी कहा कि फोटोग्राफी से मंदिर की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। वहीं, महिलाओं की तस्वीरें भी बिना उनकी इजाजत के खींची जाती हैं, जिससे उनमें डर रहता है। याचिकाकर्ता ने मंदिरों में गरिमामय पहनावे को भी अनिवार्य करने की मांग की। देश में केरल के गुरुवयुर में श्रीकृष्णा मंदिर और तमिलनाडु के तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पहले से ही मोबाइल फोन पर बैन लगा हुआ है। महाकाल मंदिर परिसर में वीडियो रील बनाने को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, गर्भगृह और मंदिर परिसर में दो युवतियों ने जलाभिषेक और डांस का वीडियो शूट किया है। इन वीडियो में बॉलीवुड सॉन्ग जोड़कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। इस पर मंदिर के पुजारी ने आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं, कलेक्टर ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है। उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। महाकाल मंदिर में भक्तों की भीड़ के बीच आए दिन यहां के विवाद सुर्खियों में बने रहते हैं। 6 साल में कई बार बड़े विवादों के चलते मंदिर समिति की कार्यप्रणाली और व्यवस्था क्यों सुर्खियों में रही।




## न्यूज गैलरी

### विकास दोदराजका को बाल आयोग का सदस्य बनने पर मारवाड़ी सम्मेलन नें दी बधाई



रांची। चाईबासा निवासी विकास दोदराजका को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल ने उन्हें बधाई दी है। श्री मित्तल ने कहा है कि विकास दोदराजका लंबे समय से काफी समर्पण और लगन के साथ बाल संरक्षण के कार्य में योगदान करते रहे हैं। वह इस सम्मान के सुयोग्य हैं। इसलिए उन्हें आयोग का सदस्य मनोनीत करके राज्य सरकार ने सच्चे कर्मयोगी का सम्मान किया है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने इस मनोनयन के लिए झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया है। श्री मित्तल ने आशा व्यक्त की है कि अपने इस कार्यकाल में विकास दोदराजका को राज्य में बाल संरक्षण के मुद्दों को आगे बढ़ाने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम के उद्देश्यों के अनुपालन में झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा समुचित सहयोग प्रदान किया जाएगा। विकास को बधाई देने वालों में-प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, अरुण बुधिया, मनोज बजाज, डॉ विष्णु राजगढ़िया, प्रदीप राजगढ़िया, संजय सर्राफ, राहुल मारू, सुभाष पटवारी, पवन कुमार पोद्दार, सौरभ सरावगी, राकेश जैन, आदि शामिल है।

### राष्ट्रीय विरासत व ऐतिहासिक धरोहर टैगोर हिल को अतिक्रमण से मुक्त करें : पुष्कर एवम गौतम

रांची। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने आज एक प्रेस बयान जारी करके टैगोर हिल ऐतिहासिक राष्ट्रीय विरासत एवं सांस्कृतिक धरोहर को अतिक्रमण कर मिटाने का षड्यंत्र का कड़े शब्दों में विरोध किया है। श्री महतो ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय कवि गुरु रविंद्र नाथ टैगोर के भाई ज्योतींद्र नाथ टैगोर ने इस स्थल में बैठकर रचना व मनन किया करते थे। पदम श्री डॉ रामदयाल मुंडा इस स्थल को ओपन एयर थिएटर के रूप में विकसित करने की उनकी अति महत्वाकांक्षी योजना थी। राज्य सरकार से मांग की जाती है कि त्वरित कार्रवाई करते हुए इस ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षण प्रदान करते हुए हमारे राष्ट्रीय विरासत वा धरोहर टैगोर हिल को विकसित करें। साथ ही इस स्थल को अतिक्रमण से मुक्त करें।

### पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के निधन पर शोक व्यक्त



रांची। सिमडेगा जिला के कोलेबिरा प्रखंड अंतर्गत अघरमा के रहने वाले पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा के आकस्मिक निधन पर पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कमेटी के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जस्टिन केरकेट्टा हमारे बीच नहीं रहे आज उनका हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। उनका जन्म 1947 में हुआ था। वे 1978 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे बिहार रेजीमेंट में भारतीय सेना में नौकरी करते थे वहां से सेवानिवृत्त होने के बाद वे वर्ष 1982 से 1998 तक मेकॉन में हॉकी खिलाड़ियों को कोचिंग भी देते थे। उनके निधन से खेल जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में-पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष शशि रंजन सिंह, चयन कमेटी के चेयरमैन डॉ शिवाजी कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता, खेल निर्देशक सुगंध नारायण प्रसाद, स्टेट को-ऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल, कमेटी के सीईओ सुनील कुमार विश्वास, उपसचिव कुमार गौरव, संजय सर्राफ, विवेक राज, अजय कुमार आदि शामिल है।

---

अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर राज्य निःशक्तता आयुक्त कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम आयोजित

# सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है : जोबा मांझी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। उनके विकास एवं उत्थान हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य सरकार ने सर्वजन पेंशन योजना के तहत दिव्यांगजनों को भी शामिल किया है, जिन्हें प्रतिमाह 1000 की राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि पूरे राज्य में एक शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को चिह्नित किया जाये, ताकि उन्हें भी सरकार द्वारा उनके लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके ।उक्त बातें महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री श्रीमती जोबा माँझी ने विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। जोबा मांझी ने कहा कि विकास एवं उत्थान का कार्य करने में कई सारी कठिनाइयों एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता है, लेकिन विभाग के पदाधिकारी काफी सक्षम हैं और हम सब मिलकर उन समस्याओं का निष्पादन करते हुए उन्हें एक बेहतर भविष्य देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण विकास के साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने एवं बेहतर भविष्य देने में राज्य सरकार का महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग पूरी तन्मयता के साथ काम कर रहा है और हम उन्हें एक बेहतर भविष्य देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### विश्व दिव्यांगता दिवस पर दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का लें संकल्प : छवि रंजन

राज्य निशक्तता आयुक्त, समाज कल्याण निदेशक श्री रंजन ने कहा कि दिव्यांग जनों के सर्वांगीण विकास के बिना राज्य, समाज एवं देश के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती ।हमें आज इनके सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। इन्हें सशक्त बनाने के लिए हम सभी को आगे आना होगा ।समान सुविधाएं उपलब्ध कराना होगा । उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के सामाजिक उत्थान, सुरक्षा एवं शिक्षा , सामाजिक समानता, आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत बनाने पर ध्यान देना होगा ।हमें उनकी बेहतरी के लिए काम करना होगा। शुरूआत हो गई है, लेकिन हमें और तेजी से कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में 5 साल से ऊपर के सभी दिव्यांगजनों को स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना के तहत राशि उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए हर साल छात्रवृत्ति भी दे रही है। दिव्यांगजनो के लिए कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों को भी अनुदान के तहत राशि उपलब्ध कराई जाती है, ताकि दिव्यांगजनों के विकास हेतु खर्च कर सकें ।रांची, दुमका में मूक-बधिर विद्यालय शुरू की गई है। रांची में राजकीय नेत्रहीन विद्यालय भी चलाया जा रहा है ।इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगता पेंशन योजना के तहत इन्हें 1000 प्रति माह उपलब्ध कराई जा रही है, जिसमें करीब 26,526 लोगों को लाभ दिया गया है ।दिव्यांगजनों की पहचान हेतु यूनिक डिसेबिलिटी कार्ड निर्गत किया जा रहा है। अभी तक 4,76,097 दिव्यांगजनों को यूनिक कार्ड निर्गत कर उनकी बेहतरी के लिए प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री जोबा मांझी ने राजकीय नेत्रहीन एवं मूक-बधिर विद्यालय के बच्चों के बीच वॉटर बोतल, लंच बॉक्स,पेन्सिल बॉक्स का वितरण किया। साथ ही राजकीय नेत्रहीन एवं मूक-बधिर विद्यालय में आयोजित निबंध ,चित्रकला,संगीत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के बीच प्रशस्तिपत्र का वितरण किया। वहीं नेत्रहीन एवं मूक-बधिर बच्चों को एड और उपकरण दिया गया। कार्यक्रम में विभाग के पदाधिकारीगण सहित राजकीय नेत्रहीन एवं मूक-बधिर विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### चिरियाबेड़ा पुलिस हिंसा की न्यायिक जांच हो : मनोज भक्त

**रांची।** आदिवासी इलाकों को एनकाउंटर इलाकों में तब्दील नहीं किया जाए और सशस्त्र बलों के जरिए आदिवासी इलाकों में महिलाओं एवं निर्दोष ग्रामीणों के साथ हिंसा बंद हो। पश्चिमी सिंहभूम के चिरियाबेड़ा में सर्च अभियान के दौरान महिलाओं समेत ग्रामीणों के साथ हिंसा हुई है। महिलाओं के साथ यौन हिंसा की भी शिकायतें हैं। भाकपा माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने इस घटना की कड़ी निंदा की है और न्यायिक जांच की मांग की है। दोनों संगठनों ने हेमंत सरकार से मांग की है कि दुरस्थ वनक्षेत्रों में स्थापित पुलिस या अर्द्ध-सैनिक चौकियों के आसपास पुलिस ज्यादतियों की जांच के लिए विशेष आयोग का गठन किया जाए। उग्रवाद नियंत्रण के नाम पर की गई हिंसा झारखंड में रूटीन मामला बनता जा रहा है। इस तरह की पुलिस हिंसा से राहत के लिए राज्य सरकार ठोस नीति और कार्यान्वयन की घोषणा करें।

## एचईसी को किसी भी हाल में केंद्र सरकार को बेचने नहीं देंगे : माले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को भाकपा राज्यकार्यालय के सभागार में एचईसी को बचाने के सवाल पर झारखंड के तम्मम विपक्षी दलों की बैठक झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सीपीआई के अजय सिंह के द्वारा किया गया बैठक में कांग्रेस , झामुमो, राजद सीपीआई सीपीएम, माले एसयूसीआई माले रेड स्टार के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि सभी राजनैतिक दल एचईसी को बचाने के आंदोलन में शामिल होंगे। एचईसी झारखंड का भविष्य है जिसे केंद्र सरकार साजिश के तहत बेचने की तैयारी में है। जिसे यहां की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। सभी राजनैतिक दलों ने एक स्वर में कहा की एचईसी को किसी भी हाल में केंद्र सरकार को बेचने नहीं देंगे। अगर सरकार इसे बेचने की कोशिश करेगी तो सभी दल मिलकर जन आंदोलन तेज करेगी ।इस क्रम में तय किया गया है की 10 दिसंबर 22 को सभी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता राजभवन मार्च कर राज्यपाल महोदय को एचईसी बचाने के लिए मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे,इसके पूर्व एचईसी के सीएमडी को भी ज्ञापन दिया जायेगा एवं झारखंड के तमाम सांसदों को एचईसी बचाने संबंधित मांग पत्र सौंपेंगे सभी विधायकों को जेके मामले पर अवगत कराया जाएगा। अगर फिर भी केंद्र सरकार ने फैसला नहीं बदला तो तमाम राजनैतिक दल रांची बंद कराएंगे। इस बैठक में कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा,झामुमो के मुस्ताक आलम ,राजद के वरीय उपाध्यक्ष राजेश यादव प्रदेश प्रवक्ता अनिता यादव,माले के भुवनेश्वर केवट,नंदिता सीपीएम के सुखनाथ लोहरा ,एस के रॉय, मिंटू पासवान,मोमिन कांफ्रेंस के अब्दुल्ला अजहर कासमी, अंजनी पांडे,सीपीआई से सुभा कुमारी एवम अजय सिंह उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जूनियर थांग-टा चैंपियनशिप में झारखंड को तीन पदक




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** थांग-टा फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में गत 01 से 03 दिसंबर तक मणिपुर की राजधानी इंफाल में संपन्न हुई राष्ट्रीय जूनियर थांग-टा चैंपियनशिप में झारखण्ड थांग-टा संघ के तरफ से प्रशिक्षक कृष्णा कुमार शाव (धनबाद) तथा सोनामोती कुमारी (पलामू ) के नेतृत्व 11 खिलाडियों ने भाग लिया जिसमें तीन को सफलता मिली. राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए पलामू के सारीब खान, गढ़वा की मुश्कान कुमारी तथा धनबाद की पल्लवी कुमारी ने अपने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राज्य को तीन पदक दिलाने में सफलता प्राप्त की. सभी पदक विजेताओं को झारखण्ड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी, सचिव मनोज शर्मा तथा कोषाध्यक्ष अनिल कुमार तुलस्यान के अलावा लोहरदगा जिला थांग- टा संघ की सचिव सूर्यावती देवी, बोकारो जिला थांग-टा संघ के सचिव संजू कुमार, हजारीबाग जिला थांग-टा संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार सिन्हा, दुमका जिला थांग-टा संघ के सचिव उदय शंकर भारती, कोडरमा जिला थांग-टा संघ के सचिव संकर राम, धनबाद जिला थांग-टा संघ के सचिव कृष्ण कुमार आदि ने बधाई दी है।

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी के अवसर पर श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन का भव्य आयोजन

# 3100 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष मोक्षदा एकादशी के अवसर पर आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर खुलते ही भक्तजन सपरिवार आकर श्री श्याम दरबार में पधारने लगे थे। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती बाल भोग प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती भोग व दोपहर 12:15 बजे भोग लगाकर शंख आरती करके पट विश्राम के लिए बंद कर दिए गए। पुनः 3:00 बजे से खाटू नरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं गुरुजनों का विशेष श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि खाटू नरेश को नवीन गुलाबी रंग का नया बागा धारण करवाकर कोलकाता से मंगाए गए स्टार सफेद फूल लाल फूल रजनीगंधा मुर्गन लाल गेंदा गेंदा फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। सुगंधित इत्र से बाबा की मसाज की गइ। भोग अर्पित किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा के सानिध्य में मंदिर के आचार्य पावन श्रृंगार सेवा की। रात्रि 9:30 बजे एकादशी कीर्तन प्रारंभ हुआ। बरियातू रोड निवासी सुशील पोद्दार ने अपनी धर्मपत्नी रूपा अग्रवाल के साथ खाटू नरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ से फल दूध रबड़ी पंचमेवा नारियल अर्पित किया। एकादशी कीर्तन में सुरेश सराओगी सरवान गौरव अग्रवाल मोनू सलज अग्रवाल सोनू मनोहर केडिया अनुज मोदी पंकज गाड़ोदिया साकेत किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल पवन शर्मा आदि ने एक से बढ़कर एक भाव के भजनों का गायन कर खाटू नरेश को रिझाया। देर रात महा आरती व प्रसाद वितरण के साथ एकादशी कीर्तन का समापन हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 39 व श्री श्याम भंडारा का आयोजन भव्य रूप से हुआ ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम भंडारा का आयोजन हो रहा है मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सराओगी के देखरेख में शुक्रवार से मंदिर की श्याम रसोई में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद निर्मित हो रहा था।

### मंगलवार को श्री सुंदरकांड

मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर मंगलवार 6 दिसंबर को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संध्या 4:30 बजे से 27 वा श्री सुंदरकांड पाठ श्री हनुमान चालीसा का आयोजन होगा।

## मधुमक्खी पालन परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के क्रियान्वयन द्वारा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम आसनबेरिया पंचायत भवन, जामताड़ा में किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों का प्रशिक्षण जो कि भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया। शनिवार को इस परियोजना के अंतर्गत फतेहपुर ब्लॉक के आसनबेरिया ग्राम (10) एवं अंधारो ग्राम (10) और आमशहरी ग्राम (10) कुल 30 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के आठवें दिन प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक आकाश कुमार व चन्द्रेस्वर ओझा ने किया। जिसमें देवकिशोर कुमार का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण के आठवें दिन प्रशिक्षकों ने मधुमक्खी पालन से संबंधित विभिन्न विषयों मुख्यतः रानी मधुमक्खी की उत्पत्ति तथा एक से अधिक रानी मधुमक्खी का निर्माण करना, पुरुष मधुमक्खी की अधिकता होने पर उसके सेल को नष्ट करना, तथा रायल जेली का निर्माण व उसकी महत्ता को विस्तार पूर्वक समझाया गया तथा कुछ सफल मधुपालक का परिचय व उनकी सफलता की कहानी बताया गया विभिन्न विषयों को व्यवहारिक व प्रयोगात्मक रूप में अध्ययन कराया गया तथा प्रोजेक्टर लैपटॉप के द्वारा विभिन्न फोटो व वीडियो के माध्यम से आसान व विस्तृत रूप से भी सभी लाभुकों को समझाया गया तथा मधुमक्खी पालन करने को प्रेरित किया गया साथ ही साथ मानसिक व बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण के साथ-साथ मनोरंजन के लिए विभिन्न खेल भी कराया गया।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिन पर अधिवक्ता दिवस मनाया गया

# अधिवक्ता भी समाजसेवी हैं वे किसी न किसी रूप में जरूरतमंद की मदद करते हैं : मनोज कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को कचहरी चौक स्थित कौलेश्वरी टावर में अधिवक्ता दिवस मनाया गया। इस मौके पर अधिवक्ता अलख निरंजन वर्मा, अधिवक्ता बिरेंद्र बर्मन, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू, अधिवक्ता नीरज कुमार, अधिवक्ता अमित कुमार सिन्हा, अधिवक्ता राजवंश सिंह, अधिवक्ता शायरी परवीन, अधिवक्ता अजय कुमार, अधिवक्ता उदय रंजन एवं अधिवक्ता मनोज कुमार गुप्ता जी को संस्था की ओर से पुष्पगुच्छ एवं माला भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आस्था जीवन संस्था के सचिव विनोद कुमार साहू ने किया एवं मंच संचालन विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर शर्मा ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज रांची जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, साधना मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा, संरक्षक रोहित कुमार, राजकिशोर राणा, सुरक्षा मंच के संरक्षक संजय कुमार विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा मौजूद थे। मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार गुप्ता ने आज के अधिवक्ता दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा आज का दिन हम सभी अधिवक्ताओं के लिए बहुत ही खुशी का दिन है। हमारे देश के प्रथम राष्ट्रपति महान स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जन्म दिन के अवसर पर हमारे देश में प्रति वर्ष 3 दिसंबर को अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है। शिव किशोर शर्मा ने देशवासियों को अधिवक्ता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा अधिवक्ता भी समाजसेवी है वे किसी न किसी रूप में जरूरतमंद, दुखियों की सेवा करते हैं। हमें अधिवक्ताओं का हमेशा सम्मान करनी चाहिए। संस्था की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच पौष्टिक भोजन वितरण कर कार्यक्रम की समापन की गई।

### 1855 में पहली बार छोटानागपुर के गिरजाघर में हुई क्रिसमस प्रार्थना

**रांची।** छोटानागपुर में पहली बार क्रिसमस का त्योहार चर्च में 1855 में मनाया गया था। क्योंकि 24 दिसंबर 1855 को क्राइस्ट चर्च रांची संस्कार हुआ और उसी दिन क्रिसमस की विशेष प्रार्थना हुई थी। छोटानागपुर में ईसाई धर्म की शुरूआत जर्मन मिशनरियों ने की थी। वे दो नवंबर 1845 को ईसाई धर्म का प्रचार करने के लिए रांची में आए थे। इसके बाद ही बेथेसदा मिशन स्टेशन की स्थापना की। कुछ वर्षो के बाद 18 नवंबर 1851 को क्राइस्ट चर्च का शिलान्यास किया गया। जो चार साल में बनकर तैयार हुआ। इसके बाद अन्य बड़ी कलीसियाओं का चर्च रांची में बनने लगा और क्रमवार वहां धार्मिक आयोजन शुरू हुए। पूर्व में इंग्लिकंन कलीसिया के अधीन व वर्तमान में सीएनआई चर्च छोटानागपुर डायसिस संचालित बहुबाजार स्थित संत पॉल्स कैथेड्रल में 1873 में पहली बार क्रिसमस की आराधना हुई थी।

संविधान दिवस विषयक पर साप्ताहिक कार्यक्रम का हुआ समापन

## राजकीयकृत आदर्श विद्यालय, पंडरा में पेंटिंग प्रतियोगिता पर बच्चों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को प्रातःकालीन योगा कक्षा के उपरान्त भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को उनकी जयंती के अवसर पर बाल संसदीय मंत्रिमंडल द्वारा उनकी रंगीन पेंटिंग बनाकर भारतवर्ष के लिए की गयी उनकी सेवा को याद किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा आज झारखण्ड के वीर सपूत परमवीर अल्बर्ट एक्का को भी उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी गयी और वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में उनके पराक्रम से सम्बंधित जानकरियां साझा की गयी। बच्चों द्वारा उनकी भी रंगीन तस्वीर बनाकर उनका स्मरण किया गया। उपर्युक्त दोनों महापुरुषों की पेंटिंग प्रतियोगिता में निम्नवत्त चयनित विद्यार्थियों को प्र अ अशोक प्रसाद सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया-प्रथम : खुशी कुमारी-8-राधाकृष्णन हाउस, द्वितीय-अनिता कुमारी-8, टेरेसा हाउस तृतीय- अंशु कुजूर -8-रमण हाउस, चतुर्थ - माया शर्मा -8-कलाम हाउस, पंचम - अभिषेक कुमार-4-लता मंगेशकर हाउस। संविधान विषयक अंतरसदनीय क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय के छः सदनों के लगभग 1000 बच्चों ने पांच राउंड के क्विज में भाग लिया। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता में 50 अंकों के साथ लता मंगेशकर हाउस ने प्रथम, 40 अंकों के साथ टेरेसा हाउस ने द्वितीय और कलाम हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सबसे ज्यादा प्रश्नों का सही और सटीक उत्तर देनेवाली छात्रा स्वाति कुमारी को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## न्यूज गैलरी

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान की कमेंट्री बॉक्स में वापसी

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने हृदय संबंधी समस्या से उबरने के बाद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन कमेंट्री बॉक्स में वापसी की। पोंटिंग टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच के समय अस्वस्थ हो गए थे। उनकी छाती में दर्द था और उन्हें चक्कर आ रहे थे। उन्हें तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया था। पोंटिंग ने मैच के चौथे दिन शनिवार को चैनल सेवन से कहा,ह्यह्य मैंने कल कई लोगों को डरा दिया था और स्वयं मेरे लिए बहुत डरावना पल था।' उन्होंने कहा कि मैं तीसरे दिन के खेल के दौरान कमेंट्री बॉक्स में बैठा था तब मुझे छाती में तेज दर्द महसूस हुआ। मैंने इससे उबरने का प्रयास किया लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। पोंटिंग के पूर्व साथी और अब कमेंट्री टीम में शामिल जस्टिन लैंगर ने पोंटिंग को सीढ़ियों से उतरकर ऑस्ट्रेलियाई टीम के चिकित्सक लेह गोल्डिंग के पास पहुंचाने में मदद की। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने अस्पताल में कुछ समय बिताया और अच्छी नींद ली। शेन वार्न और रोडनी मार्श के दिल का दौरा पड़ने से निधन होने के कारण उन्होंने इस दर्द को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि विशेषकर तब जबकि पिछले 12 से 18 महीनों के दौरान हमारे साथ के कुछ लोगों के साथ जो कुछ घटनाएं घटी उसे देखते हुए मेरे लिए कल का दिन अच्छी सीख देने वाला दिन रहा।

### शाहिद अफरीदी ने पीसीबी अध्यक्ष को सुनायी खरी-खोटी

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरूआत हो चुकी है। पहला टेस्ट रावलपिंडी में खेला जा रहा है। यह मुकाबला पूरी तरह से बल्लेबाजों के पक्ष में गिरता दिखा। जिसके बाद रावलपिंडी की पिच काफी चर्चा का विषय बनी हुई है। पिच पर बल्लेबाजों का प्रदर्शन देखने के बाद पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने एक बयान दिया था। जिसपर पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज शाहिद अफरीदी ने पलटवार किया है। शाहिद अफरीदी के मुताबिक वह रमीज राजा का बयान सुनने के बाद हैरान हैं। उन्होंने इसके पलटवार में खरी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व दिग्गज ने रमीज राजा के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं रमीज राजा को सुनकर हैरान था कि हम इस तरह की पिच नहीं बना सकते हैं। पाकिस्तान में लंबे समय के बाद इंटरनेशनल मैच हो रहे हैं और हम ऐसी बातें कर रहे हैं। रमीज राजा ने कहा कि वो टर्निंग ट्रैक चाहते थे, लेकिन मेरे मुताबिक इस मौसम में ये काफी ज्यादा हो जाता। रावलपिंडी की पिच ने हमेशा तेज गेंदबाजों का साथ दिया है और यहां पर उछाल मिला है। उन्होंने इसे चेंज ही क्यों किया? हमें इस टेस्ट मैच को हारने का डर था और हम जीतना चाहते थे, लेकिन हमें तकनीक नहीं पता है।

### सुकांत कदम पैरा बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के तीसरे नंबर के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गये। इस भारतीय खिलाड़ी ने लीमा में खेले जा रहे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में ब्राजील के ब्रेनो जोहान को महज 21 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 21-9 से शिकस्त दी। रविवार को खेल जानेवाले सेमीफाइनल में उनके सामने ग्वाटेमाला के राउल एंगुइआनो की चुनौती होगी। कदम ने अपने ग्रुप चरण के अपने दोनों मैचों में फ्रांस के क्लेमेंट सरोबर्ट और लुडविंग एंक्विस चैना के खिलाफ सीधे गेम में जीत दर्ज की थी।

# बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन पर एफआईआर, उम्र में धोखाधड़ी का आरोप



### देश के नंबर-1 और दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी हैं लक्ष्य

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश के नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन के खिलाफ बेंगलुरु में एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर अपनी उम्र में हेराफेरी करने का आरोप है। एफआईआर में उनकी अकादमी (प्रकाश पादुकोण अकादमी) के कोच विमल कुमार, पिता धीरेंद्र सेन, मां निर्मला और भाई चिराग का नाम शामिल है। चिराग भी बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। लक्ष्य ने इसी साल बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। उन्हें बीते 30 नवम्बर को राष्ट्रपति भवन में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु में ही बैडमिंटन अकादमी चला रहे नगराजा एमजी की शिकायत के बाद केस दर्ज हुआ है। शिकायत में नागराजा का कहना है कि 2010 में लक्ष्य के कोच और उनके माता-पिता ने फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट बनवाया था। इस कारण लक्ष्य उम्र ज्यादा होने के बावजूद अलग-अलग एज ग्रुप में खेल पाए। बर्थ सर्टिफिकेट के मुताबिक, लक्ष्य सेन का जन्म 2001 में हुआ जबकि नागराजा का कहना है कि वह 1998 में पैदा हुए हैं। केस में आईपीसी की धारा 420 (चीटिंग), 468 (फर्जीवाड़ा) और 471 (फर्जी रिकॉर्ड) शामिल है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

**कोच ने आरोपों को नकारा :** लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स में विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले दो सालों में देश के लिए हर बड़े टूर्नामेंट में मेडल जीते हैं। विश्व बैडमिंटन महासंघ के अनुसार, 16 अगस्त 2001 को जन्मे लक्ष्य की आयु अभी 21 साल है। वहीं, स्टार शटलर के कोच विमल कुमार ने आरोपों को खारिज किया है।

# हॉकी में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से दी करारी शिकस्त

### दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में बिखर गयी भारतीय रक्षा पंक्ति

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां चौथे हॉकी टेस्ट मैच में भारत को 5-1 से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। पहले क्वार्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई जिसके बाद दिलप्रीत सिंह ने 25वें मिनट में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। पहले क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन बाद में वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई। दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों में भारतीय रक्षा पंक्ति बिखर गई जिसका फायदा उठाकर जेरेमी हेवर्ड (29वें) और जेक व्हीटन (30वें) ने 50 सेकेंड के अंदर दो गोल करके



ऑस्ट्रेलिया को मध्यांतर से पहले बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में पूरा दबदबा बनाया। टॉम विकम (34वें) ने उसकी बढ़त को मजबूत किया जबकि हेवर्ड ने 41वें मिनट में अपना दूसरा और टीम की तरफ से चौथा गोल किया। मैट डॉसन ने 54वें मिनट में भारतीय गोलकीपर कृष्ण पाठक को छका कर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पांचवा गोल दागा।

### पांचवा और अंतिम मैच खेला जायेगा आज

**भारत** ने बुधवार को तीसरे टेस्ट मैच में आखिरी क्षणों में गोल करके ऑस्ट्रेलिया को 4-3 से हराकर श्रृंखला में अपनी उम्मीदें जीवंत रखी थी। भारतीय टीम पहले टेस्ट मैच में 4-5 से हार गई थी जबकि तीसरे टेस्ट में ब्लैक गोवर्स की हैट्रिक के कारण उसे 4-7 से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। दोनों टीम के बीच पांचवा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा।

### चोटिल शमी की जगह टीम में उमरान शामिल

**ढाका (एजेंसी)।** भारतीय टीम को बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलना है। ताजा खबर यह है कि मोहम्मद शमी बांग्लादेश से बाहर हो गए हैं। समाचार एजेंसी के मुताबिक, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कथित तौर पर हाथ की चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं, शमी का टेस्ट में भी खेलना संदिग्ध है। शमी का बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर होने तय है, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि टेस्ट सीरीज में वो खेल पाएंगे या नहीं। शमी की जगह उमरान मलिक को टीम में शामिल किया गया है। टीम इंडिया के लिए यह सीरीज बहुत अहम मानी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया को सेमीफाइनल में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद टीम के कई दिग्गज खिलाड़ियों को आराम दे दिया गया था, जिनमें कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन, दिनेश कार्तिक, मोहम्मद शमी मुख्य रूप से शामिल थे।

# 15 साल बाद सौराष्ट्र विजय हजारे ट्रॉफी का चैम्पियन बना



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पुणे विजय हजारे ट्रॉफी सीजन 2022-23 के फाइनल में सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को पांच विकेट से हराकर खिताब जीत लिया। सौराष्ट्र 15 साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी का चैम्पियन बना, टीम ने 2007-08 में आखिरी बार खिताब उठाया था। सौराष्ट्र के ओपनर शेल्डन जैकसन ने 136 बॉल पर 133 रन बनाकर टीम को जीत दिलायी। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी महाराष्ट्र के ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने लगातार तीसरे नॉकआउट मैच में शतक जड़ा। उन्होंने 131 बॉल पर 108 रन की पारी खेली। वह रन आउट हुए। जिसके बाद महाराष्ट्र पहली पारी के 50 ओवर में 248 रन ही बना सका। सौराष्ट्र ने 46.3 ओवर में ही 249 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। पिछली बार हिमाचल प्रदेश ने विजय हजारे का खिताब जीता था। मुंबई ने इस बार की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। 13 दिसंबर से रणजी ट्रॉफी के 2022-23 सीजन की शुरुआत होगी।

- फाइनल में महाराष्ट्र को पांच विकेट से किया पराजित
- गायकवाड़ का नॉकआउट में लगातार तीसरा शतक, नहीं दिला पाये महाराष्ट्र को जीत

**काम न आया गायकवाड़ का शतक :** विजय हजारे ट्रॉफी में यह गायकवाड का अब तक का 12वां शतक है। वे इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतक जमानेवाले बल्लेबाज बन चुके हैं। उन्होंने कर्नाटक के रॉबिन उथप्पा और महाराष्ट्र के ही अंकित बावने का रिकॉर्ड तोड़ा है। उथप्पा-बावने ने टूर्नामेंट में 11-11 शतक जमाये हैं। गायकवाड ने इस सीजन में 5 मैचों में 220 की औसत से 660 रन बनाए।

### सीजन के टॉप-3 स्कोरर

**विजय** हजारे ट्रॉफी के इस सीजन में तीन दोहरे शतक लगे। इनमें तमिलनाडु के नारायण जगदीशन का वर्ल्ड रिकॉर्ड 277 का स्कोर भी शामिल है। जगदीशन ही इस सीजन के टॉप स्कोरर भी हैं। उन्होंने टूर्नामेंट के 8 मैचों में 138.33 के औसत से 830 रन बनाए। जगदीशन के ओपनिंग पार्टनर बी. साई सुदर्शन इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने सीजन के 8 मैचों में 76.25 के औसत से 610 रन बनाए। महाराष्ट्र के ओपनर ऋतुराज गायकवाड 5 मैचों में 220 के औसत से 660 रन बनाकर लिस्ट में दूसरे नंबर रहे।

# कप्तान रोहित शर्मा अभी से ही वनडे विश्व कप को नहीं देना चाहते तरजीह

**मीरपुर (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा वनडे विश्व कप के बारे में ज्यादा दूर की सोचकर चीजों को अव्यवस्थित नहीं करना चाहते और उनका कहना है कि उन्हें और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को बखूबी पता है कि वे अगले साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होनेवाले इस टूर्नामेंट में किस तरह का रवैया अपनाएंगे। यह पूछने पर कि क्या विश्व कप की तैयारियां रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से आरंभ होगी तो रोहित ने स्पष्ट किया कि विशेषकर इस टूर्नामेंट (विश्व कप) के बारे में विचार शुरू करने के लिए अभी समय है। रोहित ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व पत्रकारों से कहा कि हर बार जब भी आप एक मैच खेलते हो, यह किसी चीज की तैयारी के लिए ही होता है। विश्व कप में अभी आठ-नौ महीने (10 महीने) हैं। हम इतने दूर के बारे में नहीं सोच सकते। बतौर टीम हमें क्या करने की जरूरत है, हमें उस पर नजर रखनी चाहिए। रोहित ने कहा कि अगर वह ज्यादा जल्दी योजना बनाना शुरू कर देंगे तो इससे मदद नहीं मिलेगी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि टीम का थिंक-टैंक जानता है कि किस दिशा में आगे बढ़ना है। रोहित ने कहा कि हमारे लिए अहम है कि हम इतनी सारी चीजों के बारे में सोचना शुरू नहीं करें।

### पंत को बांग्लादेश में मौका दो, नहीं चला तो दूसरा विकल्प ढूंढने के लिए तैयार रहो

**भारतीय** टीम मैनेजमेंट ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को पिछले कुछ समय में कई मौके दिये हैं, हालांकि उन्होंने टेस्ट मैचों मे कई शानदार पारियां खेली, लेकिन लिमिटेड ओवर प्रारूप में पंत लगातार फ्लॉप रहे। उन्हें टी-20 विश्व कप में भारतीय टीम में शामिल किया गया, यहां उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इसके बावजूद मैनेजमेंट ने उन्हें न्यूजीलैंड दौरे पर खुद को साबित करने का मौका दिया, लेकिन इस दौरे में भी वह पूरी तरह फ्लॉप रहे। वहीं, अब पंत को बांग्लादेश दौरे में भी मौका दिया गया है, हालांकि इसी बीच पंत को टीम से बाहर करने की मांग तेज होती जा रही है। वहीं, अब ऋषभ पंत को लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सबा करीम ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनका मानना है कि भारतीय टीम पंत को बांग्लादेश दौरे में मौका दे, अगर वह फिर भी प्रभावित नहीं कर पाते हैं तो उनकी जगह कोई और विकल्प ढूंढने के लिए तैयार रहना चाहिए। सबा करीम ने कहा कि मैं बांगलादेश खिलाफ ऋषभ पंत के साथ जाऊंगा। मैं यह देखना चाहता हूं कि वो बांग्लादेश के खिलाफ इन तीन वनडे मैचों में किस तरह की परफॉर्मेंस देते हैं।

# बाबर का तूफान, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में जड़ा शतक

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान की पहली पारी में बाबर आजम ने अपने टेस्ट करियर का 8वां शतक ठोक दिया। बता दें कि बाबर साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट में 2000 रन से ज्यादा रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। इसके साथ-साथ पाकिस्तानी कप्तान अपने धरती पर 1000 रन टेस्ट रन पूरा करने में भी सफलता हासिल कर ली है। वहीं, साल 2022 में टेस्ट में यह बाबर का तीसरा शतक है। इसके अलावा साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट में आजम ने यह 7वां शतक ठोका है। इस मामले में दूसरे नंबर पर इंग्लैंड को जॉनी बेयरस्टो हैं जिन्होंने साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट में 6 शतक लगाए हैं। वहीं, इमाम उल हक ने इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में 5 शतक तो इंग्लैंड के जो रूट भी 5 शतक साल 2022 में इंटरनेशनल क्रिकेट में लगाने में सफल रहे हैं। बात करें रावलपिंडी टेस्ट मैच की तो इंग्लैंड ने पहली पारी में 657 रन का स्कोर खड़ा किया था जिसके बाद पाकिस्तान ने तीसरे दिख स्टंप तक सात विकेट पर 499 रन बना लिए हैं। जिसमें इमाम ने 121 और अब्दुल्ला शफीक114 रन बनाए थे। दूसरी ओर रावलपिंडी टेस्ट मैच को लेकर काफी बवाल मचा है। दरअसल, पिंडी की पिच बल्लेबाजों को पूरा मदद कर रही है। जिसके कारण ही दोनों टीम इस पिच पर दनादन रन बनाने में सफल रही है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने पिच की आलोचना की है और कहा है कि यह बकवास पिच है। पाकिस्तानी बोर्ड की खूब किरकिरी हो रही है।

### नसीम शाह ने सवाल पर टोका तो पत्रकार ने पार कर दी हदें

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** इंग्लैंड की टीम अभी पाकिस्तान दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट रावलपिंडी के मैदान पर खेला जा रहा है।



इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान के गेंदबाजों को जमकर धोया। हालांकि, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह ने 3 विकेट लिए। उन्होंने 24 ओवर में कुल 140 रन दिए। मैच के बाद नसीम शाह प्रेस कांफ्रेंस में पहुंचे जहां एक पत्रकार के सवाल का नसीम ने कुछ ऐसा जवाब दिया कि वहा मौजूद सभी लोग हंसने लगे। उसके बाद पत्रकार ने नसीम शाह को करारा जवाब दे दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने पिच की स्थिति के बारे में जानने के लिए नसीम शाह से सवाल किए।

पत्रकार ने कहा कि नसीम शाह साहब एक ऐसी ही पिच फैसलाबाद में थी तो ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज डेनिस लिली ने बॉलिंग करते वक्त कहा था कि जब मैं मर जाऊं तो मुझे इस विकेट पर दफन किया जाए..तो क्या आप समझते हैं कि ये एक ऐसा विकेट है? इस पर नसीम ने (पत्रकार को बीच में रोकते हुए) कहा सर आप मुझे भी मारने के चक्कर में हैं (सर, आप क्यों चाहते हैं कि मैं भी मर जाऊं) इस पर पत्रकार ने कहा अल्लाह ना करे (भगवान न करे)। हालांकि, यह कहने के बाद पत्रकार नसीम शाह के साथ बदसलूकी से पेश आए। उन्होंने कहा कि नसीम आप मेरी बात सुनें। आप मेरी सलवार कमीज देखकर ये न समझे की मैं नया आया हूं। मुझे सवाल पूछने दें...ये क्या तरीका है। जब आप पैदा नहीं हुए थे तब से मैं स्पोर्ट जर्नलिज्म कर रहा हूं। इस पर नसीम कहते हैं सॉरी सर.. आप पूछिए।

# फीफा वर्ल्ड कप : सर्बिया को शिकस्त देकर स्विट्जरलैंड अंतिम 16 में पहुंचा

### 3-2 गोल के अंतर से हारा सर्बिया

**दोहा (एजेंसी)।** स्विट्जरलैंड ने सर्बिया को 3-2 से हराकर विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार अंतिम-16 में जगह बनाई। ग्रुप जी के इस मैच में रेमो फ्रेयुलर (48वें मिनट) ने मध्यांतर के तुरंत बाद विजयी गोल दागा। इस जीत से स्विट्जरलैंड ग्रुप में ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर रहा। वह अंतिम 16 में मंगलवार को लुसैल स्टेडियम में पुर्तगाल का सामना करेगा।

जेरदान शाकिरी ने 20वें मिनट में स्विट्जरलैंड के लिए पहला गोल दागकर उसे बढ़त दिलाई लेकिन सर्बिया ने अलेक्जेंडर मित्रोविच (26वें मिनट) और दुसान व्लाहोविच (35वें मिनट) के गोल की मदद से शानदार वापसी की। ब्रेल एम्बोलो (44वें मिनट) ने मध्यांतर से ठीक पहले गोल करके स्विट्जरलैंड को बराबरी दिलाई। स्विट्जरलैंड इससे पहले ब्राजील से हार गया था जबकि उसने कैमरून को हराया था। ऐसे में सर्बिया के खिलाफ जीत से उसका अंतिम-16 में स्थान पक्का था। उसके और ब्राजील के समान छह अंक रहे, लेकिन दक्षिण अमेरिकी टीम बेहतर गोल अंतर के कारण ग्रुप में शीर्ष पर रही। स्विट्जरलैंड की टीम ब्राजील में खेले गए 2014 के विश्वकप और इसके चार साल बाद रूस में भी अंतिम 16 में पहुंची थी। उसे हालांकि इन दोनों विश्वकप में क्रमशः अर्जेंटीना और स्वीडन से 1-0 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा था।



### कैमरून से हार के बावजूद ग्रुप में शीर्ष पर रहा ब्राजील

**विंसेंट** अबूबकर के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में किए गए गोल की बदौलत कैमरून ने ब्राजील को 1-0 से पराजित करके उसे पिछले 24 वर्षों में विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण में पहली हार का स्वाद चखाया, लेकिन इसके बावजूद पांच बार का चैंपियन ग्रुप जी में शीर्ष पर रहकर नॉकआउट चरण में पहुंचा। अबूबकर ने ब्राजील के गोलकीपर एडरसन हो छकाकर हैडर से गोल किया और इसके बाद जश्न में अपनी शर्ट उतार दी। कैमरून के कप्तान ने कॉर्नर फ्लैग के पास में अपनी शर्ट फेंकी जिसके बाद रेफरी ने उन्हें पीला कार्ड दिखा दिया। यह उनका दूसरा पीला कार्ड था, जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर होना पड़ा। कैमरून ने इससे पहले विश्वकप में पिछले नौ मैचों में जीत दर्ज नहीं की थी। ब्राजील इस मैच में अपने रिजर्व खिलाड़ियों के साथ उतरा था। उसने 1998 फ्रांस में नार्वे के हाथों 2-1 से हार के बाद ग्रुप चरण में लगातार 17 मैच जीते थे। यह उसकी विश्वकप में ग्रुप चरण के पिछले 29 मैचों में पहली हार है।